उभय कालों में समाज के अन्दर नाना प्रकार की विषमतायें जन्म ले रही थी। भक्तिकाल में तो महान आत्माओं की दिव्य वाणी ने इन विषमताओं पर करारा प्रहार कर दूर करने का प्रयास भी किया, परन्तु जब वृक्ष अपना विशाल रूप ले लेता है तब उसे उसी रूप में अपनाना पड़ता है उसे टेढ़ा या सीधा नहीं किया जा सकता है, हाँ काटा–छाँटा अवश्य जा सकता है। पन्द्रहवीं शताब्दी में सामाजिक स्थिति अव्यवस्थित थी। राजनीतिक और धार्मिक परिस्थितियों की विषमता, अव्यवस्था और परम्परा ने समाज को जर्जर कर दिया था। जब तक समाज व्यवस्थित नही होता, तब तक किसी भी विचार या सिद्धान्त का प्रसार संभव नही हैं। यही कारण है कि कबीर अनुभूति सम्पन्न संत और कवि होते हुए भी समाज की अनिश्चित परिस्थितियों के प्रति उदासीन नही रह सकें और वे भक्ति–आन्दोलन के प्रमुख प्रवर्तकों में होते हुए भी समाज–सुधार के अग्रणी भी बने।

की–वर्ड – विषमतायें, महान आत्माओं, पन्द्रहवीं शताब्दी, अव्यवस्था और परम्परा, धार्मिक परिस्थितियाँ, भक्ति–आन्दोलन, समाज–सुधार।

आदिकालीन एवं भक्तिकालीन परिस्थितियों का संक्षिप्त विवरण–

आदिकालीन एवं भक्तिकालीन साहित्य में काव्य–प्रवृत्तियों का जिस रूप में उत्थान–पतन हुआ है। उससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उस युग में समाज में घात–प्रतिघात की विषम स्थिति विद्यमान थी। दार्शनिकता, रहस्यवादिता, वामाचार, निराकार, सामंत और जनता, नारी का भोग और नारी की निन्दा, कोमल भावों का स्पन्दर एवं युद्धों की ललक, नीति और विवेचन एवं सौन्दर्य वर्णन के न जाने कितने रूप हैं जिनको आदिकाल एवं भक्तिकाल में देखने को मिलता है। साहित्य और समाज का घनिष्ठ सम्बन्ध है। दोनों एक–दूसरे को परस्पर प्रभावित करते हैं। अतः हिन्दी साहित्य भी आदिकाल से इस देश की धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों से प्रभावित होता रहा है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण साहित्य में होने वाले इसी परिवर्तन को कालक्रमानुसार साहित्य का इतिहास कहा जाता है। कालानुसार हिन्दी साहित्य के आज तक के इतिहास को चार वर्गों में विभाजित किया जाता है। जिसका वर्गीकरण इस

प्रकार हैं–

1. आदिकाल (वीरगाथा काल)– संवत् 800 वि.सं. 1365 तक।

2. पूर्व मध्यकाल (भक्तिकाल) –संवत् 1365 वि.सं. 1700 तक।

3. उत्तर मध्यकाल (रीतिकाल) संवत् 1700 वि. सं. 1900 तक।

4. आधुनिक काल– संवत् 1900 वि. से अब तक।[1]

अतः किसी भी काल की साहित्यिक गतिविधियों को यथार्थ रूप में समझने के लिये उस समय के साहित्य को तत्कालीन वाह्य परिस्थितियों के आलोक में देखना अनिवार्य सा हो जाता है। अतः उभयकालों की परिस्थितियों का संक्षिप्त विवेचन इस प्रकार है–

1. धार्मिक परिस्थिति
2. सामाजिक परिस्थिति
3. राजनीतिक परिस्थिति
4. साहित्यिक परिस्थिति
5. सांस्कृतिक परिस्थिति ।

1. धार्मिक परिस्थिति – धर्म का प्रारम्भ ही इस चेतना से होता है कि जीवन केवल हमारा नही है। इसे आधार देने वाला तो कोई और है, जो हमारे सीमित एवं शुद्ध जीवन की अपेक्षा विस्तृत और महान है। धर्म मनुष्य के इसी वृहत् जीवन के अनुसंधान की प्रक्रिया है। प्रक्रिया में धर्म किसी भी पंथ, संप्रदाय या धर्मशास्त्र को सत्य का अन्तिम उद्घोष नही मान सकता। इस उक्ति में धर्म का ब्रह्माचारों से प्रयास सम्बन्ध न होने की पुष्टि होती है। इसमें हिन्दुत्व, ईसाइयत और इस्लाम समभाव है। धर्म तो आत्म शक्ति का सोपान है चरम, मानवीय गुणों का सन्निवेश है। गाँधी जी यही मत व्यक्त करते हैं कि–

'मैं धर्म किसी भी ऐसी व्याख्या को मानने से इंकार करता हूँ, जो महाविद्वानों की होने पर भी नैतिक भावना और बुद्धि के विरुद्ध है।'[2]

आदिकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि धार्मिक क्षेत्र में थी। इस काल में बौद्ध–धर्म, जैन धर्म, शैव धर्म आदि विशेष रूप से प्रचलित थे। इस काल में धर्म का जो बीज बोया गया वह मध्य–युग में अंकुरित होकर पल्लवित होने लगा, अतः इस युग के धर्म का प्रभाव भक्तिकाल में देखने को मिलता है।

1. बौद्ध धर्म– आदिकाल में बौद्ध धर्म का अत्याधिक प्रचार था। इस धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध थे। बुद्ध जी के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। शैशवकाल से ही राजकुमार सिद्धार्थ एश्वर्य–बहुल परिवेश में भी क्रान्तिप्रिय और चिन्तनशील थे। मानव–जीवन की अस्थिरता तथा निरर्थकता ने इन्हें विरक्त जीवन की ओर अग्रसर किया। गृह–परित्याग के उपरान्त इन्होंने ज्ञान की प्राप्ति के लिये अनेक स्थानों का भ्रमण किया व कठोर तपस्या की, परन्तु इसके उपरान्त भी इन्हें ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। एक बार जब वे पीपल के वृक्ष के नीचे आसीन थे, उन्हें चिरवांछित सत्य के दर्शन हुये। इस प्रकार उन्हें बोधि की प्राप्ति हुई और बुद्ध हो गये।

महात्मा बुद्ध ने जिस सत्य का दर्शन किया वह नितान्त सूक्ष्म था, अतएव सर्वसाधारण को इसका परिचय देना आवश्यक नही समझा, परन्तु प्राणि समुदाय की निस्सीम वेदना पर पुन–पुनः विचार कर उनका हृदय सदय हुआ तथा अपने निश्चय को उन्हें बदलना पड़ा।

महात्मा बुद्ध ने तीन उपदेश दिये–

1. धर्मचक्र प्रवर्तन उपदेश,
2. आर्य सत्य का उपदेश,
3. निर्वाण प्राप्ति का उपदेश।[3]

इस प्रकार आदिकाल में बौद्ध धर्म पूर्णतया प्रचलित और विकसित था।

2. जैन धर्म– आदिकालीन धार्मिक क्रान्ति में बौद्ध धर्म की भाँति जैन धर्म का भी महत्वपूर्ण स्थान था। जैन धर्म के प्रवर्तक महावीर थे। इनका निवास स्थान वैशाली था। बुद्ध की भाँति इनका जन्म भी ऐश्वर्य–बहुल परिवार में हुआ था। माता–पिता की मृत्यु के पश्चात् तीस वर्ष की अवस्था में इन्होंने गृह त्याग दिया। बारह वर्ष तक लगातार तपस्या के उपरान्त इन्हें ज्ञान का दर्शन हुआ, जिसके द्वारा इन्होंने सुख–दुख के बन्धनों में विजय प्राप्त की। इसके उपरान्त ये 'जिन' अर्थात् जीतने वाले कहलाये। 'जिन' शब्द से ही 'जैन' शब्द की उत्पत्ति हुई। महावीर ने ज्ञान प्राप्त करने के विपरीत तीस वर्ष तक जन समुदाय में अपने धर्म का उपदेश दिया।

3. शैव धर्म – छठी शताब्दी के उपरान्त अभ्युदित प्रमुख भारतीय धर्मों में शैव धर्म का विशिष्ट स्थान था। यद्यपि यह धर्म वेदोत्तरकाल में ही अपने महत्वपूर्ण स्तर को प्राप्त कर सका। तथापि इस धर्म के उपास्य देव शिव की उपासना के तत्व पहले से मिलने लगते हैं। जहाँ तक वैदिक संस्कृति का सम्बन्ध है ऋग्वेद काल में शिव के रौद्र–रूप की पूजा होती थी, पर आगे चलकर यजुर्वेद

संहिता के काल में रुद्र के स्वरूप में परिवर्तन होने लगा। जबकि ऋग्वैदिक रुद्र का रूप उग्र है। यजुर्वेद में निरूपित रुद्र भयंकर होने के साथ–साथ पापनाशक तथा मंगलकारी भी है–

'या ते रुद्र शिवा तनूरघोटा पापनाशिनी।
असौ..... सुमंगलम्।।'[4] – शुक्ल यजुर्वेद

उक्त वैदिक धारणा की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता इस रूप में भी मानी जा सकती है कि वेदोत्तरवर्ती काल में शैव धर्म में अनेक परिवर्तनों एवं परिवद्धनों के अविर्भूत होने पर भी इसका निर्वाह होता रहा। पौराणिक वाङमय में जो परिवर्ती काल का प्रतिनिधि साहित्य है, रुद्र शिव के वैदिक स्वरूप का प्रभाव अनेक स्थलों पर दिखाई देता है। वैदिक साहित्य में बहुधा उनके उग्र रूप का वर्णन मिलता है। ऋग्वेद के एक छन्द में रुद्र के पुरुषघातक तथा गोघातक शस्त्र वर्णित किये गये हैं–

भक्तिकाल की धार्मिक परिस्थिति –

भक्तिकाल की धार्मिक परिस्थिति को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

(क) बौद्ध धर्म की विकृत परिस्थिति ।

(ख) वैष्णव धर्म की परम्परागत परिस्थिति।

इनके अतिरिक्त एक तीसरी विदेशीय धार्मिक परिस्थिति ने भी भारत में स्थान बनाया। जिसे हम सूफी धर्म कहते हैं।

(क) बौद्ध धर्म की विकृत परिस्थिति – महात्मा बुद्ध के महानिर्वाण के पश्चात् बौद्ध धर्म दो सम्प्रदायों में विभक्त हुआ–हीनयान और महायान । हीनयान में सिद्धान्त प्रश्न की दार्शनिक जटिलता थी। अतः कम लोगों की आस्था उस पर टिक सकी। महायान में सिद्धान्त के स्थान पर व्यवहार पक्ष की प्रधानता थी। उसमें आचार संबंधी पवित्रता को ही निर्वाण का साधन माना गया और उसमें सभी वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने की आज्ञा मिली। हीनयान अधिक कट्टरता के कारण संकुचित होता चला गया और महायान अधिक उदारता के कारण विकृत। शंकर तथा कुमारिल भट्ट ने बौद्ध धर्म पर प्रखर प्रहार किया और वैदिक धर्म का पुनरुद्धार किया। महायान सम्प्रदाय ने जनता के असंस्कृत वर्ग को जन्त्र–मन्त्र, अभिचार तथा चमत्कारबाजी से वशीभूत किये रखा, इसी कारण उसका नाम कालान्तर में मन्त्रयान पड़ा। इसके साथ नाम मार्ग भी चल रहा था जिसमें स्त्रियों को वश में करने के लिये नाना प्रकार के जन्त्र–मन्त्र, अभिचार आदि का प्रयोग किया जाता था।

स्पष्ट है कि भक्तिकाल के प्रारम्भ में ही बौद्ध धर्म अपनी असमानता के कारण पूर्णतया समाप्त हो चुका था और उसके परिष्कर स्वरूप में सिद्धों और नाथों के सिद्धान्त प्रचलित हुए, जो सन्त कवियों एवं उनके काव्य की धार्मिक पृष्ठभूमि बने।

(ख) वैष्णव धर्म की परम्परागत परिस्थिति – भक्तिकाल में भक्ति की लहर दक्षिण से आई। शंकर से बहुत पहले दक्षिण देश में आलवर सन्तों का प्रसार एवं प्रचार हुआ। शंकर ने बौद्ध धर्म के विरोध में अद्वैतवाद का प्रचार किया। इसकी प्रतिक्रिया में अनेक दार्शनिक संप्रदाय चल निकलें जिनमें नारायण की भक्ति पर विशेष बल दिया गया और जनता को भक्ति का स्थूल आश्रय मिला। उसमें विष्णु के अवतारों में राम और कृष्ण की कल्पना हुई रामानन्द ने भक्ति का द्वार सबके लिये खोला और जनभाषा में अपने सिद्धान्तों का प्रचार किया। इनसे पूर्व के आचार्यों ने संस्कृत में अपने सिद्धान्तों का प्रचार किया था और उनके उपदेश सुसंस्कृत जनता तक ही सीमित थे। रामानन्द ने तुलसी के लिये बहुत कुछ मार्ग प्रशस्त कर दिया। मन और कर्म की शुद्धता एवं राम भजन तुलसी की भक्ति का निचोड़ कहा जा सकता है।

अन्य धर्म तथा धार्मिक प्रचलन–

उपर्युक्त धर्मों के अतिरिक्त आदिकाल एवं भक्तिकाल के भारतीय समाज में कतिपय अन्य देवी–देवताओं की उपासना होती थी, जिनमें सूर्य, शक्ति, स्कन्द, ब्रह्मा तथा कुबेर आदि उल्लेखनीय है। सूर्य की उपासना वैदिककाल से ही चली आ रही थी। इस समय सूर्य के उपासक व्रत, दान तथा मूर्तिपूजा में विश्वास करने लगे। गुप्त काल में सूर्य मन्दिर विद्यमान थे। शक्ति के उपासक रुद्राणी, शिवा, पार्वती, लक्ष्मी तथा सरस्वती आदि देवियों की पूजा करते थे। शक्ति पूजा के अवसर पर माँस तथा मदिरा का प्रयोग बहुलता के साथ किया जाता था। जनसमुदाय में इसके अतिरिक्त नाग यज्ञ तथा गंधर्व एवं वृक्ष की पूजा प्रचलित थी। धीरे–धीरे सर्वसाधारण के धर्म में पौराणिक कथा, धार्मिक उत्सव, व्रत, दान, दीक्षा तथा तीर्थयात्रा आदि का विकास हुआ। जिसमें तीर्थयात्रा एक ऐसा धार्मिक निष्पादन है, जिसका आचरण दरिद्र भी कर सकते हैं, यथा–

'बहुपकरणा यज्ञा नानासं भरविस्तराः,
प्राप्यन्ते पार्थिबैरेतै – समृद्धैर्वा नरैः क्वचित् ।

यो दरिद्ररपि विधिः शक्य..... तुल्यो यज्ञफलैः
तीर्थाभिगमनं पुण्यं यज्ञैरपि विशिष्यते ।[5]

इस विकास क्रम को देखते हुये कहा जा सकता है कि मध्ययुग के आविर्भाव के पूर्व आदिकाल में धर्म का स्वरूप अनेकांगी हो चुका था। इस समय नाना धार्मिक विश्वासों का उद्‌भव हुआ, जिनका मध्यकालीन धर्म के स्वरूप के निर्धारण में महान योगदान था।

सामाजिक परिस्थिति–

आदिकाल एवं भक्तिकाल की दूसरी उपलब्धि सामाजिक क्षेत्र में हैं। साहित्य तथा समाज का घनिष्ठ सम्बन्ध होता है, अतः दोनों परस्पर एक–दूसरे को प्रभावित करते हैं। समाज में जैसी परिस्थितियाँ होती हैं और समयानुसार जो परिवर्तन होता है, उसका सीधा प्रभाव साहित्य पर पड़ता है। इस प्रकार साहित्य की अनुभूतियाँ समाज निरपेक्ष नहीं हो सकतीं। सन् 1938 में भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के कलकत्ता आधिवक्ता अधिवेशन के प्रस्ताव में कहा गया था– 'प्रत्येक भारतीय लेखक का कर्तव्य है कि वह भारतीय जीवन में होने वाले पारिवर्तनों को अभिव्यक्ति दे और साहित्य में वैज्ञानिक बुद्धिवाद का समावेश करके देश में क्रान्ति की भावना के विकास में सहयोग पहुँचाये । साहित्य समीक्षा में ऐसे दृष्टिकोण का विकास करना चाहिये जो परिवार, धर्म, काम, युद्ध और समाज के प्रश्नों पर सामान्यतः प्रतिक्रियाशील तथा पुराणपंथी प्रवृत्तियों का विरोध करें। उन्हें ऐसी साहित्यिक परिस्थितियों का विरोध करना चाहिये, जो साम्प्रदायिकता, द्वेष तथा मनुष्य का शोषण की भावना को प्रतिबिम्बित करता हो।'[6]

आदिकाल और भक्तिकाल, उभय ही कालों में सामाजिक परिस्थितियों की दशा अच्छी न थी, क्योंकि जिन युगों में धार्मिक एवं राजनीतिक परिस्थतियाँ ही दीन–हीन दशा में हों, उसमें उच्च सामाजिकता की विशेष आशा नही की जा सकती है। इन दोनों ही युगों में समाज की निम्नांकित दशायें देखी जा सकती है–

1. ब्राह्मणों की स्थिति, 2. भोग–विलास में आसक्ति, 3. गुलामी का अभिशाप, 4. सामाजिक संस्थायें, 5. स्त्रियों की दीन–हीन दशा, 6. भिक्षावृत्ति, 7. अन्धविश्वास, 8. दास–प्रथा, 9. सतीदृप्रथा, 10. सामाजिक वैषम्य आदि ।

1. ब्राह्मणों की स्थिति – आदिकाल के पूर्ण विकसित समाज में चार वर्णों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र की कल्पना की गई थी। वैदिक काल में ब्राह्मण समाज का महान निदेशक था। वेद की विभिन्न शाखाओं तथा वेदांग का अध्ययन कर आचार्य या पुरोहित के कार्य चुन लेते थे, किन्तु दसवीं सदी के पूर्व से ही ब्राह्मण षट्‌कर्म को छोड़कर विभिन्न कार्यों द्वारा जीविकोपार्जन करने लगे। वैश्य के व्यवसाय को भी ब्राह्मणों ने अपनाया था। व्यापार, सूदखोरी तथा पशुपालन के अतिरिक्त कृषि का कार्य भी ब्राह्मण करने लगे थे।

2. भोग विलास में आसक्ति – आदिकाल में जितने भी राजपूत हुए उनकी भोग–विलास के प्रति भी खूब आसक्ति थी। उस समय के जन सामान्य में मनोबल की कमी थी। इस सामाजिक अवस्था का चित्र तत्कालीन हिन्दी साहित्य में पूर्ण रूप से चित्रित हुआ है। राजाओं का जीवन विलासमय था । एश्वर्याभिभूत नृपति वर्ग का अधिकांश समय अन्तःपुर में अपनी महिषियों, उपपत्नियों तथा रक्षिताओं के साथ रंगरेलियाँ में बीतता था। राजा बहुपत्नीक थे। राजकुमारों को रणनीति, व्याकरण, तर्कशास्त्र, काव्य, नाटक, कामशास्त्र, गणित, मंत्र–तंत्र एवं वशीकरणादि की नाना विधियों से शिक्षा दी जाती थी। स्त्री के सम्बन्ध में उस समय के समाज की धारणा कोई उच्च न थी। उसे केवल भोग और विलास की सामग्री मात्र समझा गया। बीसलदेव रासो की नायिका के करुण–कृन्दन में कदाचित् मध्ययुगीन रसिक पुरुष की वासना से अभिभूत तत्कालीन नारी–समाज का चीत्कार ध्वनित हो उठा है –

'अस्त्रीक जनम कोउ दीघउ महेस।
अवसर जनम धारई घण रे नरेस ।।'[6]

3. गुलामी का अभिशाप – चारण काल में मुसलमान शासकों ने अस्पृश्यों की तरह गुलाम नियुक्त कर एक पृथक समूह पैदा कर दिया था, जिन्हें बन्दगाने खास कहते थे। किसी राजा के पास गुलामों की संख्या सीमित न थी। अलाउद्दीन खिलजी तथा फिरोज तुगलक के शासन काल में गुलामों का संख्या में अपूर्व वृद्धि हुई। सुल्तान ने उनके प्रबन्ध के लिये स्यात् एक पृथक् विभाग निश्चित कर दिया था। कभी–कभी अधीनस्थ राजा सुल्तान को गुलाम ही भेंट दिया करते थे। गुलामों के लिये केन्द्रीय कोष से पर्याप्त धन व्यय किया जाता था तथा सुल्तान के गुणग्राही होने पर गुलाम अच्छे पद पर नियुक्त किये जाते थे। अन्य देशों से भी गुलाम मँगाने की प्रथा इस युग में प्रचलित थी।

4. सामाजिक–संस्थायें – आदिकाल और भक्तिकाल में सामाजिक संस्थायें मिलती जुलती ही हैं। आश्रम की महत्ता सर्वत्र विद्यमान थी। जयपाल देव नामक

शासक ने पचास वर्ष की आयु में राज्य छोड़ दिया और गंगा के किनारे तपस्या आरम्भ की। उसी प्रसंग में अनशन द्वारा शरीर त्यागने की बात उल्लिखित है–श्अन्तेचानशनं कृत्वा स्वर्ग समागतः संभवत रू उस समय आश्रमों की पूरी अवधि (यानी मनुष्य का जीवन) सौ वर्ष की मानी गई थी, इसलिये पचास वर्ष की अवस्था में वानप्रस्थ आश्रम करना श्रेयस्कर समझा जाता था।

5. स्त्रियों की दीन–हीन दशा – हिन्दी प्रदेश के अभिलेखों से यह पता चलता है कि चाहें वो आदिकाल हो या भक्तिकाल, दोनों ही कालों में स्त्रियों की स्थिति का विवरण विशेष रूप से नहीं मिलता, परन्तु कन्नौज के राजा के लेखों में उल्लेख पाया जाता है कि प्राचीन समय में बालिकाओं का भी यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न किया जाता था, परन्तु मध्य युग में यह प्रथा प्रचलित न थी और आलोच्यकाल की स्मृतियों में वर्णन मिलता है कि ऋतुकाल से पूर्व ही कन्या का विवाह कर देना चाहिये, अन्यथा कन्या के माता–पिता तथा भ्राता नरक के भागी होते हैं–

'माता चौव पिता ज्येष्ठ भ्राता तथैव च ।
त्रयस्ते नरक यान्ति दृष्ट्वा कन्या रजस्वलाम् ।'[7]

सम्भवतः धार्मिक परिस्थितियों ने भी कन्या की वैवाहिक अवस्था कम करने में हाथ बटाया। इन्हीं कारणों से युवावस्था से पूर्व ही विवाह सम्पन्न व होने लगे, जिस कारण न तो वे शिक्षित हो ही पाती थी। और न ही उन्हें कोई पारिवारिक ज्ञान रहता था। फलतः उन पर बात–रूपी चोटों का प्रहार किया था और वे तड़प–तड़प कर मरने में विवश हो जाती थी। प्राचीन और भक्तिकाल में स्त्रियों की दीन–हीन दशा के विषय में पढ़कर द्विवेदी, युगीन डॉ. मैथली शरण गुप्त का अन्तःकरण अत्यन्त ही द्रवित हो उठा और उनकी आत्मा से ये उद्‌गार कविता के रूप में इस प्रकार निकल पड़े–

'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी।
आँचल में है दूध, आँखों में है पानी'।।

6. भिक्षावृत्ति – आदियुग एवं मध्ययुग की प्रशस्तियों के अध्ययन से प्रकट होता है कि समाज में भिक्षावृत्ति को रोकने का उचित प्रबन्ध किया गया था। प्राचीन काल में दान, विशेषकर गृहस्थों के लिये, एक पवित्र कार्य था। स्मृति ग्रन्थों में इसका उल्लेख मिलता है कि याति तथा ब्रह्मचारी को भिक्षा दी जाय, क्योंकि ये भिक्षा पर ही जीवित रहते थे। वृद्ध हारीत ने ऐसा ही लिखा है–

'यतिश्च ब्रह्मचारी च उभौ भिक्षाशिनौ स्मृतौ।
भिक्षा दयात् प्रयत्नेन यतीनाम् ब्रह्मचारिणाम्।।'[9]

समाज में भिक्षावृत्ति का प्रसार होने पर यति या ब्रह्मचारी के अतिरिक्त अन्य लोग भी भिक्षु बनकर पेट पालने लगे। जिस समय से भिक्षाटन का संगठित रूप सामने आया, लोगों ने इस बुराई को मिटाने का प्रयत्न आरम्भ कर दिया। व्यक्तिगत भिक्षाकार्य बन्द कर, संस्थाओं को दान देने की प्रवृत्ति काम करने लगी। इसीलिये प्रशस्तियों में मदिरों तथा शिक्षा संस्थाओं के दान का वर्णन पाया जाता है। भिक्षावृत्ति के विरोध का दूसरा मार्ग 'सत्रश की स्थापना थी, जहाँ पंगु और दुःखी लोगों को भोजन बाँटने का प्रबन्ध था। ये सत्र (भिक्षा देने के स्थान) मंदिरों से सम्बन्धित रहते थे, जिसका उल्लेख 'बलि चरु सत्र' वाक्य से लेखों में किया गया है। बलि का अर्थ पूजा तथा चरु को यज्ञादि भाव में व्यवहृत किया जाता था। सत्र को भिक्षागृह के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है।

7. अन्धविश्वास – हिन्दू समाज में तन्त्र–मन्त्र का रिवाज प्राचीनकाल से ही चला आ रहा है। मंत्र फूंकना, जादू–टोना तथा सम्मोहन आदि की चर्चा साहित्य में मिलती है। आदियुग तन्त्र का ही युग माना जाता है। बौद्ध धर्म में मन्त्रयान के अनुयायी अर्थ वाक्य या धरणी का उच्चारण करते थे। लोगों का ऐसा विश्वास था कि मंत्र के जपने या उच्चारण करने से मनुष्य दैवीय शक्ति प्राप्त करता है ताबीज पहनना, शकुन निकालना, इष्ट सिद्धि के लिये बलिदान, भूत पर विश्वास आदि विभिन्न अंधविश्वासों पर सामान्य जनता की आस्था थी। सबसे प्रधान विश्वास स्वर्ग तथा नरक की भावना मानी जा सकती है।

डॉ. रामविलास शर्मा ने कबीर अदि सन्त कवियों की इसी महत्ता को मुक्त कंठ से स्वीकार करते हुए लिखा है–

8. दास प्रथा– प्राचीनकाल अव्यवस्थित सामाजिक स्थिति का था। राजागण परस्पर और विदेशियों से लड़ते रहते थे। जनता की उन्हें कोई चिन्ता नहीं थी। राजाओं का अपना व्यक्तिगत सम्मान ही उनकी मूल–चिन्ता का विषय बना हुआ था, न कि प्रजा की सुख–सुविधा का ध्यान रखना। वे उनको अपना दास बनाये हुये थे और उनसे अपनी सारी व्यवस्थाओं की पूर्ति करवाते थे, जिससे जनता अत्यन्त ही क्षुब्ध रहती थी। स्पष्ट है कि प्राचीनकाल में जनता राजा के हुक्म पर आश्रित थी व राजा जो कहते थे वही उनको करना पड़ता था, चाहे अच्छा काम हो या बुरा । उस काल की प्रजा स्वतन्त्र जीवन जी पाने में असमर्थ थी,

जिस कारण दास प्रथा का पालन करते हुए अपना जीवन निर्वाह कर रही थी।[10]

9. सतीप्रथा– आदिकाल एवं भक्तिकाल दोनों में सती प्रथा का मिला–जुला असर था। कारण यह था कि बाल–विवाह के कारण समाज में विधवाओं की संख्या में वृद्धि हो रही थी। कलयुग में विधवा विवाह को निषिद्ध माना गया। अल्बरुनी ने भी ऐसा ही विचार व्यक्त किया है, जो तत्कालीन समाज का चित्र प्रकट करता है। जहाँ तक विधवाओं का प्रश्न है, सभी धर्मशास्त्रकारों ने स्पष्ट लिखा है कि वे संस्मरण की रीति का पालन करें। पति की चिता पर साथ मरना श्रेयस्कर माना गया। अतः सहमरण का प्रचार होता गया। अरब लेखकों ने तो सहमरण को सती की संज्ञा दी है। वीर जातियों में पति की मृत्यु का समाचार सुनकर अग्नि में जल भरना (अनुसरण) प्राचीन युग और मध्ययुग की विशेषता थी। राजपूत इतिहास में इसे जौहर कहा गया है। अल्बेरुनी ने लिखा है कि रानियों को अनिच्छा रहने पर भी पति (राजा) के साथ जलना पड़ता था। वर्तमान समय में सती–स्मारक प्राचीन प्रथा की याद दिलाते हैं।

10. सामाजिक वैषम्य आदि– समाज का सम्बन्ध एक ओर तो राजनीति से है, दूसरी ओर धर्म से। जब राजनीतिक परिस्थितियाँ अव्यवस्थित होती हैं तो समाज के आचरण और व्यवहार में भी उच्छृखलता आ जाती है। प्राण और धन हानि की आशंका से सिर के ऊपर झूलती हुई तलवार की भाँति जिस समाज के ऊपर हो उसकी आचरण–प्रवणता कैसे सुरक्षित रह सकती है?तब ऐसे समय में नाना प्रकार की विषमतायें जनम ले लेती हैं जैसे जाति–पाति का भेद, हिन्दू–मुसलमानों में वैमनस्य, सम्प्रदायों का बंट जाना, धर्म का खंडन–मंडन हो जाना आदि । अतः कहा जा सकता है कि उभय कालों में समाज के अन्दर नाना प्रकार की विषमतायें जन्म ले रही थी। भक्तिकाल में तो महान आत्माओं की दिव्य वाणी ने इन विषमताओं पर करारा प्रहार कर दूर करने का प्रयास भी किया, परन्तु जब वृक्ष अपना विशाल रूप ले लेता है तब उसे उसी रूप में अपनाना पड़ता है उसे टेढ़ा या सीधा नहीं किया जा सकता है, हाँ काटा–छाँटा अवश्य जा सकता है।

इस भाँति पन्द्रहवीं शताब्दी में सामाजिक स्थिति अव्यवस्थित थी। राजनीतिक और धार्मिक परिस्थितियों की विषमता, अव्यवस्था और परम्परा ने समाज को जर्जर कर दिया था। जब तक समाज व्यवस्थित नही होता, तब तक किसी भी विचार या सिद्धान्त का प्रसार संभव नही हैं। यही कारण है कि कबीर अनुभूति सम्पन्न संत और कवि होते हुए भी समाज की अनिश्चित परिस्थितियों के प्रति उदासीन नही रह सकें और वे भक्ति–आन्दोलन के प्रमुख प्रवर्तकों में होते हुए भी समाज–सुधार के अग्रणी भी बने।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. हिन्दी नवनीत – डॉ. राम स्वरूप त्रिपाठी, पृष्ठ संख्या – 31 ।
2. संस्कृत के चार अध्याय – रामधारी सिंह 'दिनकर', पृष्ठ संख्या – 57।
3. हिन्दी साहित्य – प्रथम खण्ड, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ संख्या – 62 ।
4. हिन्दी साहित्य –प्रथम खण्ड, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ संख्या – 74।
5. हिन्दी साहित्य – प्रथम खण्ड, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ संख्या – 78।
6. हिन्दी साहित्य – युग और प्रवृत्तियाँ, डॉ. शिवकुमार शर्मा, पृष्ठ संख्या – 29।
7. हिन्दी साहित्य – प्रथम खण्ड, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ संख्या – 122।
8. हिन्दी नवनीत – डॉ. रामस्वरूप त्रिपाठी, पृष्ठ संख्या – 151।
9. हिन्दी साहित्य – प्रथम खण्ड, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ संख्या – 126।
10. हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास – डॉ. राजनाथ शर्मा, पृष्ठ संख्या – 141।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

महिला उद्यमिता एवं आर्थिक सशक्तीकरण : एक विवेचन

Received: 17 January, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23018814
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– डॉ. राकेश कुमार
असि. प्रोफेसर–वाणिज्य विभाग,
रामसहाय राजकीय महाविद्यालय,
शिवराजपुर, कानपुर नगर – 209502
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
drrakeshkumarrawal77@gmail.com

सारांश

महिलाओं की उद्यमशीलता और आर्थिक भागीदारी के महत्व को स्वीकार करते हुए देश के विकास और समृद्धि को संभव बनाने के लिए भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी नीतिगत कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जाएं। सरकार ऋण, नेटवर्क बाजार और प्रशिक्षण तक पहुँच प्रदान करके महिलाओं को अर्थव्यवस्था की अगली पंक्ति में लाने का प्रयास कर रही है। महिला उद्यमियों को आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत माना गया है। वे स्वयं और दूसरों के लिए रोजगार का सृजन करती है साथ ही प्रबन्धन, संगठन और व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के लिए समाज को समाधान प्रदान करती है। फिर भी भारतीय उद्योग क्षेत्र में उन्हें बहुत अधिक प्रतिनिधित्व नहीं मिलता। महिलाओं की उद्यमशीलता परिवारों और समुदायों के आर्थिक कल्याण, गरीबी उन्मूलन और महिला विकास लक्ष्यों (एम.डी.जी.) को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी कारण से विश्व भर की सरकारें और विभिन्न विकास संगठन अपनी योजनाओं और प्रोत्साहनपरक उपायों के माध्यम से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

की वर्ड – उद्यमशीलता, भागीदारी, नेटवर्क, अर्थव्यवस्था, प्रबन्धन, संगठन और व्यवसाय।

प्रस्तावना –

"विकास के लिए महिलाओं के सशक्तीकरण से अधिक प्रभावी तरीका कुछ नहीं है।" इस बयान से अधिक सटीक तरीके से महिलाओं की क्षमता का परिचय और कोई नही हो सकता है। माँ के रूप में वे अनंत काल से ही दुनिया के भावी नागरिकों को जन्म देने और पालने–पोसने का काम खूबसूरती के साथ करती आई है। बहनों, बेटियों और पत्नियों के रूप में उन्होंने कई तरह से पुरुषों का साथ दिया है। अधिक आधुनिक भूमिकाओं में वे शिक्षक, प्रबन्धक, राजनेता लेगिक आदि रही है। पिछले कुछ समय में तो उन्होंने लैंगिक बाधाएं भी लांघी है और पर्वतारोही, पायलट बनने के साथ सशस्त्र सेनाओं में लड़ती हुई भी नजर आई हैं।

भारत की आजादी के बाद संविधान निर्माताओं और राष्ट्रीय नेताओं ने महिलाओं को पुरुषों के समान स्थान दे दिया। एक के बाद एक सरकारों

ने महिलाओं को आर्थिक, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में समान दर्जा देने के लिए कई उपाय किए। दुनियाँ की 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है, इसलिए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान माने जाने का अधिकार है। इस बात का महत्व इसी से रेखांकित होता है कि 'महिला सशक्तीकरण' का आठवें सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों में प्रमुख रूप से शामिल किया गया है।

स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि ''जब तक महिलाओं की स्थिति नहीं सुधरेगी तब तक इस दुनियाँ के कल्याण की कोई संभावना नहीं है।'' यह कथन आज भी उतना ही सत्य है और अवसर मिलने पर आज हम क्षेत्र में महिलाओं ने तमाम सीमाओं–बंधनों के बावजूद सराहनीय काम किया है।

ग्रामीण महिलाएं भी अब पीछे नहीं रहीं। घर की चाहरदीवारी से निकल कर वे हर व्यवसाय में आगे बढ़ रही है। 70 से 50 प्रतिशत कृषि कार्य आज महिलाओं द्वारा किया जा रहा है तथा कृषि श्रम में उनकी भागीदारी 66 प्रतिशत के करीब है।

स्कूली शिक्षा के साथ–साथ महिलाओं को नए कौशलों और डिजिटल उपकरणों में प्रशिक्षित करना भी समय की माँग है। तभी वे खेती से बाहर अन्य व्यवसायों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकेंगी। सरकार इस दिशा में पूरी तरह सजग है और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना द्वारा प्रशिक्षित कुल लोगों में आधे से ज्यादा महिलाएं हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल साक्षरता का प्रयास कर रहा है। यह साक्षरता महिलाओं को सामाजिक–राजनीतिक और आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाएगी।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए सरकार ने कई विशेष कार्यक्रम शुरू किए हैं, दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के तहत गरीब ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। उनमें उद्यामिता के विकास के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनायें है।

महिलाओं की उद्यमशीलता परिवारों और समुदायों के आर्थिक कल्याण, गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तीकरण में योगदान दे सकती है। इस प्रकार वे सतत विकास लक्ष्यों (एम.डी.जी.) को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसी कारण से विश्व भर की सरकारें और विभिन्न विकास संगठन अपनी योजनाओं और प्रोत्साहनपरक उपायों के माध्यम से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

समाज के समग्र विकास में उनकी भूमिकाओं को सामने लाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उद्यमिता विकास के जरिए स्वयंसहायता समूह (एस.एच.जी.) भारत सहित सभी विकासशील देशों में गरीब महिलाओं के सशक्तीकरण का महत्वपूर्ण साधन बने है।

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उद्यमिता विकास और आय अर्जक गतिविधियाँ व्यावहारिक साधन मुहैया कराती हैं। सशक्तीकरण की अवधारणा ऐसी प्रक्रिया को परिभाषित करती है जिसमें महिलाओं को चुनने की आजादी मिलती है। सशक्तीकरण का दूसरा अर्थ अपने लक्ष्य तय करना और उनके लिए कार्य करना, लैंगिक शक्ति संरचनाओं के प्रति जागरुकता तथा आत्मसम्मान और आत्मविश्वास है सशक्तीकरण सभी स्तरों पर संभव है– व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामुदायिक एवं सामाजिक, और अवरोधों को दूर करके (यानि संसाधनों और दक्षताओं की कमी) महिलाओं को सशक्त किया जा सकता है।

लघु वित्त के साथ स्वयंसहायता समूह (एस.एच.जी.) महिला उद्यमिता और वित्तीय सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। यह न केवल गरीबी से संघर्ष का एक मजबूत हथियार है बल्कि हाशिए पर धकेल दिए गए वर्गों, जैसे महिलाओं को सशक्त भी बनाते हैं। भारत के कुछ राज्यों की ग्रामीण महिलाओं के लिए तो एस.एच.जी. की अवधारणा वरदान साबित हुई है। इनके माध्यम से उनकी आय में वृद्धि हुई है और समाज में उनका स्थान भी ऊँचा हुआ है। आज विश्व स्तर पर महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता को मान्यता मिल रही है जो सभी क्षेत्रों में प्रगति हासिल करने का माध्यम है।

सूक्ष्म उद्यमशीलता, महिला सशक्तीकरण को मजबूत कर रही है और लैंगिक असमानताओं को दूर कर रही है। एस.एच.जी. का लघु ऋण तंत्र सदस्यो को अन्य सामुदायिक विकास गतिविधियों में शामिल करता है। लघु ऋण छोटे पैमाने पर व्यापार उद्यमों को बढ़ावा दे रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य आय उत्पन्न करने वाली गतिविधियों के जरिए गरीबी कम करना है। अध्ययनों से पता चलता है कि कई एसएचजी जैसे अभिनव फार्मर्स

को–ऑपरेटिव सोसाइटी ग्रासरूट्स, ग्रामीण बैंक, असम चाय निगम कुडुम्बश्री, इंदिरा क्रांति पधामरे सक्रिय रूप से ऋण और स्वयं सहायता गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं।

अध्ययनों से यह भी पता चला है कि स्वयं सहायता समूहों को मुख्य रूप केरल से महिलाओं के लिए स्थापित किया गया है और तमिलनाडु और केवल जैसे राज्यों में वे काफी सफल रहे है। नाबार्ड ने वाणिज्यिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के सहयोग से महिलाओं के गैर स्वयं सहायता समूहों के लिए एक पायलट परियोजना का शुभारम्भ किया। इसके अतिरिक्त गैर–कृषि क्षेत्र के तहत वित्त पोषण के लिए राष्ट्रीय बैंकों के माध्यम से पुनर्वित सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। तीन राज्यों के अध्ययन बताते हैं कि स्थापित किए गए स्वयं सहायता समूहों ने ऋण की रिकवरी, सदस्यों के बीच बचत को बढ़ावा देने और स्वयंसहायता, आय सृजन करने वाली परिसम्पत्ति की खरीद के लिए ऋण के प्रभावी उपयोग और महिलाओं के सशक्तीकरण में मदद की है।

केरल और तमिलनाडु ऐसे राज्य हैं जहाँ स्वयं सहायता समूहों के व्यापक सहयोग के कारण महिला उद्यमिता और सूक्ष्म उद्यमों का विकास हुआ। उन्होंने सूक्ष्म वित्त प्रदान किया, महिलाओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रारम्भ किए ओर उन्हें वित्तीय सहायता के साथ पोषित किया। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) भी स्वयं सहायता समूहों की भूमिका और वित्त पोषण के महत्व को समझता है और वह नाबार्ड के सहयोग से महिला उद्यमियों को माध्यम सरकार का ऋण प्रदान कर रहा है। महिला उद्यमियों का महत्व यह है कि वे अन्य महिलाओं को प्रेरित करती हैं कि वे आगे आए और समान अवसरों का लाभ उठाएं–साथ ही अपने उद्यमों को बरकरार रखें। विश्व स्तर पर ऐसे कितने ही स्टार्ट–अप्स हैं जिन्हें वित्तीय परेशानियों के कारण बन्द कर दिया गया। लेकिन आज स्वयं सहायता समूहों के कारण महिलाओं में भरोसा दोबारा कायम हुआ है और उन्हें ऐसा एहसास हुआ है कि उनके सपने सच हो सकते हैं। इसलिए यही विकास दरअसल सच्चें अर्थों में समावेशी विकास है जिससे महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण को बढ़ावा मिला है।

केन्द्र सरकार की पहल–

महिलाओं की उद्यमशीलता और आर्थिक भागीदारी के महत्व को स्वीकार करते हुए देश के विकास और समृद्धि को संभव बनाने के लिए भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी नीतिगत कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को समान अवसर प्रदान किए जाएं। सरकार ऋण, नेटवर्क बाजार और प्रशिक्षण तक पहुंच प्रदान करके महिलाओं को अर्थव्यवस्था की अगली पंक्ति में लाने का प्रयास कर रही है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विकास संगठन (एम. एस.एम.ई.–डी.ओ.) विभिन्न राज्य लघु उद्योग विकास निगम (एस.एस.आई.डी.सी.), राष्ट्रीयकृत बैंक और उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.) सहित विभिन्न गैर सरकारी संगठन अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं। उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.) भी इन्हीं कार्यक्रमों में से एक है। इसका उद्देश्य उन संभावनाशील महिला उद्यमियों की मदद करना है जिन्हें पर्याप्त शिक्षा या दक्षता हासिल नही है। एम.एस.एम.ई.–डी.ओ. ने कई क्षेत्रों जैसे टीवी मरम्मत, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स, चमड़े के उत्पाद, स्क्रीन प्रिंटिंग इत्यादि में प्रक्रिया/उत्पाद आधारित ई.डी.पी. की शुरुआत की है। महिला उद्यमियों की उपब्धियों को मान्यता देने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए 'उत्कृष्ट महिला उद्यम' नामक पुरस्कार की शुरुआत भी की गई है।

सरकार ने ऐसी अनेक आय अर्जक योजनाएं शुरू की हैं जिनका कार्यान्वयन महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। मंत्रालय जरूरतमन्द महिलाओं के प्रशिक्षण और आय अर्जक गतिविधियों के लिए सहायता प्रदान करता है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो जाएं।

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) महिलाओं के लिए दो विशेष योजनाएं चला रहा है। इनमें से एक योजना महिला उद्यम निधि है जो महिला उद्यमियों को इक्विटी प्रदान करती है। दूसरी योजना महिला विकास निधि है जो आय अर्जक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सहायता प्रदान करती है। सिडबी आसान शर्तों पर महिलाओं को अनौपचारिक तरीके से ऋण प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त सिडबी महिलाओं के लिए काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी देता है ताकि वे ऋण को उपलब्ध कराने के साथ–साथ उनके उपयोग के बारे में अपने ग्राहकों को बता सके। केन्द्रीय सामाजिक कल्याण बोर्ड के सामाजिक–आर्थिक कार्यक्रम

के तहत एक उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए भी अनुदान उपलब्ध है।

उद्यमशीलता एवं नवाचार हेतु प्रयास–

स्टार्ट अप इंडिया के तहत भारत सरकार स्टार्ट–अप्स को प्रोत्साहित और पोषित करते हुए उद्यमशीलता को बढ़ावा देती है। इस पहल की शुरुआत जनवरी, 2016 में की गई थी। तब से इसके माध्यम से अनेक उभरते हुए उद्यमियों ने अपनी सफल शुरुआत की है। यह कार्यक्रम एक समग्र दृष्टिकोण के साथ चार हफ्ते का मुफ्त और व्यापक ऑनलाइन शिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसके तहत शिक्षाविदों और उद्योग संघों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है, साथ ही पूरे देश में रिसर्च पार्क, इन्क्यूबेटर्स और स्टार्ट–अप सेंटर स्थापित किए गए हैं।

महिलाओं हेतु प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम (स्टेप) विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जिन महिलाओं को औचारिक दक्षता प्रशिक्षण सुविधाएं प्राप्त नहीं है, उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने स्टेप कार्यक्रम की शुरुआत की है। दक्षता विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और नीति आयोग ने हाल ही में मौजूदा जरूरतों के मद्देनजर 30 वर्षीय पहल के दिशानिर्देशों का मसौदा दोबारा तैयार किया है। 16 वर्ष से अधिक आयु की सभी भारतीय महिलाएं इस पहल से लाभान्वित होगी। यह कार्यक्रम कृषि, बागवानी, खाद्य प्रसंस्करण, हैण्डलूम, परम्परागत कलाओं जैसे काशीदाकारी, यात्रा एवं पर्यटन, मेजबानी, कम्प्यूटर और आईटी सेवाओं जैसे अनेक क्षेत्रों में दक्षताएं प्रदान करता है।

स्टैण्ड अप इंडिया 2015 में इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। इसका उद्देश्य भारत के वचित समूहों को संस्थागत ऋण प्रदान करना है. साथ ही महिला उद्यमियों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की आर्थिक भागीदारी बढ़ाना और उन तक भारत के विकास के लाभ पहुँचाना है। इसके तहत कम से कम एक महिला और अजा या अजजा के एक सदस्य को मैन्यूफैक्चरिंग, सेवा या व्यापार क्षेत्र में ग्रीनफील्ड उद्यम लगाने के लिए 10 लाख से 1 करोड़ रूपये तक का ऋण दिया जाता है। स्टैंड–अप इंडिया पोर्टल छोटे उद्यमियों के लिए एक डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है और वित्त पोषण एवं ऋण गारंटी की सूचना प्रदान करता है।

व्यापार सम्बन्धी उद्यमिता सहायता और विकास–

भारत में वंचित महिला समूहों को ऋण प्रदान करने के लिए ट्रीड कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह कार्यक्रम गैर सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) के माध्यम से इच्छुक महिलाओं को ऋण उपलब्ध करता है। महिलाएं पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से ऋण प्राप्त कर सकती है और प्रस्तावित उद्यमों के लिए परामर्श और प्रशिक्षण भी हासिल कर सकती है ताकि उन्हें गैर कृषि कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हो।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पी.एम.के.वी. वाई.) पी.एम.के.वी.वाई. दक्षता विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एम.एस.डी.ई.) का एक मुख्य कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि उनके लिए आजीविका सृजन किया जा सके एवं उनकी रोजगारपरकता बढ़ाई जा सके। पूर्व शिक्षण या दक्षता प्राप्त व्यक्तियों का मूल्यांकन किया जाता है और उनके पूर्व शिक्षण को मान्यता दी जाती है। इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण और मूल्यांकन शुल्क का वहन सरकार द्वारा किया जाता है।

निष्पक्ष सशक्तीकरण और विकास के लिए विज्ञान (सीड)–

सीड का लक्ष्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिकों और जमीनी स्तर के कर्मचारियों, खास तौर से महिलाओं को सामाजिक–आर्थिक लाभ हेतु कार्य–उन्मुख, स्थान विशिष्ट परियेजनाओं के लिए अवसर प्रदान करना है। इस सम्बन्ध में प्रयास किए जा रहे है कि राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अन्य विशिष्ट एस.एण्ड.टी. संस्थानों को जमीनी स्तर के नवाचार से जोड़ा जाए ताकि उन्हें भी विशेषज्ञों, उत्तम संरचनाओं के लाभ मिल सके। सीड विकास में इक्विटी पर जोर देता है, जिससे आबादी के एक विशाल वर्ग, विशेष रूप से वंचितों को प्रौद्योगिकी के लाभ मिल सके।

महिला उद्यमिता मंच–

नीति आयोग ने महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यू. ई. पी.) की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य भारत की महिला उद्यमियों के लिए एक ऐसी व्यवस्था तैयार करना है ताकि वे उद्यमशीलता की अपनी संभावनाओं को महसूस करें, नए कार्यक्रमों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके, और अपने व्यवसायों के स्थायित्व और दीर्घकालीन

रणनीतियों का आकलन कर सके। यह मंच महिला उद्यमियों की संख्या में वृद्धि की आकांक्षा रखता है जो एक गतिशील नए भारत का सृजन करें और उसे गतिशील नए भारत का सृजन करें और उसे सशक्त बनाए ये आकांक्षाएं उन तीन स्तम्भों में प्रदर्शित होती हैं जिन पर डब्ल्यू.ई.पी. आधारित हैः इच्छा शक्ति (उभरते हुए उद्यमियों को अपने उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित करना) ज्ञान शक्ति (महिला उद्यमियों की उद्यमशीलता को पोषित करने के लिए ज्ञान और इकोसिस्टम सहयोग प्रदान करना) और कर्म शक्ति (उद्यमियों को सक्रिय सहयोग प्रदान करना ताकि वे अपने व्यवसाय स्थापित कर सके और उनका स्तर बरकरार रख सके)

महिलाओं के लिए मुद्रा योजना–

सरकार द्वारा प्रारम्भ मुद्रा योजना उन महिलाओं को व्यक्तिगत स्तर पर मदद प्रदान करती है जो छोटे व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग इकाई, ट्यूशन सेन्टर इत्यादि चलाना चाहती हैं। यह योजना महिला समूहों की भी मदद करती है। इस ऋण के लिए किसी प्रकार की जमानत राशि की आवश्यकता नहीं है और इसके तहत तीन योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है।

1. शिशु – इस ऋण की राशि 50,000 रुपये तक सीमित है और शुरुआती चरणों में व्यवसायियों द्वारा इसका लाभ उठाया जा सकता है।

2. किशोर – इसके तहत ऋण राशि 50,000 और 5 लाख रुपये के बीच है और इसका लाभ वही लोग उठा सकते है जिनके उद्यम पूर्ण रूप से स्थापित है।

3. तरुण– इसकी ऋण राशि 10 लाख रुपये है और उन व्यवसायों द्वारा इसका लाभ उठाया जा सकता है जो अच्छी तरह से स्थापित हैं लेकिन विस्तार के लिए उन्हें और धन की आवश्यकता है।

निष्कर्ष–

महिला उद्यमियों को आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत माना गया है। वे स्वयं और दूसरों के लिए रोजगार का सृजन करती है साथ ही प्रबंधन, संगठन और व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के लिए समाज को समाधान प्रदान करती है। फिर भी भारतीय उद्योग क्षेत्र में उन्हें बहुत अधिक प्रतिनिधित्व नहीं मिलता।

महिलाओं की उद्यमशीलता परिवारों और समुदायों के आर्थिक कल्याण, गरीबी उन्मूलन और महिला विकास लक्ष्यों (एम.डी.जी.) को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी कारण से विश्व भर की सरकारें और विभिन्न विकास संगठन अपनी योजनाओं और प्रोत्साहनपरक उपायों के माध्यम से महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. अग्रवाल, एस. (2003) टेक्नोलॉजी मॉडल फॉर विमेन्स एम्पावरमेंट, कुरुक्षेत्र, मई, (4), पृष्ठ संख्या–18–28।
2. कबीर एन. (2001), रिफलेक्शंस ऑन द मेजरमेंट ऑफ विमेन्स एम्पावरमेन्ट, डिसकसिंग विमेन्स एंपावरमेंट थ्योरी एंड प्रैक्टिस, सिडा स्टडीज, 3 स्टॉकहोम।
3. अंजली शर्मा, बिकाश रॉय और दीपा चक्रवर्ती (2017) ''पोटेशियल ऑफ सेल्फ हेल्प ग्रुप्स : अ केस स्टडी फ्रॉम उत्तर दिनाजपुर डिस्ट्रिक्ट ऑफ वेस्ट बंगाल''।
4. संजय कांति दास, (2012) ''इंटरप्रेन्योरियल एक्टिविटीज ऑफ सेल्फ हेल्प ग्रुप्स टुवर्ड्स विमेन एंपावरमेन्टः अ केस स्टडी टू हिल डिस्ट्रिक्ट्स इन असम'' जरनल ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप मैनेजमेन्ट, खण्ड 1, अंक 2, जून 2012।
5. सबीहा फजलगॉय (2014) ''विमेन इंटरप्रेन्योरशिप एज द वे फार इकोनॉमिक डेवलपमेन्ट'' सिंबायसिस सेंटर फॉर मैनेजमेन्ट स्टडीज, पुणे की वार्षिक शोध पत्रिका, खण्ड 2, अंक 1, मार्च 2014, पृष्ठ 117–1271।
6. कुरुक्षेत्र जनवरी–2018।
7. योजना अक्टूबर–2018।
8. योजना सितम्बर–2016।
9. अमर उजाला कानपुर संस्करण दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 ।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

जनपद बलिया विकासखण्ड बाँसडीह के अर्न्तगत माध्यमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं पर डिजिटल लर्निंग के प्रभाव का अध्ययन

Received: 05 February, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23018891
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– प्रतिभा यादव
रिसर्च स्कॉलर –
शिक्षाशास्त्र विभाग,
मेजर एस. डी. सिंह यूनीवर्सिटी,
फतेहगढ–फर्रुखाबाद–209625
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
pratubhay30@gmail.com



शोध निर्देशक –
– डॉ. सत्येन्द्र सिंह
असिस्टेन्ट प्रोफेसर –
शिक्षाशास्त्र विभाग,
मेजर एस. डी. सिंह यूनीवर्सिटी,
फतेहगढ–फर्रुखाबाद–209625 (उ.प्र.)

ई–मेलः
satyendrapratapsinghresearch@gmail.com

सारांश

वर्तमान डिजिटल युग में शिक्षा की प्रकृति, शिक्षण–अधिगम की प्रक्रियाएँ तथा ज्ञान तक विद्यार्थियों की पहुँच तीव्र गति से परिवर्तित हो रही है। माध्यमिक स्तर पर डिजिटल लर्निंग ने पाठ्य–सामग्री की उपलब्धता, दृश्य–श्रव्य अधिगम, स्व–अधिगम, विषयगत अन्तःक्रियाशीलता तथा शिक्षार्थी की भागीदारी के लिए नए अवसर उत्पन्न किए हैं। प्रस्तुत शोध–पत्र का उद्देश्य जनपद बलिया के विकासखण्ड बाँसडीह के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों के संदर्भ में डिजिटल लर्निंग के संभावित शैक्षिक प्रभावों का वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है। अध्ययन में अनुभवजन्य सर्वेक्षण के स्थान पर द्वितीयक स्रोतों, शिक्षा सम्बन्धी नीतिगत दस्तावेजों, डिजिटल शिक्षा की सैद्धान्तिक अवधारणाओं तथा विद्यालयी शिक्षण की संदर्भात्मक आवश्यकताओं के आधार पर विमर्श विकसित किया गया है।

अध्ययन में डिजिटल लर्निंग को केवल उपकरणों के उपयोग के रूप में न देखकर एक व्यापक शैक्षिक व्यवस्था के रूप में समझा गया है, जिसमें डिजिटल सामग्री, ऑनलाइन संसाधन, स्मार्ट कक्षा, शैक्षिक वीडियो, ई–पुस्तकें, अधिगम प्रबन्धन प्रणालियाँ तथा शिक्षक–निर्देशित डिजिटल गतिविधियाँ सम्मिलित हैं। विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि डिजिटल माध्यम विद्यार्थियों को समय एवं स्थान की सीमाओं से अपेक्षाकृत मुक्त होकर सीखने, कठिन अवधारणाओं को दृश्य माध्यम से समझने और पुनरावृत्ति करने के अवसर प्रदान कर सकते हैं। साथ ही, डिजिटल विभाजन, उपकरणों एवं इंटरनेट की असमान उपलब्धता, भाषा–संबंधी बाधाएँ, शिक्षक प्रशिक्षण तथा स्क्रीन–आधारित अधिगम की सीमाएँ भी महत्वपूर्ण हैं। अतः डिजिटल लर्निंग का शैक्षिक प्रभाव उसके मात्र उपयोग से नहीं, बल्कि उसकी उपलब्धता, गुणवत्ता, शैक्षणिक डिजाइन, शिक्षक मार्गदर्शन और स्थानीय सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भ से निर्धारित होता है।

मुख्य शब्द– डिजिटल लर्निंग, माध्यमिक शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, ई–अधिगम, स्मार्ट कक्षा, स्व–अधिगम, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, बाँसडीह, बलिया।

1. प्रस्तावना –

डिजिटल लर्निंग का विस्तार शिक्षा को केवल पारंपरिक कक्षा की चारदीवारी तक सीमित न रखकर ज्ञान के विविध डिजिटल स्रोतों से जोड़ता

है। माध्यमिक शिक्षा के स्तर पर यह परिवर्तन विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अवस्था में विद्यार्थी विषयगत अवधारणाओं को समझने के साथ–साथ तर्क, विश्लेषण, समस्या–समाधान, स्वतंत्र अध्ययन तथा सूचना के विवेकपूर्ण उपयोग जैसी क्षमताओं का विकास करते हैं। डिजिटल संसाधनों की सहायता से पाठ्य–विषय को पाठ, चित्र, ध्वनि, वीडियो, प्रस्तुति तथा अन्य मल्टीमीडिया रूपों में प्रस्तुत किया जा सकता है। इस प्रकार एक ही अवधारणा को अनेक माध्यमों से समझने की संभावना बनती है।

जनपद बलिया के विकासखण्ड बाँसडीह जैसे स्थानीय विद्यालयी संदर्भ में डिजिटल लर्निंग का अध्ययन करते समय तकनीकी साधनों के साथ सामाजिक, आर्थिक, भाषायी तथा विद्यालयी परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। डिजिटल शिक्षा का वास्तविक शैक्षिक मूल्य इस बात से निर्धारित होता है कि उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किस उद्देश्य से, किस प्रकार की पाठ्य–सामग्री के साथ और कितने प्रभावी शिक्षक–मार्गदर्शन के अंतर्गत किया जाता है। इसलिए डिजिटल लर्निंग को केवल मोबाइल, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट के प्रयोग के रूप में देखना इसके व्यापक शैक्षिक स्वरूप को सीमित कर देगा।

शिक्षा किसी भी समाज की बौद्धिक, सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति का आधार है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने शिक्षा के पारंपरिक स्वरूप को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। डिजिटल तकनीक ने ज्ञान–संसाधनों को अधिक गतिशील, बहुआयामी और अन्तःक्रियात्मक बनाया है। माध्यमिक शिक्षा इस परिवर्तन की दृष्टि से विशेष महत्त्व रखती है, क्योंकि इसी स्तर पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा, व्यावसायिक जीवन और सामाजिक सहभागिता के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक एवं डिजिटल क्षमताओं का विकास करते हैं।

जनपद बलिया का विकासखण्ड बाँसडीह ग्रामीण एवं अर्ध–शहरी सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भों से जुड़ा क्षेत्र है। ऐसे संदर्भ में डिजिटल शिक्षा का अध्ययन केवल तकनीकी सुविधा के प्रश्न तक सीमित नहीं रह सकता। यहाँ यह देखना आवश्यक है कि डिजिटल संसाधन विद्यालयी शिक्षण की प्रकृति, विद्यार्थियों की सीखने की आदतों, विषय–वस्तु की प्रस्तुति, शिक्षक की भूमिका और स्व–अधिगम की संभावनाओं को किस प्रकार प्रभावित कर सकते हैं। इसी संदर्भ में प्रस्तुत शोध–पत्र स्थानीय विद्यालयी परिवेश को ध्यान में रखते हुए डिजिटल लर्निंग के शैक्षिक आयामों का विश्लेषण करता है।

2. अध्ययन की पृष्ठभूमि–

डिजिटल लर्निंग ने शिक्षक–केन्द्रित शिक्षण व्यवस्था में ऐसे विकल्प प्रस्तुत किए हैं जिनसे विद्यार्थी पाठ्य–सामग्री को अपनी गति और आवश्यकता के अनुसार पुनः देख सकते हैं। ई–पुस्तक, शैक्षिक वीडियो, डिजिटल मानचित्र, प्रस्तुतीकरण, ऑनलाइन अभ्यास तथा अन्य डिजिटल संसाधन विषय–वस्तु को अधिक बहुआयामी बनाने में सहायक हो सकते हैं। विशेष रूप से उन विषयों में, जहाँ किसी प्रक्रिया, स्थान, घटना, संरचना या अमूर्त विचार को दृश्य रूप में समझाना उपयोगी होता है, डिजिटल माध्यम अतिरिक्त व्याख्यात्मक सहायता प्रदान कर सकता है।

माध्यमिक स्तर पर डिजिटल लर्निंग की उपयोगिता का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों से सम्बन्धित है। विद्यार्थी किसी पाठ को केवल कक्षा में सुनने तक सीमित न रखकर उपलब्ध डिजिटल सामग्री के माध्यम से पुनरावृत्ति, नोट–निर्माण और अतिरिक्त अध्ययन कर सकता है। इससे सीखने की प्रक्रिया में समय और स्थान का लचीलापन बढ़ सकता है। फिर भी इस लचीलेपन को शैक्षिक परिणाम से स्वतः जोड़ना उचित नहीं हैय सामग्री की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम से उसका सम्बन्ध, विद्यार्थी की डिजिटल साक्षरता और शिक्षक का मार्गदर्शन इसके प्रभाव को निर्धारित करने वाले महत्त्वपूर्ण तत्व हैं।

पारम्परिक कक्षा में शिक्षक सामान्यतः ज्ञान के प्रमुख स्रोत की भूमिका निभाता है और पाठ्यपुस्तक शिक्षण–अधिगम का केन्द्रीय माध्यम रहती है। डिजिटल लर्निंग इस संरचना में विविधता लाती है। विद्यार्थी वीडियो, एनीमेशन, डिजिटल मानचित्र, सिमुलेशन, ई–पुस्तक, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी तथा अन्य मल्टीमीडिया सामग्री के माध्यम से किसी अवधारणा को अनेक रूपों में देख सकता है। इससे विशेषकर उन विषयों में सहायता मिल सकती है जिनमें अमूर्त अवधारणाओं को दृश्य या श्रव्य रूप में प्रस्तुत करना उपयोगी होता है।

हालाँकि डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता अपने आप बेहतर अधिगम की गारंटी नहीं देती। तकनीक तभी शैक्षिक रूप से प्रभावी बनती है जब उसे पाठ्यचर्या, अधिगम उद्देश्यों और विद्यार्थियों की वास्तविक आवश्यकताओं के साथ जोड़ा जाए। शिक्षक की भूमिका भी

समाप्त नहीं होतीय बल्कि वह सामग्री के चयन, गतिविधियों के डिजाइन, विद्यार्थियों के मार्गदर्शन तथा डिजिटल सामग्री की विश्वसनीयता के मूल्यांकन में अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

3. अध्ययन के उद्देश्य–

इन उद्देश्यों के माध्यम से अध्ययन डिजिटल लर्निंग के प्रभाव को किसी एक मापनीय परिणाम तक सीमित न रखकर उसके बहुआयामी शैक्षिक स्वरूप को समझने का प्रयास करता है। इसमें संसाधनों तक पहुँच, स्व–अधिगम, अन्तःक्रियात्मकता, विषय–वस्तु की प्रस्तुति, डिजिटल साक्षरता, शिक्षक की भूमिका तथा समावेशन जैसे पक्षों को परस्पर संबद्ध मानते हुए विवेचन किया गया है–

- ☛ डिजिटल लर्निंग की अवधारणा एवं उसके प्रमुख शैक्षिक आयामों का विवेचन करना।
- ☛ माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के अधिगम पर डिजिटल माध्यमों के संभावित प्रभावों का वर्णनात्मक विश्लेषण करना।
- ☛ बाँसडीह क्षेत्र के विद्यालयी संदर्भ में डिजिटल संसाधनों की शैक्षिक उपयोगिता को समझना।
- ☛ डिजिटल लर्निंग के लाभों तथा उससे संबंधित प्रमुख चुनौतियों का विश्लेषण करना।
- ☛ शिक्षक, विद्यार्थी, विद्यालय और नीति–स्तर पर डिजिटल शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए सुझाव प्रस्तुत करना।

4. शोध–पद्धति–

अध्ययन की प्रकृति वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक रखी गई है। इसका उद्देश्य बाँसडीह क्षेत्र के विद्यार्थियों के संबंध में काल्पनिक आँकड़े प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि उपलब्ध शैक्षिक साहित्य और डिजिटल शिक्षा से संबंधित वैचारिक आधारों के माध्यम से विषय की संदर्भात्मक व्याख्या करना है। इस दृष्टिकोण में डिजिटल लर्निंग को एक शैक्षिक प्रक्रिया के रूप में देखा गया है और उसके प्रमुख आयामों अभिगम्यता, लचीलापन, अन्तःक्रिया–शीलता, स्व–अधिगम, डिजिटल साक्षरता, शिक्षक की भूमिका तथा समावेशनकृका क्रमबद्ध विश्लेषण किया गया है।

इस अध्ययन में प्राथमिक सर्वेक्षण, प्रश्नावली, साक्षात्कार, प्रत्यक्ष क्षेत्र–अध्ययन अथवा काल्पनिक प्रतिशतों का उपयोग नहीं किया गया है। अतः प्रस्तुत निष्कर्षों को किसी विशिष्ट विद्यालय अथवा विद्यार्थियों के नमूने पर आधारित सांख्यिकीय निष्कर्ष के रूप में नहीं पढ़ा जाना चाहिए। स्थानीय संदर्भ का प्रयोग शैक्षिक परिस्थितियों को समझने के लिए किया गया है, न कि बिना सत्यापन के किसी विद्यालय, शिक्षक या विद्यार्थी के सम्बन्ध में व्यक्तिगत दावा करने के लिए।

यह अध्ययन वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध–पद्धति पर आधारित है। इसमें प्राथमिक सर्वेक्षण, प्रश्नावली, साक्षात्कार, प्रत्यक्ष क्षेत्र–अध्ययन अथवा काल्पनिक प्रतिशतों का उपयोग नहीं किया गया है। अध्ययन के लिए डिजिटल शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, शैक्षिक प्रौद्योगिकी तथा भारत में डिजिटल शिक्षा से सम्बन्धित उपलब्ध द्वितीयक साहित्य और नीतिगत दस्तावेजों की अवधारणात्मक समीक्षा को आधार बनाया गया है।

विश्लेषण की इकाई के रूप में डिजिटल लर्निंग के प्रमुख आयामकृअभिगम्यता, लचीलापन, अन्तःक्रियाशीलता, स्व–अधिगम, डिजिटल साक्षरता, शिक्षक की भूमिका और समावेशनकृको लिया गया है। स्थानीय संदर्भ की व्याख्या करते समय किसी विद्यालय, विद्यार्थी या शिक्षक के सम्बन्ध में बिना सत्यापन के व्यक्तिगत अथवा सांख्यिकीय दावा नहीं किया गया है। इस प्रकार शोध–पत्र का निष्कर्ष अनुभवजन्य मापन के बजाय उपलब्ध साहित्य एवं शैक्षिक सिद्धान्तों के संदर्भात्मक विश्लेषण पर आधारित है।

5. डिजिटल लर्निंग रू अवधारणा एवं स्वरूप–

डिजिटल लर्निंग का व्यापक स्वरूप केवल तकनीकी उपकरण की उपलब्धता से निर्धारित नहीं होता। किसी डिजिटल संसाधन का शैक्षिक मूल्य उसके उद्देश्यपूर्ण उपयोग, पाठ्यचर्या के साथ उसके संबंध, विद्यार्थियों की आयु एवं आवश्यकताओं के अनुरूपता और शिक्षक द्वारा प्रदान किए जाने वाले मार्गदर्शन पर निर्भर करता है। इसलिए डिजिटल लर्निंग को तकनीक और शिक्षाशास्त्र के समन्वित रूप में समझना अधिक उपयुक्त है। माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल लर्निंग के अन्तर्गत सामग्री की विविधता विशेष महत्त्व रखती है। विद्यार्थी किसी विषय को पाठ्यपुस्तक के साथ–साथ वीडियो, ऑडियो, चित्र, डिजिटल मानचित्र, प्रस्तुतीकरण और अभ्यास–सामग्री के माध्यम से समझ सकता है। इससे अधिगम की प्रक्रिया में वैकल्पिक व्याख्याओं और पुनरावृत्ति की संभावना बढ़ती है। साथ ही, डिजिटल संसाधनों के चयन में स्रोत की विश्वसनीयता, भाषा, पाठ्यक्रम–संगति और शैक्षिक उद्देश्य को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

डिजिटल लर्निंग का आशय उन शिक्षण–अधिगम प्रक्रियाओं से है जिनमें डिजिटल तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का उपयोग सीखने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इसमें कम्प्यूटर, टैबलेट, स्मार्टफोन, प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड, इंटरनेट आधारित सामग्री, ई–पुस्तकें, वीडियो, ऑडियो, डिजिटल मूल्यांकन तथा ऑनलाइन शिक्षण मंच सम्मिलित हो सकते हैं। डिजिटल लर्निंग को ई–लर्निंग, ऑनलाइन लर्निंग, ब्लेंडेड लर्निंग और मोबाइल लर्निंग जैसी अवधारणाओं से जोड़ा जाता है, यद्यपि इनके दायरे और संचालन की प्रकृति में अंतर हो सकता है।

माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल लर्निंग का महत्त्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि इस स्तर पर विद्यार्थियों को विषयगत गहराई, तार्किक चिंतन, समस्या–समाधान और स्वतंत्र अध्ययन की आदतों की आवश्यकता होती है। डिजिटल माध्यम इन क्षमताओं के विकास के लिए विविध संसाधन उपलब्ध करा सकता है, बशर्ते उसका उपयोग उद्देश्यपूर्ण एवं शिक्षक–निर्देशित हो।

6. डिजिटल लर्निंग के प्रमुख प्रभाव–आयाम–

डिजिटल लर्निंग के प्रभाव को एकल दिशा में समझना उचित नहीं है। इसके विभिन्न आयाम एक–दूसरे से जुड़े हुए हैं। संसाधनों की अभिगम्यता बढ़ने से स्व–अधिगम की संभावना बढ़ सकती है। अन्तःक्रियात्मक सामग्री विषय–वस्तु की समझ को अधिक सक्रिय बना सकती हैय और डिजिटल संसाधनों के नियमित एवं जिम्मेदार उपयोग से डिजिटल साक्षरता का विकास हो सकता है। इन संभावनाओं की वास्तविक प्रभावशीलता उपलब्ध तकनीकी आधारभूत संरचना और शिक्षक–निर्देशन से जुड़ी रहती है।

6.1 अभिगम्यता में वृद्धि – अभिगम्यता का अर्थ केवल इंटरनेट उपलब्ध होना नहीं है, बल्कि उपयुक्त, विश्वसनीय और पाठ्यक्रम–संगत सामग्री तक विद्यार्थी की सार्थक पहुँच से है। डिजिटल माध्यम पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अनेक स्रोत उपलब्ध करा सकता है, जिससे विद्यार्थी किसी विषय को अलग–अलग व्याख्याओं के माध्यम से समझ सकता है। किन्तु उपकरण, इंटरनेट, विद्युत तथा डिजिटल सामग्री की असमान उपलब्धता अभिगम्यता को प्रभावित कर सकती है। इसलिए विद्यालय आधारित साझा संसाधन इस संदर्भ में महत्त्वपूर्ण हो सकते हैं।

डिजिटल संसाधन विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त अनेक ज्ञान–स्रोतों तक पहुँच प्रदान कर सकते हैं। किसी कठिन विषय पर विद्यार्थी विभिन्न व्याख्यात्मक वीडियो, डिजिटल पुस्तक, चित्र, प्रस्तुति अथवा शैक्षिक सामग्री देख सकता है। इससे सीखने के संसाधनों की विविधता बढ़ती है। ग्रामीण अथवा संसाधन–सीमित क्षेत्रों में यह संभावना विशेष महत्त्व रखती है, यद्यपि वास्तविक लाभ इंटरनेट, उपकरण और विद्युत जैसी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

6.2 स्व–अधिगम और पुनरावृत्ति– स्व–अधिगम डिजिटल लर्निंग की प्रमुख संभावनाओं में से एक है। विद्यार्थी अपनी आवश्यकता के अनुसार किसी सामग्री को रोक सकता है, पुनः चला सकता है, पढ़ सकता है और अभ्यास कर सकता है। यह सुविधा विशेष रूप से उन विषयों में उपयोगी हो सकती है जिनमें अवधारणाओं को समझने के लिए बार–बार अध्ययन की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही स्व–अधिगम के लिए समय–प्रबंधन, आत्म–अनुशासन और डिजिटल सामग्री के चयन की क्षमता भी आवश्यक है।

डिजिटल सामग्री का एक प्रमुख गुण यह है कि विद्यार्थी अपनी गति के अनुसार किसी सामग्री को बार–बार देख या पढ़ सकता है। वीडियो को रोकना, पुनः चलाना, डिजिटल नोट्स बनाना और ऑनलाइन अभ्यास करना स्व–अधिगम की आदत को प्रोत्साहित कर सकता है। इससे उन विद्यार्थियों को भी सहायता मिल सकती है जिन्हें कक्षा में किसी अवधारणा को समझने के लिए अधिक समय चाहिए।

6.3 अन्तःक्रियात्मक अधिगम – अन्तःक्रियात्मक डिजिटल गतिविधियाँ विद्यार्थियों को केवल सामग्री देखने वाले निष्क्रिय शिक्षार्थी की भूमिका से आगे ले जाकर प्रश्न पूछने, उत्तर देने, अभ्यास करने और त्वरित प्रतिक्रिया प्राप्त करने के अवसर प्रदान कर सकती हैं। क्विज, सिमुलेशन, एनिमेशन और निर्देशित डिजिटल गतिविधियाँ इस प्रक्रिया को अधिक सक्रिय बना सकती हैं। फिर भी अन्तःक्रियात्मकता तभी शैक्षिक रूप से सार्थक होती है जब वह निर्धारित अधिगम उद्देश्यों से स्पष्ट रूप से जुड़ी हो।

पारम्परिक व्याख्यान की तुलना में डिजिटल माध्यम प्रश्नोत्तरी, सिमुलेशन, एनिमेशन, दृश्य–श्रव्य प्रस्तुति और त्वरित प्रतिक्रिया जैसी गतिविधियों की सुविधा दे सकते हैं। ऐसी अन्तःक्रियात्मकता विद्यार्थियों को केवल

निष्क्रिय श्रोता के बजाय सक्रिय शिक्षार्थी बनाने की दिशा में योगदान कर सकती है।

6.4 विषय–वस्तु की दृश्य प्रस्तुति – दृश्य प्रस्तुति डिजिटल लर्निंग का ऐसा पक्ष है जो जटिल या अमूर्त विषय–वस्तु को अधिक स्पष्ट संदर्भ में रखने में सहायता कर सकता है। भूगोल में डिजिटल मानचित्र, इतिहास में समय–रेखा, विज्ञान में प्रयोगात्मक वीडियो और गणित में दृश्य व्याख्याएँ विषय को विभिन्न रूपों में समझने की संभावना प्रदान करती हैं। इस प्रकार डिजिटल माध्यम पाठ्यपुस्तक की सामग्री का पूरक बन सकता है, बशर्ते दृश्य सामग्री तथ्यात्मक, आयु–उपयुक्त और पाठ्यक्रम–संगत हो।

भूगोल, विज्ञान, गणित, भाषा और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में कई अवधारणाएँ दृश्य रूप में अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जा सकती हैं। मानचित्र, चार्ट, समय–रेखा, प्रयोगात्मक वीडियो और एनिमेशन अमूर्त अवधारणाओं को ठोस संदर्भ प्रदान कर सकते हैं।

6.5 डिजिटल साक्षरता – डिजिटल साक्षरता का संबंध केवल उपकरण चलाने की क्षमता से नहीं है। इसमें सूचना की खोज, स्रोत की विश्वसनीयता का मूल्यांकन, डिजिटल सामग्री का व्यवस्थित उपयोग, ऑनलाइन व्यवहार, साइबर सुरक्षा तथा डिजिटल शिष्टाचार जैसे पक्ष भी शामिल हैं। माध्यमिक स्तर पर इन क्षमताओं का विकास विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के जिम्मेदार और उद्देश्यपूर्ण उपयोग के लिए तैयार कर सकता है।

डिजिटल लर्निंग का प्रभाव केवल विषयगत ज्ञान तक सीमित नहीं है। डिजिटल संसाधनों का जिम्मेदार उपयोग विद्यार्थियों में सूचना खोजने, स्रोत की विश्वसनीयता पर विचार करने, डिजिटल सामग्री व्यवस्थित करने और ऑनलाइन व्यवहार के संबंध में आवश्यक कौशल विकसित करने की संभावना रखता है।

7. बाँसडीह के विद्यालयी संदर्भ में विश्लेषण–

बाँसडीह के विद्यालयी संदर्भ में डिजिटल लर्निंग का विश्लेषण करते समय समान संसाधन–उपलब्धता की धारणा से बचना आवश्यक है। विद्यार्थियों के घर और विद्यालय में उपकरण, इंटरनेट, विद्युत तथा अध्ययन के वातावरण में अंतर हो सकता है। इसलिए डिजिटल शिक्षा की ऐसी व्यवस्था अधिक उपयोगी हो सकती है जिसमें विद्यालय साझा संसाधन उपलब्ध कराए और शिक्षक विद्यार्थियों को चयनित डिजिटल सामग्री के उद्देश्यपूर्ण उपयोग के लिए निर्देशित करे।

स्थानीय संदर्भ में डिजिटल लर्निंग का प्रभाव तभी अधिक सार्थक रूप में समझा जा सकता है जब डिजिटल सामग्री को विद्यालयी पाठ्यक्रम से जोड़ा जाए। उदाहरण के लिए वैज्ञानिक प्रक्रिया का वीडियो, ऐतिहासिक घटना की डिजिटल समय–रेखा अथवा भौगोलिक अवधारणा का डिजिटल मानचित्र पाठ को पूरक संदर्भ प्रदान कर सकता है। इस प्रकार डिजिटल सामग्री को पाठ्यपुस्तक का प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि समझ को विस्तृत करने वाला शैक्षिक साधन माना जा सकता है।

बाँसडीह जैसे क्षेत्र में डिजिटल लर्निंग का विश्लेषण स्थानीय परिस्थितियों के संदर्भ में किया जाना आवश्यक है। सभी विद्यार्थियों के पास समान प्रकार के उपकरण, स्थिर इंटरनेट या घर पर अध्ययन का समान वातावरण हो, यह मान लेना उचित नहीं होगा। इसलिए डिजिटल शिक्षा को लागू करते समय विद्यालय आधारित संसाधनों, साझा डिजिटल सुविधाओं और शिक्षक–निर्देशित गतिविधियों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

स्थानीय विद्यालयों में डिजिटल लर्निंग का उपयोग यदि पाठ्यपुस्तक के पूरक माध्यम के रूप में किया जाए, तो विद्यार्थी विषय–वस्तु को अनेक स्रोतों से समझ सकता है। उदाहरण के लिए, किसी वैज्ञानिक प्रक्रिया का वीडियो प्रदर्शन, किसी ऐतिहासिक घटना की डिजिटल समय–रेखा अथवा भौगोलिक अवधारणा का डिजिटल मानचित्र पाठ को अधिक संदर्भपूर्ण बना सकता है। इस प्रक्रिया में डिजिटल सामग्री को पाठ्यक्रम से जोड़ना आवश्यक है।

8. डिजिटल लर्निंग की प्रमुख चुनौतियाँ–

डिजिटल लर्निंग की संभावनाओं के साथ उसकी सीमाओं को समझना भी आवश्यक है। डिजिटल विभाजन केवल उपकरण की कमी तक सीमित नहीं हैय इंटरनेट की स्थिरता, विद्युत की उपलब्धता, डिजिटल सामग्री की भाषा और उपयोगकर्ता की डिजिटल दक्षता भी इसके घटक हैं। यदि इन स्थितियों पर पर्याप्त ध्यान न दिया जाए तो डिजिटल शिक्षा समान अवसर उपलब्ध कराने के स्थान पर अवसरों में अन्तर को बढ़ा सकती है।

शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकता इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि तकनीकी उपकरण अपने आप प्रभावी

शिक्षण नहीं करते। शिक्षक को यह समझना होता है कि किसी विशेष अधिगम उद्देश्य के लिए कौन–सी डिजिटल सामग्री उपयुक्त है, उसे कक्षा की गतिविधि से कैसे जोड़ा जाए और विद्यार्थियों की समझ को किस प्रकार निर्देशित किया जाए। इसी प्रकार हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए सरल, गुणवत्तापूर्ण और पाठ्यक्रम–संगत सामग्री की उपलब्धता भी आवश्यक है।

स्क्रीन–आधारित अधिगम की सीमाओं को भी संतुलित दृष्टि से देखा जाना चाहिए। डिजिटल माध्यम प्रत्यक्ष शिक्षक–विद्यार्थी संवाद, पुस्तक–पठन, लेखन–अभ्यास, प्रयोगात्मक कार्य और सामाजिक सहभागिता का पूर्ण विकल्प नहीं है। इसलिए विद्यालयी शिक्षा में डिजिटल और गैर–डिजिटल गतिविधियों के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है–

डिजिटल विभाजन– उपकरण, इंटरनेट, विद्युत और डिजिटल संसाधनों की असमान उपलब्धता विद्यार्थियों के बीच अवसरों का अन्तर उत्पन्न कर सकती है।

शिक्षक प्रशिक्षण– तकनीकी उपकरण उपलब्ध होने के बावजूद यदि शिक्षक को डिजिटल सामग्री के शैक्षिक डिजाइन और उपयोग का पर्याप्त प्रशिक्षण न हो, तो तकनीक का उपयोग केवल प्रस्तुतीकरण तक सीमित रह सकता है।

भाषा की चुनौती– अनेक डिजिटल संसाधन अंग्रेजी–केंद्रित होते हैं। हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण, पाठ्यक्रम–संगत और सरल हिंदी सामग्री की उपलब्धता आवश्यक है।

सामग्री की विश्वसनीयता– इंटरनेट पर उपलब्ध प्रत्येक सामग्री शैक्षिक दृष्टि से प्रमाणिक नहीं होती। विद्यार्थियों को स्रोत–समीक्षा और सूचना–साक्षरता सिखाना आवश्यक है।

स्क्रीन–आधारित अधिगम की सीमा– डिजिटल माध्यम को प्रत्यक्ष संवाद, लेखन, पुस्तक–पठन, प्रयोगात्मक गतिविधियों और सामाजिक सहभागिता का पूर्ण विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

9. शिक्षक की बदलती भूमिका –

डिजिटल वातावरण में शिक्षक की भूमिका कम होने के बजाय अधिक विशिष्ट और मार्गदर्शक स्वरूप ग्रहण करती है। शिक्षक डिजिटल सामग्री का चयनकर्ता, अधिगम गतिविधियों का डिजाइनर, विद्यार्थियों का मार्गदर्शक तथा सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकनकर्ता बन सकता है। उसे विद्यार्थियों को यह समझाने की आवश्यकता होती है कि उपलब्ध ऑनलाइन सामग्री में से कौन–सी सामग्री विश्वसनीय और पाठ्यक्रम–संगत है।

डिजिटल पेडागॉजी का अर्थ तकनीक को केवल कक्षा में प्रस्तुत कर देना नहीं, बल्कि तकनीक का उपयोग इस प्रकार करना है कि वह अधिगम उद्देश्यों की प्राप्ति में वास्तविक योगदान दे। इस दृष्टि से शिक्षक प्रशिक्षण में उपकरणों के संचालन के साथ–साथ डिजिटल सामग्री का शैक्षिक चयन, गतिविधि–निर्माण, सूचना–साक्षरता और डिजिटल सुरक्षा जैसे पक्षों को भी शामिल करना आवश्यक है।

डिजिटल शिक्षा में शिक्षक की भूमिका ज्ञान के एकमात्र स्रोत से बदलकर अधिगम के मार्गदर्शक, संसाधन–चयनकर्ता, गतिविधि–डिजाइनर और मूल्यांकनकर्ता की हो जाती है। शिक्षक को यह निर्धारित करना होता है कि कौन–सा डिजिटल संसाधन किस अधिगम–उद्देश्य के लिए उपयोगी है। अतः डिजिटल परिवर्तन का वास्तविक आधार केवल हार्डवेयर नहीं बल्कि शिक्षक की शैक्षणिक क्षमता और डिजिटल पेडागॉजी है।

10. चर्चा –

प्रस्तुत वैचारिक विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि डिजिटल लर्निंग का शैक्षिक प्रभाव बहुआयामी और संदर्भ–निर्भर है। यह विद्यार्थियों को विविध संसाधनों तक पहुँच, पुनरावृत्ति, दृश्य–श्रव्य अनुभव, स्व–अधिगम और अन्तःक्रियात्मक गतिविधियों के अवसर दे सकती है। दूसरी ओर, संसाधनों की असमानता, भाषा, शिक्षक प्रशिक्षण, सामग्री की विश्वसनीयता और स्क्रीन–आधारित अधिगम की सीमाएँ इसके प्रभाव को सीमित कर सकती हैं।

इसलिए डिजिटल लर्निंग को पारंपरिक शिक्षण–पद्धति के स्थान पर पूर्ण प्रतिस्थापन के रूप में देखने के बजाय एक पूरक एवं सशक्त शैक्षिक माध्यम के रूप में समझना अधिक उपयुक्त है। इसकी सफलता तकनीकी साधनों की संख्या से अधिक उनके शैक्षिक उपयोग, शिक्षक मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की वास्तविक आवश्यकताओं के साथ उनके समन्वय पर निर्भर करती है। सैद्धान्तिक विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि डिजिटल लर्निंग का प्रभाव बहुआयामी है। यह सीखने के संसाधनों को विस्तृत करता है, पुनरावृत्ति को सरल बनाता है और दृश्य–श्रव्य अधिगम के अवसर पैदा करता है। दूसरी ओर, यदि डिजिटल संसाधन केवल मनोरंजन अथवा

निष्क्रिय वीडियो देखने तक सीमित रह जाएँ, तो अपेक्षित शैक्षिक लाभ सीमित हो सकता है। इसलिए डिजिटल लर्निंग को शिक्षण–पद्धति के स्थान पर एक सशक्त शैक्षिक माध्यम के रूप में समझना अधिक उपयुक्त है।

11. निष्कर्ष –

जनपद बलिया के विकासखण्ड बाँसडीह के माध्यमिक विद्यालयी संदर्भ में डिजिटल लर्निंग शिक्षा की प्रक्रिया को अधिक विविध, लचीला और संसाधन–संपन्न बनाने की संभावना रखती है। इसके माध्यम से विद्यार्थी पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त डिजिटल सामग्री, वीडियो, ई–पुस्तक, चित्र, मानचित्र तथा अन्य शैक्षिक संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। स्व–अधिगम और पुनरावृत्ति की सुविधा विद्यार्थियों को अपनी गति से सीखने के अवसर प्रदान कर सकती है।

हालाँकि डिजिटल लर्निंग का प्रभाव उपकरणों की उपलब्धता से स्वतः सुनिश्चित नहीं होता। डिजिटल विभाजन, इंटरनेट और विद्युत की उपलब्धता, भाषा, सामग्री की गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण तथा डिजिटल साक्षरता जैसे कारक इसके शैक्षिक उपयोग को प्रभावित करते हैं। इसलिए स्थानीय विद्यालयी संदर्भ में डिजिटल शिक्षा की योजना ऐसी होनी चाहिए जो तकनीक, पाठ्यक्रम, शिक्षक मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को एकीकृत करे।

जनपद बलिया के विकासखण्ड बाँसडीह के माध्यमिक विद्यालयी संदर्भ में डिजिटल लर्निंग को शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधन–अभिगम्यता और विद्यार्थी–केन्द्रित अधिगम को सुदृढ़ करने वाली संभावनाशील व्यवस्था के रूप में देखा जा सकता है। इसका प्रभाव उपकरणों की उपलब्धता से अधिक उनके शैक्षणिक उपयोग पर निर्भर करता है। डिजिटल लर्निंग विद्यार्थियों को स्व–अधिगम, पुनरावृत्ति, दृश्य–श्रव्य अनुभव और विविध ज्ञान–स्रोतों तक पहुँच के अवसर प्रदान कर सकती है।

साथ ही डिजिटल विभाजन, भाषा, शिक्षक प्रशिक्षण, सामग्री की विश्वसनीयता और विद्यालयी आधारभूत संरचना जैसी चुनौतियों की उपेक्षा नहीं की जा सकती। अतः स्थानीय विद्यालयों के लिए ऐसी डिजिटल रणनीति आवश्यक है जो तकनीक को पाठ्यक्रम, शिक्षक मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की वास्तविक आवश्यकताओं के साथ एकीकृत करे।

12. शैक्षिक सुझाव–

डिजिटल संसाधनों का उपयोग प्रत्येक विषय के निर्धारित अधिगम उद्देश्यों से जोड़ते हुए किया जाए। विद्यालय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का साझा एवं योजनाबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए। हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम–संगत डिजिटल सामग्री के विकास और चयन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

शिक्षकों के प्रशिक्षण में केवल तकनीकी उपकरणों के संचालन के स्थान पर डिजिटल पेडागॉजी, सामग्री का मूल्यांकन, साइबर सुरक्षा, सूचना–साक्षरता और कक्षा–गतिविधि के साथ डिजिटल संसाधनों के एकीकरण को शामिल किया जाए। विद्यार्थियों को भी स्रोत की विश्वसनीयता पहचानने, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार करने और डिजिटल सामग्री का जिम्मेदार उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाए।

डिजिटल लर्निंग को पुस्तक–पठन, लेखन, प्रयोगात्मक गतिविधियों, प्रत्यक्ष संवाद तथा सहपाठी सहभागिता के साथ संतुलित रखा जाए। इससे डिजिटल तकनीक को शिक्षा का एक उपयोगी अंग बनाते हुए उसके संभावित दुष्प्रभावों और सीमाओं को भी नियंत्रित किया जा सकेगा–

- ☛ विद्यालयों में डिजिटल संसाधनों का उपयोग पाठ्यक्रम–आधारित एवं उद्देश्यपूर्ण बनाया जाए।
- ☛ शिक्षकों के लिए नियमित डिजिटल – पेडागॉजी प्रशिक्षण आयोजित किया जाए।
- ☛ हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्थानीय भाषा की डिजिटल सामग्री विकसित की जाए।
- ☛ विद्यालय स्तर पर साझा डिजिटल संसाधन केंद्र विकसित किए जाएँ ताकि उपकरणों की असमानता का प्रभाव कम हो।
- ☛ डिजिटल सामग्री के चयन में विश्वसनीयता, आयु–उपयुक्तता और पाठ्यक्रम–संगति को प्राथमिकता दी जाए।
- ☛ डिजिटल लर्निंग को पुस्तक–पठन, लेखन, प्रयोगात्मक कार्य और प्रत्यक्ष शिक्षक–विद्यार्थी संवाद के साथ संतुलित किया जाए।
- ☛ विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा, डिजिटल शिष्टाचार और सूचना–स्रोतों की विश्वसनीयता पहचानने की क्षमता विकसित की जाए।

13. अध्ययन की सीमा–

अध्ययन वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का होने के कारण इसके निष्कर्ष उपलब्ध साहित्य, नीतिगत दस्तावेजों और शैक्षिक सिद्धान्तों पर आधारित संदर्भात्मक निष्कर्ष हैं। इसमें किसी विशिष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों का नमूना, प्रश्नावली, साक्षात्कार, परीक्षण–अंक अथवा प्राथमिक सांख्यिकीय आँकड़े शामिल नहीं किए गए हैं। अतः अध्ययन किसी विशिष्ट समूह के लिए कारण–परिणाम सम्बन्ध का अनुभवजन्य प्रमाण प्रस्तुत नहीं करता।

इस सीमा के बावजूद अध्ययन डिजिटल लर्निंग के प्रमुख शैक्षिक आयामों और स्थानीय विद्यालयी संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता को व्यवस्थित रूप से समझने का आधार प्रदान करता है। भविष्य में संस्थागत अनुमति और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता होने पर इसी वैचारिक आधार पर पृथक अनुभवजन्य अध्ययन किया जा सकता है।

यह शोध–पत्र वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का है। इसमें किसी विशिष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों का नमूना, प्रश्नावली, साक्षात्कार, परीक्षण–अंक अथवा प्राथमिक सांख्यिकीय आँकड़े सम्मिलित नहीं किए गए हैं। इसलिए यहाँ प्रस्तुत निष्कर्षों को अनुभवजन्य कारण–परिणाम सम्बन्ध के रूप में नहीं बल्कि साहित्य एवं शैक्षिक सिद्धान्तों पर आधारित संदर्भात्मक निष्कर्ष के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। भविष्य में यदि संस्थागत अनुमति और संसाधन उपलब्ध हों तो इस वैचारिक अध्ययन के आधार पर स्वतंत्र अनुभवजन्य अध्ययन किया जा सकता है।

संदर्भ–सूची

चयनित आधारभूत स्रोत

1. Ministry of Education, Government of India - National Education Policy-2020, Government of India, New Delhi.
2. Ministry of Education, Government of India, National Digital Education Architecture (NDEAR) : Framework and related documents.
3. UNESCO - Global Education Monitoring Report : Technology in Education, UNESCO, Paris.
4. UNESCO - ICT Competency Framework for Teachers, UNESCO.
5. NCERT - National Curriculum Framework and related school education resources, New Delhi.
6. Government of India - Digital India Programme : education and digital empowerment related materials.
7. World Bank - World Development Report: Learning to Realize Education's Promise- World Bank.
8. OECD - Education at a Glance: OECD Indicators, OECD Publishing.

ABHINAV GAVESHNA

Multi Displinary Quareterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal

I.S.S.N. : 2394-4366

(Multi Displinary Quareterly International Refreed/Peer Reviewed Research Journal)

(in Multi Language: Hindi + English + Sanskrit)

`Abhinav Gaveshna'

Sector-K-444, `Shiv Ram Kripa' World Bank Barra-Kanpur-208027 (U.P.)

Contact- 08896244776

E-mail: mohittrip@gmail.com

Visit us : www:abhinavgaveshna.com, thegunjan.com

Received: 15 February, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

विद्यापति एवं सूर के काव्य में प्रेम–तत्व के आधार पर सूरदास का सामान्य परिचय

Received: 15 February, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23018983
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– डॉ. शुभा बाजपेई
असिस्टेन्ट प्रोफेसर – हिन्दी विभाग,
एस. एन. सेन बालिका विद्यालय पी. जी. कालेज, माल रोड, कानपुर – 208001 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
shubhabajpayee.sb@gmail.com

सारांश

सूरदास हिन्दी के एक उत्कृष्ट कोटि के कवि हुए है। उनकी रचनायें उनकी श्रेष्ठता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। परन्तु श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति में ओत–प्रोत मन वाले सूर को अपने विषय में कुछ कहने की न तो आवश्यकता अनुभव हुई और न शायद फुरसत । अब जब सूर के विषय में नाना प्रकार से शोधकार्य हो रहा है तो उनके जन्म–मरण और रचनाओं के विषय में सप्रमाण तथ्यों का निर्धारण करना कठिन हो रहा है। सूर की रचनाओं के विषय में, निश्चित रूप से कहने में एक और आपत्ति आ उपस्थित होती है। वह यह है कि सूरश्याम, सूरजदास तथा सूरदास इन तीनों नामों की रचनायें अकेले अंधे कवि सूर द्वारा ही विभिन्न नामों से लिखी गई है, अथवा ये तीनों पृथक–पृथक तीन व्यक्ति थे। इन्हीं तीन नामों के आधार पर उनके जन्मादि के विषय में भी विद्वानों ने नाना विचार प्रस्तुत किये है। अतः उपर्युक्त तीनों नामों की प्राप्य रचनाओं को बिना तर्कसम्मत बुद्धि के अकेले सूरदास का कहना युक्ति संगत प्रतीत नहीं होता। दूसरे रचनाओं के नाम आदि को ध्यान में न रखकर भी उनके वर्ण, विषय अथवा आभ्यन्तर तथा बाह्य पक्ष को तर्क की कसौटी पर कसकर ही सूरकृत अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा रचित ठहराया जा सकता है।

मुख्य शब्द – ओत–प्रोत मन, पृथक–पृथक, आभ्यन्तर तथा बाह्य पक्ष, बिना तर्कसम्मत बुद्धि, आभ्यन्तर तथा बाह्य पक्ष।

सूरदास का सामान्य परिचय –

सूरदास जी ने अपने बारे में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं लिखा, यह आश्चर्य का विषय नहीं, क्योंकि प्राचीन कवियों में अपना नाम उजागर करने की प्रवृत्ति नहीं थी। उनका अपना व्यक्तित्व एक समर्पित व्यक्तित्व होता था, जो कुछ सोचते और कहते थे, उनमें समग्र लोक–जीवन के तथ्य विद्यमान थे। अतः उनका स्वान्तः सुखाय परान्तः सुखाय था। लोक का सुख उनका सुख था, लोक का दुःख उनका दुःख था। अतः उनकी वाणी में हर्ष और विषाद दोनों का सम्मिश्रण सुनाई पड़ता है। उनकी कृतियों में ही उनका व्यक्तित्व स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। किसी भी कवि के जीवन वृत्त की जानकारी के लिए अन्तः साक्ष्य और बहिः साक्ष्य दो माध्यम है। अन्तः साक्ष्य के अन्तर्गत कवि की स्वयं सृजित कृतियों को रखते है, जिनमें उनके स्वयं के

कथन एवं अनायास के संकेतों से सामग्री प्राप्त होती है। बहिः साक्ष्य के अन्तर्गत वह सामग्री आती है जिसका उल्लेख कवि के अतिरिक्त अन्य किसी ने किया हो।

(क) जीवन परिचय –

अन्तः साक्ष्य – इसके अन्तर्गत महाकवि की स्वयं सृजित कृतियाँ आती है। सूरसागर, सूर सारावली और साहित्य लहरी जैसी बहु प्रचलित कृतियाँ सूर के जीवन वृत्त के अध्ययन में सहायता प्रदान करती है। सूरदास की प्रसिद्ध कृति 'साहित्य–लहरी' में इनके वंश परिचय का संकेत मिलता है। पृथु के यज्ञ से पहले अद्‌भुत रूपधारी एक महापुरुष प्रकट हुआ। ब्रह्म ने सोच–विचारकर उसका अनुपम नाम 'ब्रह्मराव' रखा। देवी ने उसे दूध पिलाया, जिससे शिव आदि देवताओं को सुख मिला। दुर्गा ने कहा कि तेरा यह पुत्र अत्यन्त सुख पाने के लिए हुआ है। जिसने अपने पिता सहित स्वयं को देवताओं के चरणों में डालकर स्तुति की। उसी के प्रशंसनीय वंश में सुन्दर और नवीन चन्द हुआ जिसे राजा पृथ्वीराज ने ज्वालादेश दिया। उस चन्द के चार पुत्र हुए जिनमें से प्रथम को उसने स्वयं राजा बनाया। उसका दूसरा पुत्र गुणचन्द था, जिसका रूपवान पुत्र शीलचन्द हुआ। शीलचन्द का पूर्ण प्रतापी और अद्‌भुत रूपवान पुत्र वीरचन्द हुआ, जिसने रणथम्भौर के राजा हमीर के साथ पूर्ण सुख प्राप्त किया। उस वीरचन्द के अनुपम वंश में अति प्रसिद्ध हरचन्द हुआ जिसका वीर पुत्र आगरे में रहकर फिर गोपाचल में रहा था। उसके अत्यन्त वीर सात पुत्र हुए – कृष्णचन्द, उदारचन्द, रूपचन्द, प्रकाशचन्द, देवचन्द, प्रबोधचन्द और सूरजचन्द । यह सातवाँ पुत्र सूरजचन्द मूर्ख और निकम्मा था।[1]

स्पष्ट है कि सूरदास हिन्दी के आदिकालीन कवि चन्दवरदायी के वंशधर है। राजस्थान की यात्रा करते समय महामहोपाध्याय श्री हरप्रसाद शास्त्री ने चन्दवरदायी के वंशधरों की नगौरी शाखा के वर्तमान प्रतिनिधि श्री नानूराम के पास जो वंश–वृक्ष देखा था, उसमें तथा इसमें अधिक साम्य है। उसमें सूरदास के पिता का नाम रामचन्द दिया हुआ है। इस वंशावली को शुद्ध तथा प्रामाणिक मानते हुए डॉ. मुंशीराम शर्मा ने लिखा है– 'सूर ब्राह्मण थे और महाकवि चन्दवरदायी के वंश में उत्पन्न हुए थे। वे न प्रार्थज गोत्र के थे और न जगात वंश के । इन भ्रमात्मक बातों की कल्पना विद्वानों ने 'पृथु जागते', शब्दों को न समझने के कारण की है। जैसा उनके वंश वाले कहते है, वे भारद्वाज गोत्री थे। वाण, मयूर, हलायुध, जगद्वर आदि के समान भट्ट उनकी विद्वता–सूचक उपाधि थी, जो आगे चलकर परिस्थितियों के प्रभाव से यवनकाल में जाति–वाचक बन गई। जागा, पटिया, वैतालिक आदि के साथ उसका कोई सम्बन्ध नहीं है, वीरकाव्य संग्रह में भी चन्द को भट्ट ब्राह्मण ही माना गया है।'[2]

जाति–

किसी भी भक्त के लिए उसकी जाति का कोई महत्व नहीं होता, क्योंकि वे तो जाति के संकीर्ण स्तर से ऊपर उठकर भक्ति के उस विस्तृत और व्यापक धरातल पर पहुँच जाते है, जहाँ वे केवल एक मनुष्य के रूप में अपने आराध्य देव के दास बन जाते है। तब 'भक्त' ही उनकी जाति रह जाती है और श्भक्तिश ही धर्म। यही कारण है कि भक्तों की जातियाँ प्रायः विवादास्पद रही है।

अनेक विद्वानों ने सूरदास की रचनाओं के उद्धरण देकर उन्हे भिन्न–भिन्न जातियों का सिद्ध करने का प्रयास किया है। ब्राह्मण के अतिरिक्त इन्हे भाट, जगात, जाट, ढाढ़ी, आदि जातियों से सम्बद्ध किया गया है। सूरदास जी ब्राह्मण थे, इस मत की पुष्टि में ही अधिक मत उपलब्ध होते है। श्री हरिराय जी ने इन्हें स्पष्ट रूप से सारस्वत ब्राह्मण बताया है।

नाम –

सूरदास की रचनाओं में उनके अनेक नाम जैसे– सूर, सूरज, सूरदास और सूरस्याम मिलते है। डॉ. दीन दयाल गुप्त उपर्युक्त सब नामों को सूरदास का ही नाम मानते है। उन्होने लिखा है– । "उक्त छाप के पद बल्लभ सम्प्रदायी, प्राचीन संग्रहालयों में भी उपलब्ध होते है और उन पदों में सूर के साम्प्रदायिक विचारों की छाप है।'[3]

इसके अतिरिक्त मीतल का कथन है – 'हमारा अनुमान है कि उनका नाम सूरज था। सूरज का लघु रूप सूर है। फिर वैष्णवता के कारण सूरज, सूरजदास अथवा सूरश्याम नाम पड़ गये ।'[4] इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि सूरदास का मूल नाम सूरदास ही था। इसका आधार है इनकी जन्मान्धता । अन्धे मनुष्य को सूरदास कहना आज भी समाज के सभी वर्गों में प्रचलित है। गोस्वामी हरिराम ने अपने 'भाव प्रकाश' में 'सूर', 'सूरदास', 'सूरदास' और 'सूरस्याम' नामों का उल्लेख किया है।

जन्मस्थान–

सूरदास के जन्म स्थान के विषय में भी विद्वानों में मतभेद है। 'साहित्य–लहरी' के वंशावली वाले पद में एक पंक्ति – 'आगरे रहि गोपाचल में रह्यो ता सुत बीर।' अर्थात्

जिसका वीर पुत्र आगरे में रह रहा था, फिर गोपाचल में रहा था। इस आधार पर यह माना जाता है कि सूरदास के पिता किसी समय गोपाचल में जा बसे थे। गोपाचल और गोपाद्रि ग्वालियर के प्राचीन नाम है। इसलिए डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने ग्वालियर को सूरदास का जन्म स्थान माना है।

इसके अतिरिक्त श्री हरिराय का कथन है– "जो सूरदास जी दिल्ली के पास चारि कोस उरे में एक सीही ग्राम है, जहाँ राजा परीक्षित के बेटा जन्मेजय ने सर्पयज्ञ कियौ है, सो तागाम में एक सारस्वत के यहाँ प्रगटे ।"[5] आधुनिक विद्वान इसी ग्राम को सूरदास का जन्म स्थान मानते हैं।

सूरदास के जन्म स्थान के बारे में विद्वानों में मतैक्य नहीं है, अतः श्सर्वमान्य मतश अभी तक प्रतिपादित नहीं हो सका है। मियसिंह ने 'भक्त विनोद' में इनका जन्मस्थान मथुरा बताया है–

'मथुरा प्रान्त बिप्रवर गेहा।
भो उत्पन्न भक्त हरि नेहा।।'

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तथा डॉ. श्यामसुन्दर दास ने सूरदास जी का जन्म स्थान मथुरा के समीप छोटा–सा गाँव रूनकता ठहराया है। जबकि हरिराम ने दिल्ली के निकट सीही गाँव पर बल दिया है।

जन्म–संवत्–

सूरदास जी पुष्टिमार्ग के भक्त थे, अतः पुष्टिमार्ग की मान्यताओं के अनुसार बल्लभाचार्य जी का जन्म बैसाख कृष्ण एकादशी रविवार सम्वत् 1535 में हुआ था। सूरदास जी अवस्था में बल्लभाचार्य से 7 वर्ष छोटे थे। अतः इस आधार पर सूरदास का जन्म सम्वत् 1535 से संवत् 1542 तक माना जा सकता है।

जन्मतिथि –

सूरदास के जन्म संवत् निर्धारण में विद्वानों में पर्याप्त मतभेद रहा है। अधिकांश विद्वानों ने सूरदास की जन्मतिथि वैशाख शुक्ल 5, संवत् 1535 विक्रमी ही उपयुक्त मानी है।

'सूरसारावली' तथा 'साहित्य–लहरी' की रचना 'सूरसागर' के बाद ही हुई है। यदि उपर्युक्त दोनों ग्रन्थों का रचनाकाल एक ही मान लें तो यह निष्कर्ष निकलता है कि संवत् 1607 तक सूरदास की आयु 67 वर्ष की थी, अर्थात् उनका जन्म 1540 में हुआ था। डॉ. रामकुमार वर्मा तथा आचार्य शुक्ल ने सूरदास का जन्म काल यही माना है। संवत 1540 का आधार सूर की 'साहित्य–लहरी' की निम्न पंक्तियाँ हैं–

'मुनि पुनि रसन के रस लेख ।
दसन गौरीनन्द को लिखि सुबल संवत् देख ।।'[6]

नेत्रहीनता–

सूरदास अंधे थे, यह तो सब प्रकार से सबको मान्य है ही, पर कब अन्धे हुए?इस विषय में विद्वानों में मतभेद है। गुसाई हरिराय की 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' की टीका के अनुसार सूरदास जन्मान्ध थे। इतना ही नहीं वह तो कहते है कि उनके केवल भौहें थीं, आँखों के ठीकरे भी न थे। सूरदास के अंधे होने को व्यक्त करने वाले उनके निम्न पद–भाग द्रष्टव्य है–

1. **यहै जिय जानि के अंध भव त्रास तैं।**
   सूर कामी कुटिल सरन आयौ ।'[72]
2. **सूरदास की एक आँखि है ताहू में कछु कानो।47।**
3. **सूर कूर आंधरों मैं द्वार पर यौ गाऊँ ।66।**
4. **कर जोरि सूर विनती करै सुनहु न हो रुकमनि–खन।**
   काटौ न फंद मो अंध के, अब विलम्ब कारन कवन ।180।'[7]

प्रारम्भिक जीवन और गृह–त्याग–

प्रारम्भ में यह बताया जा चुका है कि सूरदास की वंशावली के अनुसार रामदास के सात पुत्र थे – सूरदास उनमें से एक थे। सूर के अन्य छः भाई मुसलमानों के साथ युद्ध करते हुए मारे गये तब उनके पिता वृद्धावस्था में अत्यन्त निराश और दुःखी हुए तब वह कहीं दरबारी मुसाहिब बने। इन सब कारणों से सूर में वैराग्य–भावना जाग्रत हुई और उन्होंने गृह–त्याग दिया। परन्तु यह प्रामाणिक नहीं है। हरिराम जी के 'भाव प्रकाश' से पता चलता है कि सूरदास दरिद्र ब्राह्मण के पुत्र थे। अन्धत्व के कारण सूर के माता–पिता बहुत दुःखी थे और उनके निधन होने के कारण सूर उन पर भार स्वरूप थे। अतः सूर छैः वर्ष तक तो माता–पिता के साथ रहे तत्पश्चात् वह सीही ग्राम को छोड़कर एक तालाब के किनारे कुटिया बनाकर रहने लगे। सूरदास ज्योतिष भी जानते थे। वह खोई हुई चीजों का पता बता दिया करते थे। ज्योतिषी होने के कारण सूर का नाम फैल गया। उनके पास बहुत दूर–दूर के लोग आने लगे। इस प्रकार उनके पास बहुत–सा धन इकट्ठा हो गया, परन्तु जब उन्हे ज्ञान हुआ कि वह तो माया–मोह त्यागकर आये है, तो उन्होंने सब धन अपने पिता को अर्पित कर दिया और स्वयं गऊघाट जाकर रहने लगे।

गुरूदीक्षा–

सूरदास जी वल्लभाचार्य जी के शिष्य थे। गऊघाट

पर रहते समय ही उनको वल्लभाचार्य जी का दर्शन लाभ हुआ था, जिनको सूरदास जी ने विनय के पद गाकर सुनाये थे। एक पद इस प्रकार है–

'हौं हरि! सब पतितन कौ नायक ।

... ...

प्रभु हौं सब पतितन को टीकौ ।'[8]

इस पर वल्लभाचार्य जी अत्यन्त प्रसन्न हुए, परन्तु उन्होने सूर की आत्महीनता की भावना को देखकर कहा कि 'तुम सूर होकर भी ऐसी दीनता दिखाते हो। कुछ भगवद्–लीलाओं का वर्णन करो और फिर उन्हें पुष्टि मार्ग में दीक्षित कर लिया। तदुपरान्त सूरदास जी ने अनन्य भाव से श्रीकृष्ण के यशगान में अपना जीवन लगा दिया। सूरदास जी ने गुरू की कृपा से कृष्ण–प्रेम–लीला गान में सानन्द विहार किया। उन्होने अपने अज्ञान के कालुष्य को हरण करने वाले गुरू को विस्मृत नहीं किया वरन् उनकी कृपा का आभार सर्वत्र माना है।'

सूर का निधन तथा संवत्–

सूरदास के देहावसान के विषय में भी उसी प्रकार कोई प्रमाण प्राप्त नहीं है, जैसे उनके जन्म के विषय में, हाँ उनके जीवन–सम्बन्धी घटनाओं के आधार पर उनकी मृत्यु तिथि का अनुमान लगाया जा सकता है। कहते हैं कि सूरदास को अपना अंतिम समय मालूम पड़ गया था। एक दिन वे श्रीनाथ के मन्दिर में आरती करके परासौली चले गये थे वहीं पर उन्होने अपने जीवन की लीला समाप्त कर दी थी। पुष्टिमार्गीय विद्वानों ने उनका निधन संवत् 1620 को माना है, पर यह उचित नहीं है, क्योंकि सूरदास की मृत्यु गोसाई विट्ठलनाथ की उपस्थिति में हुई थी। गोसाई जी के साम्प्रदायिक इतिहास के अनुसार सूर सम्वत् 1616 से संवत् 1621 तक ब्रज में उपस्थित थे, अतः संवत् 1620 सूर का निधन संवत् उचित नहीं जान पड़ता है।[9]

बाह्य साक्ष्य –

इसके अन्तर्गत महाकवि के समकालीन एवं परवर्ती कवियों की कृतियों से जीवन–वृत्त की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है, उनमें से कुछ कृतियाँ इस प्रकार हैं– 1. चौरासी वैष्णवन की वार्ता 2. अन्य वार्ता साहित्य 3. हरिराम कृत 'भाव प्रकाश' टीका 4. बल्लभ दिग्विजय, 5. प्राणनाथ कवि कृत 'अष्टासखामृत' 6. श्रीनाथ भट्ट कृत 'संस्कृत वार्ता मणिमाला' 7. नाभादास कृत 'भक्तभाल' 8. द्वारकेश जी भावना वालों का 'भाव संग्रह' 9. जमुनादास कृत 'धौल' 10. महाराजा रघुराज सिंह कृत 'राम रसिकावली' 11. कवि मियाँ सिंह कृत 'भक्त–विनोद' 12. ध्रुवदास कृत 'भक्त नामावली' 13. हरिराम व्यास की 'व्यासवाणी' 14. 'आइने अकबरी' 15. नागरीदास कृत 'नागर समुच्चय' 16. 'मुंशियाते अबुल फजल' 17. 'मुतखबुत्तवारीख' 18. बाबा बेनीमाधव कृत 'मूल गुसाई चरित' 19. अनेक जनश्रुतियाँ।

आरम्भिक जीवन, गुरूदीक्षा एवं मृत्यु –

हरिराय के 'भाव प्रकाश' में सूरदास जी के आरम्भिक जीवन का विवरण प्राप्त हो जाता है। इस विवरण के अनुसार यह एक साधारण सारस्वत ब्राह्मण परिवार में जन्मे थे। छै वर्ष की अल्पायु में ही सूरदास जी अपना गाँव छोड़कर कुछ दूर पर तालाब के किनारे पीपल के पेड़ के नीचे कुटी बनाकर रहने लगे। वहाँ 18 वर्ष की आयु तक रहने के बाद मथुरा आगरा के मध्य गऊघाट पर अपना निवास स्थान बना लिया। गऊघाट में रहने के बाद ही सूरदास जी वल्लभाचार्य के सम्पर्क में आये। संवत् 1567 में पुष्टि सम्प्रदाय में दीक्षित हुए तथा अन्तिम समय तक सम्प्रदाय की सेवा करते रहे । सूरदास की मृत्यु संवत् 1640 के लगभग अधिकांश विद्वानों ने स्वीकार की। इस प्रकार अन्तः साक्ष्य एवं बाह्य साक्ष्य के प्रमाणों के आधार पर हमें सूरदास के जीवन के विषय में गहराई से पता चलता है कि सूरदास भक्तिकाल के कृष्ण काव्य धारा के एक महान कवि है और इनके द्वारा रचित साहित्य, गन्थ आदि हिन्दी साहित्य की अनुपम निधि है।

सूरदास की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय–

सूरदास हिन्दी के एक उत्कृष्ट कोटि के कवि हुए है। उनकी रचनायें उनकी श्रेष्ठता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। परन्तु श्रीकृष्ण भगवान् की भक्ति में ओत–प्रोत मन वाले सूर को अपने विषय में कुछ कहने की न तो आवश्यकता अनुभव हुई और न शायद फुरसत । अब जब सूर के विषय में नाना प्रकार से शोधकार्य हो रहा है तो उनके जन्म–मरण और रचनाओं के विषय में सप्रमाण तथ्यों का निर्धारण करना कठिन हो रहा है। सूर की रचनाओं के विषय में, निश्चित रूप से कहने में एक और आपत्ति आ उपस्थित होती है। वह यह है कि सूरश्याम, सूरजदास तथा सूरदास इन तीनों नामों की रचनायें अकेले अंधे कवि सूर द्वारा ही विभिन्न नामों से लिखी गई है, अथवा ये तीनों पृथक–पृथक तीन व्यक्ति थे। इन्ही तीन नामों के आधार पर उनके जन्मादि के विषय में भी विद्वानों ने नाना विचार प्रस्तुत किये है। अतः उपर्युक्त तीनों नामों की प्राप्य रचनाओं को बिना तर्कसम्मत

बुद्धि के अकेले सूरदास का कहना युक्ति संगत प्रतीत नहीं होता। दूसरे रचनाओं के नाम आदि को ध्यान में न रखकर भी उनके वर्ण, विषय अथवा आभ्यन्तर तथा बाह्य पक्ष को तर्क की कसौटी पर कसकर ही सूरकृत अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा रचित ठहराया जा सकता है।

हिन्दी साहित्य की विभिन्न खोजों का श्रेय नागरी प्रचारिणी सभा काशी को ही है। सूर सम्बन्धी जो खोज उक्त सभा द्वारा की गई है, उसके अनुसार सूरदास जी द्वारा लिखित 25 ग्रन्थ प्राप्य बतलाये जाते है। इन ग्रन्थों के नाम इस प्रकार है–

1. सूर सारावली	2. सूर सागर
3. साहित्य लहरी	4. भागवत भाषा
5. दशम स्कन्ध भाषा	6. सूर सागर–सार
7. सूर रामायण	8. मानलीला
9. राधा रसकेलि कौतूहल	10. गोवर्धन लीला
11. दान लीला	12. भँवर गीत
13. नाग लीला	14. व्याहलो
15. प्राण–प्यारी	16. दृष्टिकूट के पद
17. सूर–शतक	18. सूर–साठी
19. सूर पचीसी	20. सेवाफल
21. विनय के पद	22. राम जन्म।
23. एकादशी महात्म्य	24. नलदमयन्ती
25. हरिवंश टीका (संस्कृत)।	

सूरसागर, सूरसारावली और साहित्यलहरी सूरदास की ही रचनायें मानी जाती है। इनके अतिरिक्त, सूर निर्णयकार श्री द्वारकादास परीख और श्री प्रभुदयाल मीतल ने सूरसाठी, सूरपच्चीसी, सेवाफल और सूरदास के विनय आदि के स्फुट–पद नामक ग्रन्थों को भी सूरदास की रचनायें स्वीकार किया है। इन लेखकों ने इन कृतियों का जो परिचय दिया है, वह इस प्रकार है–

1. सूरसाठी – वार्ता के अनुसार सूरदास ने इसकी रचना एक बनिये के लिये की थी, अतः यह एक स्वतन्त्र रचना है। सूरसागर में जिस स्थान पर यह प्राप्त होती है, वहाँ इसकी असंगति स्पष्ट ज्ञात होती है।

2. सूर पच्चीसी – वार्ता के अनुसार इसकी रचना सूरदास और अकबर के भेंट के समय हुई थी, अतः यह भी एक स्वतन्त्र रचना है।

3. सेवाफल – महाप्रभु बल्लभाचार्य जी के संस्कृत ग्रन्थ 'सेवाफल' के विवरण स्वरूप सूरदास ने इसकी रचना की थी।

सूरदास के पद – इसमें सूरदास के स्फुट पदों का संग्रह है। सूरदास ने मन्दिर में प्रार्थना आदि के रूप में कतिपय व्यक्तियों को वैराग्यादि का उपदेश देते हुए, जिन छोटे पदों की रचना की थी, उन सबका इसमें समावेश हो जाता है। उपर्युक्त ये ग्रन्थ भी सूरदास के हो सकते है, किन्तु जिन ग्रन्थों के द्वारा सूरदास की कीर्ति अमर है, जिनके द्वारा इन्हे साहित्य और भक्ति के क्षेत्र में मूर्धन्य स्थान प्राप्त है और जिन्हे कतिपय आलोचकों के अतिरिक्त सभी विद्वान सूरदास की रचनायें स्वीकार करते हैं, वे हैं– सूरसागर, सूरसारावली, साहित्य लहरी आदि।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. सूर सौन्दर्य – डॉ. सरला शुक्ला, पृष्ठ संख्या – 18।
2. सूरदास और उनका काव्य साहित्य – डॉ. देशराज सिंह भाटी, पृष्ठ संख्या – 5।
3. भ्रमरगीत सार – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ संख्या – 11।
4. सूरदास और उनका साहित्य – डॉ. देशराज सिंह भाटी, पृष्ठ संख्या – 11।
5. सूरदास और उनका साहित्य – डॉ. देशराज सिंह भाटी, पृष्ठ संख्या – 12।
6. भ्रमरगीत सार – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ संख्या – 3।
7. सूरदास एक अध्ययन – प्रो. भारत–भूषण 'सरोज', पृष्ठ संख्या – 17।
8. भ्रमरगीत सार – आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ संख्या – 5।
9. सूरदास एक अध्ययन – प्रो. भारत–भूषण 'सरोज', पृष्ठ संख्या – 181।
10. सूर सौन्दर्य – डॉ. सरला शुक्ला, पृष्ठ संख्या – 23।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

जनपद हरदोई के अपवाहतंत्र का भौगोलिक विश्लेषण

Received: 25 January, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23019151
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– डॉ. ललित कुमार यादव
शोध पर्यवेक्षक–भूगोल विभाग,
मेजर एस. डी. सिंह विश्वविद्यालय,
फर्रुखाबाद–209625 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
lalitkumaryadav11@gmail.com



– वर्तिका चौरसिया
शोध छात्रा–भूगोल विभाग,
मेजर एस. डी. सिंह विश्वविद्यालय,
फर्रुखाबाद–209625 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
vartikachaurasia740@gmail.com

सारांश

जनपद हरदोई का क्षेत्र वर्षा ऋतु में गर्रा व सेंधा नदी तथा गौरिया नाला के कारण बाढ़ से प्रभावित रहता है। एक झाबर सिकन्दरपुर नकटौरा के पास स्थित है। इस भू–भाग की औसत ऊँचाई 140 मीटर है। इस भू–भाग का सबसे ऊँचा क्षेत्र 146.3 मीटर है। गंगा और गोमती नदी के पश्चिमी भाग के मध्य मध्यवर्ती–पश्चिमी निम्न भू–भाग विस्तृत है। यह जनपद का सर्वाधिक उपजाऊ भाग है। इस मैदानी भाग में सई नदी उत्तर से दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है। जनपद के मध्य भाग में सई नदी के उपजाऊ मैदान में दोमट व चीका मिट्टी की प्रधानता है। यहाँ तालाब, झीलें व ऊसर भी पाये जाते हैं। इस क्षेत्र की समुद्र तल से ऊँचाई 135 मीटर है। जनपद का दक्षिणी–पूर्वी मैदानी भाग गोमती नदी का निकटवर्ती क्षेत्र है। यहाँ प्रकृति के अनेक रूप जैसे बालू के टीलों से लेकर ऊबड़–खाबड़ अनुपजाऊ मैदान व दलदल भी पाये जाते हैं। बालू के टीले निकट भविष्य में कृषि के लिए भूमि विनाश के प्रतीक हैं क्योंकि ये अस्थाई व परिवर्तित होते रहते हैं। इस क्षेत्र की समुद्र तल से औसत ऊँचाई 130 मीटर है।

बीज–शब्द – जलापूर्ति, समाहित, अपवाह क्षेत्र, धरातलीय संरचना, औसत ऊँचाई,समुद्रतल, चेन्नई तट।

जनपद का भौगोलिक परिचय –

शोधार्थी द्वारा चयनित अपने अध्ययन क्षेत्र हरदोई जनपद के भौगोलिक स्वरूप का वर्णन प्रस्तुत किया गया है। उत्तर–प्रदेश के मध्य भू–भाग के रूप में हरदोई जनपद जनपदीय गौरव को विभूषित कर रहा है। हरदोई जनपद हरदोई नगर के नाम से विख्यात है। यह 1100 वर्ष पूर्व सन्त 'श्री हरदेव बाबा' के नाम से अधिवासित किया गया था जिनका मन्दिर आज भी हरदोई नगर में स्थित है।[1] पौराणिक कथाओं के अनुसार हरदोई नगर का सम्बन्ध हरिद्रोही हिरण्यकश्यप से भी रहा है। अतः प्रारम्भ में इस नगर को 'हरिद्रोही' के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त थी। कालान्तार में इसका नाम हरिद्रोही से बदलकर हरदोई कर दिया गया। स्वतन्त्रता प्राप्ति में यहाँ के वीर सपूतों का अपूर्व सहयोग एवं बलिदान के कारण उनकी गौरव गाथाएँ इस जनपद की अमूल्य धरोहर बन गई।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से सन् 1856 में ब्रिटिश संयोजन प्रक्रिया द्वारा मल्लावाँ नगर को जनपद का मुख्यालय बनाया गया, परन्तु सन् 1858

में हरदोई नगर की स्थिति केन्द्रीय होने के कारण प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से हरदोई नगर को जनपद का मुख्यालय बनाया गया।[2] प्रशासनिक दृष्टि से हरदोई जनपद को 5 तहसीलों में विभक्त किया गया है। सन् 1998 से पूर्व जनपद में 4 तहसीलें थीं। सन् 1998 में सवायजपुर तहसील के सृजन के फलस्वरूप कुल 5 तहसीलें हो गई जो निम्नवत् हैं –1. शाहाबाद, 2. हरदोई, 3. सवायजपुर, 4. बिलग्राम, 5. सण्डीला। हरदोई जनपद में 19 विकासखण्ड हैं जिनके नाम निम्नवत् हैं – शाहाबाद, टोडरपुर, पिहानी, हरियावाँ, टड़ियावाँ, अहिरोरी, सुरसा, बावन, भरखनी, हरपालपुर, साण्डी, बिलग्राम, माधौगंज, मल्लावाँ, सण्डीला, कछौना, कोथावाँ, भरावन तथा बेहन्दर है।

वर्ष 2011 की जिला जनगणना पुस्तिका के अनुसार हरदोई जनपद का कुल क्षेत्रफल 5986.00 वर्ग किलोमीटर है। हरदोई जनपद के 19 विकासखण्डों में 13 नगर एवं 1 जनगणना नगर है। इनमें हरदोई, शाहाबाद, सण्डीला, मल्लावाँ, पिहानी, बिलग्राम व साण्डी नगर पालिका परिषद तथा पाली, माधौगंज, गोपामऊ, कुरसठ, बेनीगंज व कछौना नगर पंचायत के अन्तर्गत आते हैं, इनके अतिरिक्त सोम को सन् 2001 की जनगणना में जनगणना नगर की प्रास्थिति प्रदान की गई। हरदोई जनपद में भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा नगर मल्लावाँ (11.43 वर्ग किलोमीटर) तथा सबसे छोटा नगर बेनीगंज (1.75 वर्ग किलोमीटर) है। जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा नगर हरदोई (112486 व्यक्ति) तथा सबसे छोटा नगर सोम (3575 व्यक्ति) है।

हमारे देश के हृदय स्थल उत्तर–प्रदेश राज्य में गंगा गोमती के मध्यवर्ती दोआब में हरदोई जनपद स्थित है। जनपद का अक्षांशीय विस्तार 26^{0} 53′ उत्तर से 27^{0} 47′ उत्तरी अक्षांशों तक तथा देशान्तरीय विस्तार 79^{0} 41′ पूर्व से 80^{0} 49′ पूर्वी देशान्तरों के मध्य है। हरदोई जनपद के उत्तर में शाहजहाँपुर व लखीमपुर खीरी जनपद, पूर्व में सीतापुर जनपद, दक्षिण–पूर्व में लखनऊ जनपद, दक्षिण में उन्नाव व कानपुर जनपद, दक्षिण–पश्चिम में कन्नौज जनपद व पश्चिम में फर्रूखाबाद जनपद स्थित है। जनपद की पूर्वी सीमा गोमती नदी द्वारा निर्धारित होती है जो हरदोई व सीतापुर जनपद के मध्य सीमा रेखा का निर्धारण करती है।


हरदोई जनपद गंगा–गोमती के मध्यवर्ती दोआब में स्थिति गंगा के विशाल मैदान का एक भाग है। उत्तर भारत के इस मैदानी भाग की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार प्रस्तुत किये है। प्रमुख विचारधारा में एडवर्ड स्वेस एवं कर्नल बुरार्ड[3] सम्मिलित हैं। स्वेस महोदय ने इस मैदान की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि इस मैदान की उत्पत्ति हिमालय व दक्षिणी प्रायद्वीपीय पठार के मध्य निर्मित खड्ड में हिमालय से निकलने वाली नदियों के निक्षेपण से हुई है। ओल्डहम[4] के अनुसार निक्षेप की मोटाई 4000 मीटर तथा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के अनुसार 4500 से 6000 मीटर तक है। इस क्षेत्र का सामान्य ढाल उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व है। हरदोई जनपद की धरातलीय संरचना में नदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। जनपद का उत्तरी भाग उच्च, मध्यवर्ती व पश्चिमी भाग निम्न तथा दक्षिणी–पूर्वी भाग समतल है। नदियों के किनारे बीहड़ पाये जाते हैं।[5]

किसी भी क्षेत्र की अपवाह प्रणाली का उस क्षेत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। मानव जीवन में नदियों का सम्बन्ध धमनियों एवं शिराओं जैसा होता है। जल सम्पूर्ति का सीधा सम्बन्ध अपवाह प्रणाली से है। अतः जलापूर्ति, अधिवास, भूमि उपयोग और अर्थव्यवस्था के लिए अपवाह प्रणाली अत्यधिक महत्वपूर्ण है।[6] कृषि के अधिकाधिक उत्पादन हेतु अपवाह व्यवस्था का अच्छा होना नितान्त आवश्यक है। प्रवाह प्रणाली के अन्तर्गत किसी एक क्षेत्र की एक ही नदी या उसकी सहायक नदियों का अध्ययन नहीं किया जाता है वरन् उस क्षेत्र की समस्त जलधाराओं का अध्ययन किया जाता है।[7] नदियाँ प्राचीनकाल से मानव जीवन की गतिविधियों का मुख्य साधन रही हैं। भारत के आर्थिक विकास में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। अध्ययन क्षेत्र हरदोई जनपद में गंगा, रामगंगा, गर्रा, सई व गोमती प्रमुख नदियाँ है। अध्ययन क्षेत्र में नदियाँ मुख्यतः उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व की ओर प्रवाहित होती हैं। गंगा, रामगंगा व गर्रा जनपद के पश्चिमी भाग को, सई नदी मध्य भाग को व गोमती नदी जिले के पूर्वी भाग को सिंचित करती हैं। जनपद में विभिन्न नदियों का अपवाह सारणी क्रमांक 1 में एवं मानचित्र क्रमांक 1 में दर्शाया गया है।

नदियों के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निम्नवत् है –

1. सेंधा नदी अपवाह तन्त्र – सेंधा नदी शाहजहाँपुर जनपद से हरदोई जनपद में प्रवेश करती है। जनपद में इसका अपवाह क्षेत्र 25 किलोमीटर है। यह नदी भरखनी विकासखण्ड से होती हुई हरपालपुर विकासखण्ड

चित्र संख्या – 1



की सीमा पर रामगंगा से मिल जाती है। अपनी उपजाऊ मिट्टी को अपने समीपस्थ क्षेत्र में बिछाकर यह क्षेत्र को उपजाऊ बनाती है।

2. गंगा नदी अपवाह तन्त्र – गंगा भारत की महत्वपूर्ण नदी है। जो समतल मैदान में प्रवाहित होती हुयी उपजाऊ घाटी का निर्माण करती है। प्राचीनकाल से ही यह हिन्दुओं की पवित्र नदी रही है। बर्फ से आच्छादित हिमालय की चोटियों से निकलकर लगभग 951600 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर प्रवाहित होती है। भारत में इसका प्रवाह क्षेत्र 2071 किलोमीटर है।[8] सम्पूर्ण वर्ष जलापूर्ति जनपद में बनी रहती है। यह जनपद में उत्तर–पूर्व से प्रवेश करके दक्षिणी–पश्चिमी सीमा का निर्धारण करती है। यह अध्ययन क्षेत्र के हरपालपुर, बिलग्राम, माधौगंज तथा मल्लावाँ विकासखण्डों से होकर प्रवाहित होती है।

3. रामगंगा नदी अपवाह तन्त्र – रामगंगा, गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदी है। यह बैजनाथ के निकट गढ़वाल जनपद के निम्न हिमालय से निकलती है। जनपद मे इसका अपवाह क्षेत्र 44 किलोमीटर है। रामगंगा नदी जनपद के पश्चिमी भाग में उत्तर से दक्षिण की ओर प्रवाहित होती हुई अपने में सेंधा, नीलम, गर्रा, सुखेता,

सारणी क्रमांक – 1

हरदोई जनपद : विभिन्न नदियों का अपवाह (लम्बाई किलोमीटर में)

क्र0	नदी का नाम	क्र0	विकासखण्ड का नाम	लम्बाई	योग
1	सेंगा	1.	भरखनी	25	25
2	गंगा	1.	हरपालपुर	9	35
		2.	बिलग्राम	12	
		3.	माधौगंज	7	
		4.	मल्लावाँ	7	
3	रामगंगा	1.	हरपालपुर	22	44
		2.	साण्डी	10	
		3.	बिलग्राम	12	
4	गर्रा	1.	टोडरपुर	35	59
		2.	बावन	8	
		3.	साण्डी	10	
		4.	बिलग्राम	6	
5	सई	1.	पिहानी	20	125
		2.	हरियावाँ	12	
		3.	टडियावाँ	15	
		4.	अहिरोरी	25	
		5.	कछौना	3	
		6.	माधौगंज	10	
		7.	मल्लावाँ	10	
		8.	वेहन्दर	30	
6	गोमती	1.	पिहानी	22	157
		2.	हरियावाँ	20	
		3.	टडियावाँ	20	
		4.	अहिरोरी	10	
		5.	कोधावाँ	35	
		6.	भरावन	50	

स्रोत : सांख्यिकीय आंकलन एवं व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित, 2023–24

गौरेया एवं करवा आदि छोटी–छोटी नदियों को आत्मसात् कर लेती है। यह जनपद के हरपालपुर, साण्डी व बिलग्राम विकासखण्डों से होकर प्रवाहित होती है। यह पश्चिमी भाग में फर्रूखाबाद व हरदोई जनपद के मध्य सीमा रेखा का निर्धारण करती है।

4. गर्रा नदी अपवाह तन्त्र – गर्रा नदी हिमालय के निचले भाग से निकलकर नैनीताल से आगे देवहा के नाम से जानी जाती है जो पीलीभीत तथा शाहजहाँपुर जनपद को 13 किलोमीटर तक पृथक करती हुई हरदोई जनपद की सीमा में दक्षिण की ओर प्रवाहित होकर सेंधा नदी को अपने में समाहित कर बरमौली के निकट रामगंगा से मिल जाती है। यह जनपद के टोडरपुर, बावन, साण्डी, बिलग्राम विकासखण्डों से होकर गंगा में मिल जाती है। इस प्रकार जनपद में इसका कुल अपवाह क्षेत्र 59 किलोमीटर है।

5. सई नदी अपवाह तन्त्र – जनपद में सई नदी गंगा की प्रमुख सहायक नदी है। जनपद में इसका अपवाह क्षेत्र 125 किलोमीटर है। सई नदी पीलीभीत, शाहजहाँपुर, खीरी जनपद से प्रवाहित होती हुई हरदोई जनपद में प्रवेश करती है और जनपद के मध्य भाग से प्रवाहित होती है। सई नदी जनपद के पिहानी, हरियावाँ, टडियावाँ, अहिरोरी, कछौना, माधौगंज, मल्लावाँ एवं बेहन्दर विकासखण्डों से होकर प्रवाहित होती है। यह जनपद के आलमनगर नामक स्थान से प्रविष्ट करके दक्षिण की ओर प्रवाहित होती हुई दक्षिण–पूर्व में सण्डीला की सीमा बनाती हुई उन्नाव जनपद में प्रवेश करती है।

6. गोमती नदी अपवाह तन्त्र – गोमती नदी खीरी जनपद से प्रवाहित होती हुई हरदोई जनपद के पवित्र ग्राम देवकली से होती हुई जनपद लखनऊ में प्रवेश करती है। यह जनपद के पिहानी, हरियावाँ, टडियावाँ, अहिरोरी, कोथावाँ व भरावन विकासखण्डों से होकर प्रवाहित होती है। इस प्रकार सम्पूर्ण हरदोई जनपद में इसका अपवाह क्षेत्र सर्वाधिक 157 किलोमीटर है। यह नदी हरदोई जनपद को सीतापुर जनपद से पृथक करती है।

7. जल के अन्य स्रोत – नदियों के अतिरिक्त जनपद में बहुत से नालें, झीलें, तालाब व दलदल पाये जाते है। प्रमुख नालों में सोंटा, गर्रई, नरभू, केरसवा, बिस्वा, खरगा तथा लोनी आदि नालें है। प्रमुख झीलों में साण्डी के निकट दहर झील हरदोई जनपद की सर्वाधिक महत्वपूर्ण झील है। साण्डी पक्षी विहार का अस्तित्व इसी दहर झील के कारण है। दहर झील के अतिरिक्त बरूआ, बारा, खुद्दी, चन्दन, गजेला तथा भगेई आदि प्रमुख झीलें है। मड़रा, झलना, सेवा, तलवा, दहिगवाँ, मरसा, गरिया, गंगा सागर आदि यहाँ के प्रमुख ताल है। पुनिया व छमारी प्रमुख झाबर हैं। **(सारिणी क्रमांक–1 पिछले पृष्ठ पर देखें)**

निष्कर्ष –

जनपद हरदोई का क्षेत्र वर्षा ऋतु में गर्रा व सेंधा नदी तथा गौरिया नाला के कारण बाढ़ से प्रभावित रहता है। एक झाबर सिकन्दरपुर नकटौरा के पास स्थित है। इस भू–भाग की औसत ऊँचाई 140 मीटर है। इस भू–भाग का सबसे ऊँचा क्षेत्र 146.3 मीटर है। गंगा और गोमती नदी के पश्चिमी भाग के मध्य मध्यवर्ती–पश्चिमी निम्न भू–भाग विस्तृत है। यह जनपद का सर्वाधिक उपजाऊ भाग है। इस मैदानी भाग में सई नदी उत्तर से दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है। जनपद के मध्य भाग में सई नदी के उपजाऊ मैदान में दोमट व चीका मिट्टी की प्रधानता है। यहाँ तालाब, झीलें व ऊसर भी पाये जाते हैं। इस क्षेत्र की समुद्र तल से ऊँचाई 135 मीटर है। जनपद का दक्षिणी–पूर्वी मैदानी भाग गोमती नदी का निकटवर्ती क्षेत्र है। यहाँ प्रकृति के अनेक रूप जैसे बालू के टीलों से लेकर ऊबड़–खाबड़ अनुपजाऊ मैदान व दलदल भी पाये जाते हैं। बालू के टीले निकट भविष्य में कृषि के लिए भूमि विनाश के प्रतीक हैं क्योंकि ये अस्थाई व परिवर्तित होते रहते हैं। इस क्षेत्र की समुद्र तल से औसत ऊँचाई 130 मीटर है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. Chaturvedi, A.K., 1999, "Historical and Cultural Heritage of District Hardoi", Akanksha Publications, Hardoi, ,Page- 7.
2. Gazetteer of India, 1988, "Hardoi District", New Government Press, Lucknow, U.P.
3. Burrard, S.G., 1912, "On the Origin of Himalaya Mountains, Geological Survey of India, Professional Paper No. 12, Culcutta, Page- 11.
4. Oldham, B.D., 1977, "The Structure of Himalaya and Gangetic Plains", Part II, Page- 82.
5. Gazetteer of India, 1988, "Hardoi District", New Government Press, Lucknow, U.P.
6. Finch, V. C. & Trewartha, 1972, G.T., "The Earth and Its Resources", Page- 363-364.
7. Singh, S., 1973, "Geomorphology", Sri Sarda Pustak Bhawan, University Road, Allahabad, Page- 578.
8. Vij. J. K. & Shenoy, R. C., 1968, "Hyrdrology of Indian Rivers", Mountains and Rivers of India, p. 262.

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

साठोत्तरी हिन्दी यात्रावृत्तों में वैश्विक संस्कृति

Received: 27 January, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23536691
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– हनुमान चौधरी
शोधार्थी – हिन्दी विभाग,
पंडित दीनदयाल उपाध्याय
शेखावाटी विश्वविद्यालय,
सीकर–332024 (राजस्थान)

ई–मेलः
hanuman07370@gmail.com

शोध निर्देशक –
प्रो. (डॉ.) रामदेव सिंह भामू
प्रोफेसर
राजकीय विज्ञान महाविद्यालय,
सीकर–332034 (राजस्थान)

सारांश

साठोत्तरी हिन्दी यात्रा साहित्यकारों ने अपनी वैश्विक यात्रा के दौरान विश्व–संस्कृति का चित्रण यथार्थ रूप में किया है। वहाँ की भौतिकता, आधुनिकता एवं परम्परा का विवेचन करते हुए पाश्चात्य जीवन दर्शन को उन्होंने अपनी आँखों से देखा था। वैश्विक संस्कृति के अन्तर्गत हिन्दी के यात्राकारों ने संस्कार, प्रथा एवं परम्परा, रीति–रिवाज, रहन–सहन, पर्व–त्योहार का सजीव रेखांकन किया है। इन्होंने पाश्चात्य एवं भारतीय जीवन मूल्यों, एवं संस्कृति को मूल्यांकित करते हुए विश्व के परिवर्तित स्वरूप का यथार्थ चित्रण करने में पूर्ण सफलता प्राप्त की है। विदेशी एवं पाश्चात्य संस्कृति के श्रेष्ठतम उद्घाटन करने में साठोत्तरी यात्रा साहित्यकारों का नाम विशेष तौर से लिए लिया जाता है। उन्होंने अपने यात्रा साहित्य में विदेशी अथवा वैश्विक संस्कृति के मूल उद्गमों को ढूँढने, उसमें बीच–बीच में आईं विकृतियों और दोषों को पहचानने, उनसे बचने के साथ–साथ संस्कृति व समाज के उद्दात्तीकरण का जो एक विराट प्रयास किया है, वह हर तरह से प्रशंसनीय है।

बीज शब्द– विश्व–संस्कृति, साहित्यकारों, भौतिकता, आधुनिकता एवं परम्परा, पाश्चात्य जीवन दर्शन, प्रथा एवं परम्परा, रीति–रिवाज, रहन–सहन, पर्व–त्योहार, मूल्यांकित, परिवर्तित स्वरूप, विदेशी अथवा वैश्विक संस्कृति, संस्कृति के मूल उद्गम, संस्कृति, समाज के उद्दात्तीकरण।

विश्व के अनेक देशों की यात्रा करने वाले साहित्यकारों ने अपने यात्रा साहित्य में 'विश्व–संस्कृति'के विविध रूपों का चित्रण किया है। उन्होंने पाश्चात्य एवं भारतीय संस्कृति का मूल्यांकन करने का भी प्रयास किया है। साठोत्तरी यात्राकारों ने अपने समय की सामाजिक और सांस्कृतिक विचारधारा को समाज में व्याप्त आर्थिक वैषम्य, ग्रामीण एवं नगरीय जीवन, सम्बन्धों का बिखराव, मूल्य परिवर्तन, पारिवारिक विघटन, स्त्री–पुरुष सम्बन्ध, स्त्री की दशा एवं दिशा आदि प्रकरणों के माध्यम से उजागर किया है। उन्होंने विदेशी संस्कृति को व्यापकता एवं सूक्ष्मता प्रदान की है। उनकी सांस्कृतिक चेतना एवं युगबोध अत्यन्त प्रबुद्ध है जिसका प्रतिफलन उनके यात्रा साहित्य में प्राप्त होता है। साठोत्तरी यात्रा साहित्य के अन्तर्गत 'विश्व–संस्कृति' का विवेचन करने वालों में असगर वजाहत, अज्ञेय, निर्मल वर्मा, कर्ण सिंह चौहान, महेश दर्पण, रीता रानी पालीवाल, प्रयाग शुक्ल,

बाबूलाल चांवरिया, यशपाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, नरेश मेहता, फूलचन्द मानव, रश्मि झा, कृष्णनाथ, शिवानी, आलोक रंजन, मनोहर श्याम जोशी, विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, डॉ. प्रभुदत्त शर्मा 'पथिक', आदि प्रमुख हैं। ये वैश्विक संस्कृति चेतना के प्रतीक और भारतीय आत्मा के रचनाकर्मी हैं। इन्होंने आधुनिकता की तमाम संगतियों एवं विसंगतियों के मध्य वैश्विक भाव–बोध को प्रस्तुत करने में पूर्ण सफलता प्राप्त की है।

विदेशी एवं पाश्चात्य संस्कृति के श्रेष्ठतम उद्घाटन करने में साठोत्तरी यात्रा साहित्यकारों का नाम विशेष तौर से लिए लिया जाता है। उन्होंने अपने यात्रा साहित्य में विदेशी अथवा वैश्विक संस्कृति के मूल उद्गमों को ढूँढने, उसमें बीच–बीच में आईं विकृतियों और दोषों को पहचानने, उनसे बचने के साथ–साथ संस्कृति व समाज के उद्दात्तीकरण का जो एक विराट् प्रयास किया है, वह हर तरह से प्रशंसनीय है। निरन्तर परिवर्तित होते समय और समाज के साथ–साथ उनकी रचनाशीलता में विकास होता गया है, वे वैश्विक संस्कृति को पात्रों के माध्यम से दर्शाते हैं। उनकी आत्मा सत्योन्मुखी तथा सर्वकालिक है। वे पाश्चात्य संस्कृति के अन्तर्गत भोग–विलास, फैशन शो, रात्रि क्लब बार, मुक्त सेक्स एवं डांस बार, कसीनो आदि का विवेचन भी भौतिक जीवन एवं बदलते मूल्यों के संदर्भ में करते हैं। साठोत्तरी यात्रा साहित्यकारों ने अमेरिका, रूस, जापान, चीन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, जर्मनी, मॉरिशस आदि देशों की संस्कृति को रेखांकित किया है।

संस्कार प्रत्येक वर्ग या देश के लिए आवश्यक माने गये हैं। यात्रा साहित्यकारों ने विदेशी एवं भारतीय संस्कारों का यथा योग्य वर्णन किया है। विदेश में रहने वाले भारतीय किस प्रकार आज भी अपने संस्कारों की रक्षा कर रहे हैं, इसका समुचित अंकन किया गया है। संस्कार व्यक्ति को नैतिकता, शिष्टाचार एवं मानवता की ओर अग्रसर करता है। 'अमेरिका और यूरोप में एक भारतीय मन' यात्रावृत्त में विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने लन्दनवासियों के शिष्टाचार को संस्कार के सन्दर्भ में प्रस्तुत किया है। उनके अनुसार लन्दन के लोग शालीन एवं विनम्र हैं। वे सभी का अभिवादन करते हैं। वे अच्छा कार्य करने पर 'थैंक यू' और गलत कार्य करने पर 'सॉरी' अवश्य बोलते हैं। वहाँ की स्त्रियाँ शिष्टाचार व्यवहार करती हुई उच्च संस्कारों का परिचय देती हैं। तिवारी जी के अनुसार– "यदि किसी के लिए कोई नगण्य से नगण्य कार्य कर दीजिए जिससे उसे कुछ सुविधा हो जाती हो तो वह 'थैंक यू' जरूर बोलेगा। इसी प्रकार यदि आप से किसी को असुविधा हो रही है तो दोषी आप हैं, मगर 'सॉरी' वह बोलेगा जिसको असुविधा हो रही है। उदाहरण के लिए यदि आप किसी ऐसी जगह खड़े हैं, जहाँ से उस व्यक्ति को गुजरना है तो वह आप से हटने के लिए नहीं कहेगा, बल्कि आपके पास आकर 'सॉरी' बोलेगा, जैसे कि वही आपके रास्ते में खड़ा हो। 'सॉरी', 'थैंक यू' या 'मार्निंग' शब्द का इंग्लैंड के लोग, खासकर महिलाएँ इतना संगीतमय उच्चारण करती हैं कि वह उनके मुख से किसी वाद्य–यंत्र सा झंकृत होता है। मगर ये शिष्टाचार–सूचक शब्द एक यांत्रिक और भावहीन अभिव्यक्ति लगते हैं जैसे उनका प्राण निकाल लिया गया हो"।[1]

अस्त्राखान में आज भी हिन्दू संस्कारों को मौखिक परम्परा के माध्यम से पीढ़ी दर पीढ़ी को सौंपा जा रहा है। पुरुषोत्तम अग्रवाल ने विदेशी धरती पर सुरक्षित हिन्दू संस्कारों का विवेचन करते हुए लिखा है– "क्या इसलिए कि हिन्दू चित्त को किसी सामाजिक अनुभव की स्मृति से जो सीखने योग्य है, उसे मौखिक परम्परा के जरिये अगली पीढ़ी के संस्कारों तक पहुँचा देना ज्यादा सुहाता था। सोच शायद यह भी कि जो सीखने योग्य है, वह सीख लिया, अब क्या अतीत की स्मृतियों में बार–बार प्रवेश करना"।[2]

'नीदरलैंड' में स्वागत करने के लिए अतिथि से हाथ मिलाया जाता है और तीन बार चुम्बन किया जाता है। इनके संस्कार में स्वागत अद्भुत ढंग से किया जाता है। स्वागत पहले–पहल नारी ही करती है। "वहाँ घर आने वाले मित्र का स्वागत भी बड़े विचित्र ढंग से होता है। पहले महिलाएँ आती हैं और आने वाले मित्र के गाल पर तीन बार चुम्बन जड़ती हैं– दायें, बायें फिर दायें गाल पर। फिर पुरुष हाथ मिलाते हैं और सभी महिलाओं के गाल पर तीन बार चुम्बन जड़ते हैं– दायें, बायें, दायें"।[3] ईरान में लड़कियों को सिर एवं अन्य अंगों को ढकने के संस्कार दिये जाते हैं। लड़की चाहे कुछ भी करती रहे उसे सिर पर कपड़ा रखना पड़ता है। असगर वजाहत ने अपनी ईरान यात्रा में इसका चित्रण इस प्रकार किया है– "पार्क में पिकनिक करती लड़कियों, औरतों, दूर–दराज जंगल में सैर तफरीह करते परिवारों की लड़कियों–सबको सब जगह सिर ढकना आवश्यक है"।[4]

इंग्लैंड जैसे देश में विवाह एवं मृत्यु जैसे संस्कार

चर्च या गिरजाघर में होते हैं। इंग्लैंड के शाही परिवार के वैवाहिक कार्यक्रम एवं मृत्यु की रस्में गार्थिक चर्च में होते हैं। बाबूलाल चाँवरिया ने इंग्लैंड की इस संस्कृति के बारे में लिखा है– "यह यहाँ प्रसिद्ध 'गार्थिक चर्च' है। शाही परिवार में होने वाले विवाह यहीं पर होते हैं। प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस एडवर्ड का भी विवाह इसी गिरजाघर में हुआ था। शाही परिवार में होने वाली मृत्यु की रस्में भी यहीं पूरी होती हैं। एबे में बने म्युजियम में उन अनेक लोगों के मोम के बने पुतले हैं, जिन्हें इसी चर्च में दफनाया गया था"।[5]

अनुशासन, नैतिक कर्तव्य एवं राष्ट्र जैसे मूल्यों को इंग्लैण्ड वासी विशेष महत्त्व देते हैं। उनमें ऐसे संस्कार भी देखे जा सकते हैं जो मानवीय कर्त्तव्य का बोध करवाते हैं। यथा– "थोड़ी देर के बाद उन बुजुर्गवार ने अपने बैग में से केले निकाले, उन्हें खाया और छिलके एक पेपर बैग में रखकर, बैग को जेब में डाल लिया। रश्मि झा ने यह सब देखकर उनसे पूछा कि–'छिलके जेब में क्यों रखे' तो उन्होंने कहा– 'यहाँ ट्रेन में डालने से ये गन्दी हो जायेगी। स्टेशन पर उतर कर इन्हें कूड़ेदान में डाल दूँगा।'' एक अच्छे नागरिक होने के सारे गुण हैं इन अंग्रेज लोगों में, ऐसे लोग सभ्यता का वरदान होते हैं।"[6]

जर्मनी के म्यूनिख जैसे शहरों में लड़कियाँ एक से अधिक प्रेमी रखती हैं। विवाह जैसे संस्कारों को यहाँ जबरदस्ती थोपा नहीं जाता। लड़के और लड़कियाँ विवाह करने के लिए स्वतंत्र होते हैं जो प्रेमी पसन्द आ जाता है उससे तुरन्त विवाह कर लिया जाता है जब कि भारतीय संस्कृति में ऐसा नहीं है। मनोहर श्याम जोशी ने वैवाहिक संस्कार की इस स्वतंत्रता को रेखांकित करते हुए लिखा है– "तब मि. योस्सी ने फतवा दिया कि आपका कोई पुराना प्रेमी नए सिरे से प्रकट होगा और चट मंगनी पट ब्याह होगा। पुराने प्रेमियों की सूची बहुत बड़ी थी और उनमें से कई इल्जे को पसंद थे। म्यूनिख पहुँचने तक यह फैसला हो ही नहीं पाया कि उनमें से किस की वापसी वह चाहेगी।"[7]

शिवानी ने लन्दन में रहने वाले भारतीय विवाह संस्कार को प्रस्तुत किया है। विदेशी भाषा का प्रभाव भी विवाह जैसे संस्कारों पर पड़ा है। विवाह के दौरान बोले जाने वाले मंत्र आदि का अंग्रेजी अनुवाद हो चुका है। लन्दन में हिन्दू विवाह संस्कार का उल्लेख शिवानी ने इस प्रकार किया है– "दूरदर्शी पंडित जी पूरी विवाह–पद्धति का अंग्रेजी में अनुवाद कर लाए थे। इसी से विदेशी अतिथियों को बड़ा आनंद आ रहा था। शंख–घोष, विवाह–मंत्रों का उच्चारण, सप्तपदी के फेरे, यह सब कुछ उनके लिए एक अभिनव अनुभव था। नैश्य भोज में उन चेहरों पर महापरितृप्ति का सुखद रेखा–जाल देखकर ही हमारा पेट भरा जा रहा था। सोंठ, कचौड़ी, पुलाव, आलू–पूरी, मिष्टान्न सब कुछ का स्वाद चखते वे प्रत्येक व्यंजन की विशद व्याख्या पूछते जा रहे थे।"[8] इस प्रकार यह भी कहा जा सकता है कि परिवेश एवं समय के अनुसार व्यक्ति की संस्कृति बदलती जाती है।

फ्रांस देश के लोग भाषायी संस्कार के प्रति सचेत रहते हैं। वे अपनी मूल भाषा एवं संस्कृति का त्याग नहीं करते। उन्हें अपनी भाषा–संस्कृति एवं संस्कारों पर गर्व है। अज्ञेय जी ने पेरिस वासियों के भाषायी संस्कार के बारे में लिखा है– "पेरिस वासी को अपनी भाषा और संस्कृति का अभिमान है। अभिमान अपने–आप में अनिवार्यता बुरा नहीं है और भाषा या संस्कृति का अभिमान तो बहुत हद तक अच्छा ही है। लेकिन फ्रांस में यह परस्पर व्यवहार में बाधक हो जाता है। इटली में आप वहाँ की भाषा न जानें तो आपको इसके लिए पूरा प्रोत्साहन मिलेगा कि आप टूटी–फूटी भाषा में ही अपने को अभिव्यक्त कर सकें।"[9]

जर्मनी में शिष्टाचार जैसे संस्कारों को विशेष महत्व दिया जाता है। वे बीयर पीते हुए भी एक दूसरे की स्वास्थ्य कामना करते हैं। एक दूसरे को मान–सम्मान खड़े होकर दिया जाता है– "यों तो जर्मन शिष्टाचार में तकल्लुफ कुछ है ही नहीं अधिकय पर बॉन के परम्परागत जीवन का यह भी एक लक्षण है कि वहाँ पुराने ढंग के शिष्टाचार की परम्पराएँ अभी जीवित हैं। चार आदमी बैठकर बीयर पीते हैं तो प्रत्येक बार गिलास उठाकर परस्पर स्वास्थ्य–कामना करते हैं। इसमें 'प्रोस्त!' कहकर योग दे देना ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि खड़े भी होना पड़ता है।"[10]

जापान के ओसाका में विवाह एवं मृत्यु जैसे संस्कारों को पूर्ण किया जाता है। वहाँ लोग विवाह के लिए मंदिर जाते हैं। विवाह आदि के लिए पैम्फलेट छपवाते हैं– "वैसे शादी के लिए तो मंदिर जाते हैं। मृत्यु के संस्कार करते हैं। यंगमेंस क्रिश्चियन एसोसिएशन (वाई.एम.सी.ए.) ओसाका में भी 'वेडिंग' का एक पैम्फलेट है। इसमें ईसाई विवाह पद्धति सचित्र बतायी गयी है– आकर्षक है, जापानी भाषा में है।"[11] चीन में मृत्यु संस्कार के बारे में वे कहते हैं– "चीन में शव को दफनाते भी हैं, जलाते भी हैं। बौद्ध तो

प्रायः जलाते हैं, लेकिन दफनाते भी हैं। यह अस्थियाँ तो भस्म होने के बाद की हैं।"[12]

मेहमान के द्वारा घर से जाते वक्त कुछ पैसा देना या घर से चलते वक्त कुछ न कुछ मेहमान को देना भारतीय संस्कृति की प्रमुख पहचान रही है। यह लेन–देन की परम्परा शुभ मानी जाती है। विश्वनाथ तिवारी अपनी यूरोप यात्रा में भगवान नामक सहयात्री के घर में अतिथि बनकर रहे तो जब वे वहाँ से रवाना हुए तो भगवान ने अतिथि विदाई की इस परम्परा को सजीव कर दिया– "घर से हवाई अड्डे के लिए निकलते हुए भगवान मुझसे खर्च के लिए रुपये के बारे में पूछते हैं। मैं मना कर देता हूँ। फिर भी जबरदस्ती मेरी जेब में पचास यूरो यह कह कर डाल देते हैं कि बच्चों के लिए हवाई अड्डे से कुछ ले लें।"[13]

मुस्लिम समाज में एक ही थाली में भोजन करने की परम्परा होती है। वहाँ हिन्दू समाज की तरह जूठे भोजन जैसी कोई सोच नहीं है। असगर वजाहत ने पाकिस्तान यात्रा के समय एक साथ भोजन करने की इस परम्परा का रेखांकन इस प्रकार किया है– "अब अपने हिन्दू संस्कारों की वजह से मैं अलग प्लेट या थाली (थाली का तो खैर पाकिस्तान में कोई वजूद ही नहीं है) का इंतजार करने लगा। दूसरी मेजों पर जो लोग खा रहे थे वे सब एक साथ एक प्लेट या फ्राई पैन में खा रहे थे। यह समझने में देर नहीं लगी कि यह मुस्लिम समाज है, जहाँ 'जूठा' का कोई कॉन्सेप्ट नहीं है।"[14]

डुलुथ में लकड़ी को देश से बाहर भेजना शुभ नहीं माना जाता है। वे इसे लोक विश्वास के साथ जोड़कर देखते हैं। कृष्णनाथ ने अपनी यात्रा के अवसर पर इस लोक विश्वास का चित्रण करते हुए लिखा है– "डुलुथ–सुपीरियर जुड़वाँ बंदरगाह है, जैसे मिनियापलिस–सेंट पाल या हैदराबाद–सिकन्दराबाद जुड़वाँ शहर। यहाँ से गेहूँ, मक्का और लकड़ी बाहर जाती है। लकड़ी भेजने को यहाँ बुरा मानते हैं।"[15]

चीनी समाज में यह रिवाज है कि मेहमान को पहले मछली का सिर खाने के लिए दिया जाता है। उनका मानना है कि मछली को पलटना नहीं चाहिए नहीं तो नाव पलट जाती है। रश्मि झा चीन के रीति–रिवाजों का रेखांकन इस प्रकार करती हैं– "सबसे पहले मुझे सिर परोसा गया। हमारे यहाँ भी मेहमानों को मछली का सिर पहले परोसा जाता है। चीनी रस्मो–रिवाज हमारे से कितने मिलते हैं। खाते–खाते मैंने मछली पलटनी चाही, टीचर की बेटी ने कहा 'पुथा ओ' यानी ऐसा मत करो नाव पलट जाएगी। मुझे कुछ समझ में नहीं आया, इसका क्या मतलब है? टीचर ने बताया एक किंवदन्ती है। हमारी नानी ऐसा कहती थी कि मेहमान ने मछली खाई, खाते समय उसे पलट दिया। उसके बाद जब वह नाव पर सवार होकर जा रहा था, तब उसकी नाव पलट गई तब से यह रिवाज बन गया कि मछली को न पलटा जाए। इसे ऐसे ही खाओ।"[16]

विश्व के सभी देशों में कोई न कोई धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। यात्राकारों ने वैश्विक त्योहारो का विवेचन भी वैश्विक संस्कृति के रूप में किया है। मेलबर्न में आधुनिक त्योहार खूब मनाये जाते हैं। यहाँ के निवासी समुद्र तट और प्रकृति की गोद में मंगल उत्सव मनाने में रुचि रखते हैं। मेलबर्न के त्योहार के बारे में फूलचन्द मानव के अनुसार– "मौसमों का महोत्सव मेलबर्न की मजबूती जान पड़ता है। साल भर त्योहार चलते हैं, किसी–न–किसी बहाने। दिसम्बर से मार्च तक गर्मियों में, जैसे पूरा शहर ही बीच पर होता है, अपने–अपने बीच पर .... और बसन्त, सितम्बर से नवम्बर की बासन्ती छटा कार्निवाल, घुड़दौड़ व मेलों–मंगलोत्सवों को मनाने में बीत जाती है।"[17]

टोक्यो जैसे शहर में बिना किसी साम्प्रदायिक भेदभाव के बौद्ध एवं ईसाई त्योहार मनाये जाते हैं। कृष्णनाथ ने 'पृथ्वी परिक्रमा' में वहाँ मनाये जाने वाले त्योहारों का रेखांकन किया है– "ईसाई पर्व भी, क्रिसमस धूमधाम से मनाते हैं। और बुद्ध जयन्ती भी। जून–जुलाई में शिन्तो देवता का रथ निकालते हैं, जगह–जगह बैठते हैं। पहले कृषि और ऋतु से पर्व जुड़े हुए हैं।"[18]

चीन में भारतीय एवं चीनी दोनों त्योहार मनाये जाते हैं। रश्मि झा अपनी चीन यात्रा के दौरान स्टीव को अपना भाई बना लेती है और रक्षाबंधन के दिन उसे राखी बाँधती है। वहाँ भैया दूज भी मनाया जाता है। रश्मि झा 'भैया–दूज' के दिन का चित्रण बड़ी मार्मिकता से करती हैं– "मैं भैया–दूज के दिन बड़ी उदास थी। पूछा ? क्यों इतनी उदास हो ? मैंने कहा "हमारा त्योहार है, बहन भाई के माथे पर टीका लगाती है, कहने लगा "मुझे लगा दो', मैंने कहा 'बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है'। तब से मेरा इतना ज्यादा ख्याल रखता है।"[19] चीन में एक त्योहार 'छुन चिया' भी होता है, जो इकतीस जनवरी को मनाया जाता है। यह स्प्रिंग फेस्टिवल होता है। वहाँ ग्रेप फेस्टिवल (अंगूर महोत्सव) भी बड़े चाव से मनाया जाता है। इस दौरान नृत्य

किया जाता है। लोग खूब खरीदारी भी करते हैं। चीन में दिवाली भी मनायी जाती है। वहाँ लक्ष्मी जी की मूर्तियाँ मिलती हैं और पटाखे चलाये जाते हैं– "किसी भारतीय बाजार की तरह लक्ष्मी जी की मूर्तियों की इतनी सारी दुकानें हैं, बल्कि भारतीय बाजार से भी ज्यादा लगता है। पूरे भारत में इस साल लक्ष्मीपूजन यहीं की बनी लक्ष्मी की मूर्तियों से होने वाला है। यहाँ पर्यावरण की खातिर बारूद के पटाखे और बम चलाना वर्जित हो गया है। पहले नववर्ष पर यह भी हमारी तरह खूब आतिशबाजी करते थे और पटाखे फोड़ते थे। पिछली बार मैंने यहाँ पर दिवाली में जमकर पटाखे चलाये थे।"[20]

निष्कर्षतः साठोत्तरी हिन्दी यात्रा साहित्यकारों ने अपनी वैश्विक यात्रा के दौरान विश्व–संस्कृति का चित्रण यथार्थ रूप में किया है। वहाँ की भौतिकता, आधुनिकता एवं परम्परा का विवेचन करते हुए पाश्चात्य जीवन दर्शन को उन्होंने अपनी आँखों से देखा था। वैश्विक संस्कृति के अन्तर्गत हिन्दी के यात्राकारों ने संस्कार, प्रथा एवं परम्परा, रीति–रिवाज, रहन–सहन, पर्व–त्योहार का सजीव रेखांकन किया है। इन्होंने पाश्चात्य एवं भारतीय जीवन मूल्यों एवं संस्कृति को मूल्यांकित करते हुए विश्व के परिवर्तित स्वरूप का यथार्थ चित्रण करने में पूर्ण सफलता प्राप्त की है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अमेरिका और यूरोप में एक भारतीय मन – विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2012, पृष्ठ संख्या – 32–33।
2. हिन्दी सराय अस्त्राखान वाया येरेवान – पुरुषोत्तम अग्रवाल, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2013, पृष्ठ संख्या – 126।
3. अमेरिका और यूरोप में एक भारतीय मन – विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2012, पृष्ठ संख्या –79।
4. चलते तो अच्छा था – असगर वजाहत, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2019, पृष्ठ संख्या – 26।
5. सात समुद्र पार इंग्लैंड यात्रा – बाबूलाल चाँवरिया, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2001, पृष्ठ संख्या – 64।
6. वही, पृष्ठ संख्या – 179।
7. पश्चिमी जर्मनी पर उड़ती नजर – मनोहर श्याम जोशी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ संख्या – 112।
8. यांत्रिक – शिवानी, राधा कृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2023, पृष्ठ संख्या – 63।
9. एक बूँद सहसा उछली – अज्ञेय, भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, 2003, पृष्ठ संख्या – 67।
10. वही, पृष्ठ संख्या – 194।
11. पृथ्वी परिक्रमा – कृष्णनाथ, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2009, पृष्ठ संख्या – 118।
12. वही, पृष्ठ संख्या – 146।
13. अमेरिका और यूरप में एक भारतीय मन – विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2012, पृष्ठ संख्या – 103।
14. पाकिस्तान का मतलब क्या – असगर वजाहत, भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या – 20।
15. पृथ्वी परिक्रमा – कृष्णनाथ, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2009, पृष्ठ संख्या – 42।
16. चीन के दिन – रश्मि झा, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या – 87।
17. मोहाली सेमेलबर्न – फूलचन्द मानव, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2012, पृष्ठ संख्या – 51 ।
18. पृथ्वी परिक्रमा – कृष्णनाथ, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2009, पृष्ठ संख्या – 115।
19. चीन के दिन – रश्मि झा, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या – 28।
20. चीन के दिन – रश्मि झा, सामयिक बुक्स, नई दिल्ली, 2018, पृष्ठ संख्या – 28।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

Received: 03 February, 2026; **Accepted:** 28 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026

जलवायु–अनुकूल कृषि एवं खाद्य प्रणालियाँ



– डॉ. साधना सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर –
अर्थशास्त्र विभाग,
दयानन्द गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज,
कानपुर–208001 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेल–
sadhanasingh789650@gmail.com

सारांश

जलवायु परिवर्तन ने कृषि क्षेत्र के सामने ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कर दी हैं, जिनका प्रभाव केवल फसल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार, खाद्य कीमतों तथा समग्र खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ता है। तापमान में लगातार परिवर्तन, वर्षा की अनिश्चितता, लम्बे समय तक सूखे की स्थिति, अचानक आने वाली बाढ़ तथा अन्य चरम मौसमी घटनाएँ कृषि उत्पादन की स्थिरता को प्रभावित करती हैं। इन परिस्थितियों में छोटे और सीमान्त किसानों की संवेदनशीलता अपेक्षाकृत अधिक होती है, क्योंकि उनकी आजीविका प्राकृतिक संसाधनों और सीनीय कृषि परिस्थितियों पर काफी निर्भर रहती है। इसी संदर्भ में जलवायु – स्मार्ट कृषि एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में विकसित हुई है। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता तथा किसान आय को टिकाऊ तरीके से बढ़ाना, बदलती जलवायु के अनुरूप कृषि प्रणालियों की अनुकूलन क्षमता और लचीलेपन को मजबूत करना तथा परिस्थितियों के अनुकूल होने पर कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है।

जलवायु–स्मार्ट कृषि में केवल आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रयोग ही शामिल नहीं है, बल्कि जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, जैव विविधता, कृषि – वनीकरण, फसल विविधीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल तकनीक तथा मौसम सम्बन्धी सूचना को कृषि निर्णयों से जोड़ना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में राष्ट्रीय सतत् कृषि मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना तथा राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि नवाचार जैसी पहलें कृषि को अधिक टिकाऊ और जलवायु – अनुकूल बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

मुख्य शब्द – जलवायु परिवर्तन, जलवायु–स्मार्ट कृषि, खाद्य सुरक्षा, कृषि लचीलापन, सतत् विकास, प्राकृतिक संसाधन, ग्रीनहाउस गैस।

प्रस्तावना–

कृषि मानव सभ्यता की आर्थिक और सामाजिक संरचना का एक महत्वपूर्ण आधार है। भोजन उपलब्ध कराने के साथ–साथ कृषि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आय और आजीविका के अवसर प्रदान करती है। कृषि उत्पादन में होने वाला परिवर्तन इसलिए केवल किसानों को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि खाद्य आपूर्ति, बाजार व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन कृषि के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बन चुका है। तापमान में वृद्धि, वर्षा के समय और मात्रा में परिवर्तन, अनिश्चित मानसून, सूखे की बढ़ती घटनाएँ तथा अचानक होने वाली अत्यधिक वर्षा जैसी परिस्थितियाँ फसलों की उत्पादकता और कृषि आय में अस्थिरता पैदा कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, जलवायु सम्बन्धी जोखिमों

का प्रभाव पशुपालन, मत्स्यपालन और कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियों पर भी पड़ता है।

भारत जैसे देश में यह चुनौती अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर हैं। छोटे किसानों के पास सीमित भूमि, पूंजी और तकनीकी संसाधन होने के कारण उनके लिए जलवायु जोखिमों से निपटना कठिन हो सकता है।

ऐसे परिदृश्य में ऐसी कृषि प्रणाली की आवश्यकता है जो उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करे और बदलती जलवायु परिस्थितियों में किसानों की जोखिम सहने की क्षमता को मजबूत बनाए। जलवायु – स्मार्ट कृषि इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कृषि विकास और जलवायु कार्रवाई को एक साथ जोड़ने का प्रयास करती है।

जलवायु–स्मार्ट कृषि की अवधारणा–

जलवायु–स्मार्ट कृषि एक ऐसा कृषि दृष्टिकोण है जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादन और किसान आय को टिकाऊ तरीके से बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति कृषि प्रणालियों की अनुकूलन क्षमता को मजबूत करना तथा संभव परिस्थितियों में कृषि से सम्बन्धित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना है।

इस अवधारणा की विशेषता यह है कि यह सभी क्षेत्रों के लिए एक समान कृषि मॉडल निर्धारित नहीं करती। किसी क्षेत्र की जलवायु, मिट्टी, जल उपलब्धता, फसल प्रणाली, किसानों की आर्थिक स्थिति और स्थानीय बाजार के अनुसार जलवायु–स्मार्ट उपायों का चयन किया जाता है।

इसमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के साथ स्थानीय अनुभव और पारम्परिक कृषि ज्ञान का भी उपयोग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, वर्षा जल का संरक्षण, सीनीय रूप से अनुकूल फसल किस्मों का चयन, मिश्रित खेती, कृषि–वनीकरण और फसल विविधीकरण जैसी पद्धतियाँ विभिन्न परिस्थितियों में उपयोगी संभव हैं।

जलवायु–स्मार्ट कृषि के तीन प्रमुख उद्देश्य–

कृषि उत्पादकता और किसान आय में सुधार– सी. एस. ए. का पहला प्रमुख उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए कृषि उत्पादकता तथा किसानों की आय में टिकाऊ वृद्धि करना है। बढ़ती आबादी और खाद्य मांग के बीच कृषि भूमि तथा जल संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसलिए उत्पादन बढ़ाने के साथ संसाधनों की दक्षता में सुधार आवश्यक है।

उन्नत बीज, बेहतर सिंचाई प्रबन्धन, संतुलित पोषक तत्वों का प्रयोग, सटीक कृषि और फसल विविधीकरण जैसी तकनीकें इस उद्देश्य में योगदान दे सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन और लचीलापन– दूसरा उद्देश्य कृषि को जलवायु सम्बन्धी जोखिमों के प्रति अधिक सक्षम बनाना है। सूखा, अत्यधिक तापमान, बाढ़ और अनियमित वर्षा जैसी परिस्थितियाँ किसानों के उत्पादन और आय को प्रभावित कर सकती हैं।

फसलविविधीकरण, सूखा अथवा गर्मी सहन करने वाली किस्मों का उपयोग, जल संरक्षण, कृषि–वनीकरण और मौसम आधारित कृषि सलाह किसानों की अनुकूलन क्षमता को मजबूत कर सकते हैं।

ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी– तीसरे उद्देश्य के अन्तर्गत कृषि गतिविधियों से सम्बन्धित उत्सर्जन को कम करने के उपायों को बढ़ावा दिया जाता है। धान की खेती, पशुपालन, उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग तथा भूमि उपयोग में परिवर्तन जैसी गतिविधियाँ ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से जुड़ी हो सकती हैं।

कुशल उर्वरक प्रबन्धन, कृषि–वनीकरण, मृदा में कार्बन का संरक्षण, ऊर्जा दक्षता और जल प्रबन्धन जैसी पद्धतियाँ परिस्थितियों के अनुसार उत्सर्जन में कमी में योगदान दे सकती हैं।

जलवायु–स्मार्ट कृषि और खाद्य सुरक्षा– खाद्य सुरक्षा केवल पर्याप्त मात्रा में खाद्य उत्पादन पर निर्भर नहीं करती, बल्कि खाद्य की उपलब्धता, पहुँच और स्थिरता भी इसके महत्वपूर्ण पहलू हैं। जलवायु परिवर्तन इन सभी पहलुओं को प्रभावित कर सकता है।

उत्पादन में मौसम आधारित उतार–चढ़ाव होने पर बाजार में खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और कीमतों में परिवर्तन हो सकता है। यदि किसी क्षेत्र में लगातार सूखा या बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो किसानों की आय और सीनीय खाद्य आपूर्ति दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

जलवायु–स्मार्ट कृषि का उद्देश्य ऐसी उत्पादन प्रणालियों को विकसित करना है जो बदलती परिस्थितियों में भी अपेक्षाकृत स्थिर उत्पादन बनाए रखने में सक्षम हों। फसल विविधीकरण, स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल किस्में, जल संरक्षण और बेहतर भण्डारण व्यवस्था खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में योगदान कर सकती हैं।

सतत् विकास के साथ सम्बन्ध–

जलवायु–स्मार्ट कृषि का सम्बन्ध आर्थिक विकास,

सामाजिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने से है। इसकी विभिन्न पद्धतियाँ सतत् विकास के अनेक लक्ष्यों से जुड़ती हैं।

कृषि आय और उत्पादकता में सुधार गरीबी कम करने में योगदान दे सकता है, जब कि स्थिर खाद्य उत्पादन भुखमरी और कुपोषण की समस्या से निपटने में सहायक हो सकता है। इसी प्रकार जल संरक्षण, मृदा संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूत करती है।

इस प्रकार सी. एस. ए. को केवल कृषि तकनीक के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह कृषि क्षेत्र को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों के साथ जोड़ने वाला व्यापक दृष्टिकोण है।

जलवायु–स्मार्ट कृषि के प्रमुख लाभ–

कृषि उत्पादकता और आय में संभावित वृद्धि– जलवायु के अनुरूप फसल किस्मों और बेहतर कृषि तकनीकों के प्रयोग से प्रतिकूल मौसम के प्रभाव को कम करने में सहायता मिल सकती है। इससे उत्पादन की स्थिरता बढ़ सकती है और किसानों की आय के जोखिम में कमी आ सकती है।

जलवायु जोखिमों के प्रति बेहतर लचीलापन– वर्षा जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और वैकल्पिक कृषि गतिविधियाँ किसानों को किसी एक जलवायु घटना पर अत्यधिक निर्भरता से बचा सकती हैं। इससे कृषि प्रणाली की जोखिम सहने की क्षमता मजबूत होती है।

जल संसाधनों का दक्ष उपयोग – कृषि में जल की मांग बहुत अधिक होती है। ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सिंचाई प्रणालियाँ, खेत – स्तरीय जल संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन जल उपयोग की दक्षता बढ़ाने में सहायता कर सकते हैं।

मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण– मृदा कृषि उत्पादन का आधार है। फसल अवशेषों का उचित प्रबन्धन, न्यूनतम जुताई, जैविक पदार्थों का उपयोग और फसल चक्र जैसी पद्धतियाँ मृदा की संरचना, नमी और जैविक गुणवत्ता को बनाए रखने में योगदान कर सकती हैं।

उत्सर्जन में कमी की संभावना– जल और उर्वरकों के अधिक दक्ष उपयोग तथा कृषि–वनीकरण जैसी पद्धतियाँ कृषि गतिविधियों से जुड़े उत्सर्जन को कम करने में योगदान कर सकती हैं। हालांकि प्रत्येक तकनीक का प्रभाव स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अलग हो सकता है।

जैव विविधता को बढ़ावा– एकल फसल प्रणाली की तुलना में मिश्रित खेती, फसल विविधीकरण और कृषि–वनीकरण खेतों में पौधों और जीवों की विविधता बनाए रखने में अधिक सहायक हो सकते हैं।

खाद्य एवं पोषण सुरक्षा– विभिन्न प्रकार की फसलों का उत्पादन कृषि परिवारों को खाद्य स्रोतों में विविधता प्रदान करता है। किसी एक फसल के खराब होने की स्थिति मे अन्य फसलें कुछ हद तक उत्पादन और आय का सहारा प्रदान कर सकती हैं।

कृषि लागत की दक्षता– सटीक कृषि, नियंत्रित सिंचाई और संतुलित उर्वरक उपयोग के माध्यम से पानी, ऊर्जा तथा अन्य कृषि इनपु टके अनावश्यक उपयोग को कम किया जा सकता है। इससे लागत प्रबन्धन में सहायता मिल सकती है।

ग्रामीण आजीविका के विविध अवसर– कृषि – वनीकरण, पशुपालन, प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद और कृषि–आधारित लघु उद्यम ग्रामीण परिवारों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित करने में सहायक हो सकते हैं।

दीर्घकालीन कृषि स्थिरता – प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु जोखिमों के प्रबन्धन पर ध्यान देने के कारण सी. एस. ए. वर्तमान उत्पादन आवश्यकताओं के साथ भविष्य की कृषि क्षमता को भी सुरक्षित रखने का प्रयास करती है।

जलवायु–स्मार्ट कृषि की प्रमुख पद्धतियाँ– जलवायु–स्मार्ट कृषि के लिए किसी एक तकनीक पर निर्भर रहने के बजाय स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विभिन्न उपायों का संयोजन किया जा सकता है। प्रमुख पद्धतियाँ निम्न हैं–

1. **फसल विविधीकरण** – एक ही फसल पर निर्भरता कम करना।
2. **संरक्षण कृषि** – मिट्टी की अनावश्यक जुताई को कम करना और अवशेषों का संरक्षण।
3. **कृषि–वनीकरण** – खेतों में पेड़ों और फसलों का समन्वित विकास।
4. **कुशल सिंचाई** – आवश्यकता के अनुसार पानी का उपयोग।
5. **एकीकृत पोषक तत्व प्रबन्धन** – रासायनिक तथा जैविक स्रोतों का संतुलित उपयोग।
6. **एकीकृत कीट प्रबन्धन** – रासायनिक कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना।

7. जलवायु–अनुकूलबीज – स्थानीय जोखिमों के अनुरूप फसल किस्मों का चयन।

8. वर्षाजलसंचयन – उपलब्ध वर्षा जल को कृषि उपयोग के लिए सुरक्षित रखना।

9. फसल अवशेष प्रबन्धन – अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उपयोग या संरक्षण।

10. डिजिटल कृषि – मौसम, मिट्टी, बाजार और फसल की स्थिति से सम्बन्धित जानकारी का उपयोग।

भारत में जलवायु–स्मार्ट कृषि से सम्बन्धित पहल –

भारत में कृषि को अधिक टिकाऊ और जलवायु–अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यक्रम और संस्थागत प्रयास किए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से निम्न पहलें उल्लेखनीय हैं–

(1) राष्ट्रीय सतत् कृषि मिशन (NMSA)। (2) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)। (3) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना। (4) परम्परागत कृषि विकास योजना (PKVY)। (5) राष्ट्रीय जलवायु अनुकूल कृषि नवाचार (NICRA)।

इन पहलों का व्यापक उद्देश्य जल प्रबन्धन, मृदा स्वास्थ्य, टिकाऊ कृषि पद्धतियों, संसाधन दक्षता तथा कृषि को जलवायु जोखिमों के प्रति अधिक सक्षम बनाने से सम्बन्धित है।

हालाँकि योजनाओं की वास्तविक प्रभावशीलता उनके क्षेत्रीय कार्यान्वयन, किसानों की भागीदारी, वित्तीय संसाधनों और स्थानीय संस्थागत क्षमता पर निर्भर करती है।

प्रमुख चुनौतियाँ–

जलवायु–स्मार्ट कृषि की संभावनाओं के बावजूद इसके व्यापक विस्तार में कई बाधाएँ मौजूद हैं।

पहली चुनौती प्रारम्भिक निवेश की है। छोटे और सीमान्त किसानों के लिए ड्रिप सिंचाई, आधुनिक उपकरण, उन्नतबीज और डिजिटल तकनीकों पर खर्च करना कठिन हो सकता है।

दूसरी समस्या तकनीकी एवं ज्ञान सम्बन्धी अन्तर है। यदि किसानों को नई तकनीक के उपयोग, उसके आर्थिक लाभ और स्थानीय परिस्थितियों में उसके प्रयोग की पर्याप्त जानकारी नहीं होगी, तो तकनीक का अपेक्षित परिणाम प्राप्त करना कठिन हो सकता है।

तीसरी चुनौती ग्रामीण आधारभूत संरचना की है। भण्डारण, परिवहन, शीत–श्रृंखला, सिंचाई और बिजली जैसी सुविधाओं की कमी कृषि उत्पादों के मूल्य और किसानों की आय को प्रभावित कर सकती है।

इसके अलावा जलवायु सम्बन्धी विश्वसनीय स्थानीय सूचना का अभाव, बाजार तक सीमित पहुँच, कमजोर संस्थागत समन्वय तथा वित्तीय सेवाआ तकअ समान पहुँच भी महत्वपूर्ण बाधाएँ हैं।

जलवायु–स्मार्ट कृषि के अवसर–

तकनीकी विकास ने सी. एस. ए. के विस्तार के लिए कई नए अवसर पैदा किए हैं। उपग्रह चित्र, ड्रोन, सेंसर और जी. पी. एस. जैसी तकनीकों का उपयोग खेत की स्थिति तथा संसाधन उपयोग की निगरानी के लिए किया जा सकता है।

मोबाइल आधारित सेवाओं के माध्यम से किसानों तक मौसम पूर्वानुमान, कृषि सलाह, बाजार सम्बन्धी जानकारी और कीट प्रबन्धन सम्बन्धी संदेश पहुँचाए जा सकते हैं।

कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में सूखा, बाढ़ और अधिक तापमान जैसी परिस्थितियों को सहन करने वाली फसल किस्मों का विकास भी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

इसी प्रकार सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई, स्मार्ट सिंचाई, वर्षा जल संचयन और कृषि–वनीकरण जैसी तकनीकें प्राकृतिक संसाधनों की दक्षता बढ़ाने में उपयोगी हो सकती हैं।

आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव –

जलवायु–स्मार्ट कृषि के प्रभावों को केवल उत्पादन वृद्धि के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इसका सम्बन्ध किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार, खाद्य सुरक्षा और संसाधनों के संरक्षण से भी है।

आर्थिकप्रभाव–

☛ कृषि उत्पादन में स्थिरता की संभावना। ☛ संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग से लागत प्रबन्धन। ☛ किसानों के लिए आय के वैकल्पिक स्रोत। ☛ कृषि–आधारित प्रसंस्करण एवं उद्यमिता के अवसर। ☛ बाजार में बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पादों की संभावना।

सामाजिक प्रभाव–

☛ खाद्य सुरक्षा को मजबूती। ☛ ग्रामीण परिवारों की आजीविका में विविधता। ☛ कृषि जोखिमों के प्रति समुदायों की क्षमता में वृद्धि। ☛ ग्रामीण रोजगार के नए अवसर। ☛ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरुकता।

इन प्रभावों की तीव्रता अलग–अलग क्षेत्रों में

स्थानीय परिस्थितियों, किसान संसाधनों और नीति कार्यान्वयन के आधार पर भिन्न हो सकती हैं।

भविष्य की रणनीतियाँ–

जलवायु–स्मार्ट कृषि को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने के लिए केवल तकनीकी समाधान पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए नीति, वित्त, अनुसंधान, प्रशिक्षण और बाजार व्यवस्था के बीच समन्वय आवश्यक है।

सबसे पहले कृषि अनुसंधान और स्थानीय स्तर पर नवाचार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। ऐसी तकनीकों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए जो किसानों की वास्तविक आवश्यकताओं और स्थानीय जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप हों।

दूसरे, किसानों के लिए प्रशिक्षण और विस्तार सेवाओं का मजबूत करना आवश्यक है। केवल तकनीक उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है। किसानों को उसके उपयोग, लागत और संभावित लाभ की जानकारी भी दी जानी चाहिए।

तीसरे, मौसम पूर्वानुमान और प्रारम्भिक चेतावनी प्रणालियों को अधिक स्थानीय और किसान–अनुकूल बनाया जाना चाहिए। समय पर प्राप्त सूचना किसानों को फसल चयन, सिंचाई, बुवाई और कटाई सम्बन्धी निर्णय लेने में सहायता कर सकती है।

चौथे, छोटे किसानों के लिए संस्थागत ऋण, बीमा तथा जलवायु वित्त तक पहुँच को सरल बनाना आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल कृषि, कुशल सिंचाई, बेहतर भण्डारण और कृषि प्रसंस्करण को ग्रामीण विकास नीति के साथ जोड़ना उपयोगी होगा।

निष्कर्ष–

जलवायु परिवर्तन कृषि क्षेत्र की उत्पादन क्षमता, किसान आय और खाद्य सुरक्षा के लिए एक दीर्घकालीन चुनौती है। तापमान में परिवर्तन, अनिश्चित वर्षा, सूखा, बाढ़ तथा अन्य चरम मौसम की घटनाएँ कृषि गतिविधियों में जोखिम और अस्थिरता को बढ़ा सकती हैं। विशेषरूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए इन परिस्थितियों का सामना करना कठिन हो सकता है।

जलवायु–स्मार्ट कृषि इस चुनौती का सामना करने के लिए कृषि विकास और जलवायु कार्रवाई को एकसाथ जोड़ने वाला दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। इसका ध्यान उत्पादकता और किसान आय में टिकाऊ सुधार, जलवायु परिवर्तन के अनुरूप अनुकूलन एवं लचीलापन तथा परिस्थितियों के अनुरूप ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी पर केन्द्रित है।

हालाँकि वित्तीय संसाधनों की कमी, तकनीकी जानकारी का अभाव, कमजोर आधारभूत संरचना, बाजार सम्बन्धी कठिनाइयाँ और छोटे किसानों की सीमित निवेश क्षमता इसके व्यापक विस्तार में बाधा बन सकती हैं। इसलिए केवल नई तकनीकों को बढ़ावा देने के बजाय ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो किसानों को वित्तीय, तकनीकी और संस्थागत सहायता उपलब्ध कराएँ।

भविष्य में डिजिटल कृषि, मौसम आधारित सलाह, जल संरक्षण, कृषि–वनीकरण, जलवायु–अनुकूल फसल किस्में, नवीकरणीय ऊर्जा और सटीक कृषि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सरकार, कृषि वैज्ञानिकों, किसानों, निजी संस्थानों और सीनीय समुदायों के बीच प्रभावी सहयोग के माध्यम से कृषि को अधिक टिकाऊ और जलवायु–लचीला बनाया जा सकता है।

अन्ततः जलवायु–स्मार्ट कृषि को केवल उत्पादन बढ़ाने की तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि किसान आजीविका, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के दीर्घकालीन संरक्षण को एक साथ सम्बोधित करने वाली विकास रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. Lipper. L., Thornton, P, et al - (2014), Climate & Smart Agriculture for Food Security, Nature Climate Change, 4, 1068–1072.
2. Neufeldt, H., et al - (2013) - Beyond Climate&Smart Agriculture: Toward Safe Operating Spaces for Global Food Systems.
3. Campbell, B. M., et al - (2018) - Urgent Action to Combat Climate Change and Its Impacts : Transforming Agriculture and Food Systems.
4. Bhusal, A., et al - (2020) - Climate & Smart Agriculture (CSA) : Training Manual.
5. Bibi, F. & Rahman, A. - (2023) - An Overview of Climate Change Impacts on Agriculture and Their Mitigation Strategies.
6. Taylor, M. (2017) - Climate Smart Agriculture : What Is It Good For.
7. Ajayi, O. C., et al - (2011) - Agricultural Success from Africa : The Case of Fertilizer Tree Systems.
8. Arora, N. K. & Mishra, I. (2023) - Sustainable Development Goal 13 : Recent Progress and Challenges to Climate Action.
9. Neumane, B., Bhattaraj, B., et al- (2024) - Integrating Climate & Smart Agriculture for Sustainable Agriculture : Opportunities, Challenges and Future Directions.

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

19वीं शताब्दी में 'मैनचेस्टर' उपनाम से विश्व में पहचान बनाने वाले कानपुर में श्रमिक संगठनों का विकास एवं उसका प्रभाव

Received: 04 February, 2026; **Accepted:** 28 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23536799
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– डॉ. राजकुमार राजौरिया
असिस्टेंट प्रोफेसर –
इतिहास विभाग,
डी. ए.–वी. कॉलेज, कानपुर–208001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल–
drrajouria1971@gmail.com

सारांश

1920 ई. में एटक–AITUC की स्थापना के साथ–साथ जहाँ राष्ट्रीय स्तर में अनेक श्रमिक संगठन एक मंच पर आये, वहीं आने वाले समय में कर्मचारी यूनियनें इस मंच का हिस्सा बनती चली गयीं और तत्कालीन सामाजिक–आर्थिक आवश्यकतानुसार इस संगठन का विभाजन–इंटक INTUC-Indian National Trade Union Congress); हिन्द मजदूर सभा–HMS; सीटू-CITU-Central of Indian Unions, भारतीय मजदूर संघ–BMS आदि में हुआ। निश्चित तौर पर, इन मजदूर संगठनों का प्रभाव कानपुर में भी पड़ा, जिससे तमाम श्रमिक संगठनों एवं कर्मचारी संघों ने समय–समय पर व्यापक आन्दोलन किये व अपनी मांगों को भी रखा। लेकिन यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि 19वीं शताब्दी में ''मैनचेस्टर'' के उपनाम से विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला यह शहर संभवतया राजनीति का अखाड़ा बन गया और यहाँ के विभिन्न श्रमिक संघों के पदाधिकारी स्वार्थपरक राजनीति का हिस्सा बनते चले गये। 1881 और 1891 के कारखाना अधिनियम इसी तथ्य को ध्यान में रखकर पारित किये गये थे, जिसके अन्तर्गत मजदूरों के हितों को लेकर अनेक प्रावधान रखे गये, जैसे कि काम करने के घण्टे कम करना और साप्ताहिक अवकाश। किन्तु इन फैक्ट्री अधिनियमों के बावजूद मजदूरों की हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ।

कठिन शब्द – एटक–AITUC, इंटक INTUC, हिन्द मजदूर सभा–HMS, सीटू-CITU, भारतीय मजदूर संघ–BMS, मैनचेस्टर, स्वार्थपरक राजनीति, कारखाना अधिनियम, साप्ताहिक अवकाश।

17वीं शताब्दी में इंग्लैण्ड में होने वाली औद्योगिक क्रांति की प्रतिध्वनि समस्त विश्व में सुनाई दी और इसी के साथ पश्चिमी विश्व के राश्ट्र दो वर्गों में विभाजित हुए–पूँजीवादी और गैर पूँजीवादी। पूंजीवादी विचारधारा का पोशित ब्रिटेन जब पूर्वी देशों की ओर अग्रसरित हुआ तब उसने भारत के पारम्परिक ढांचे को नश्ट करते हुए भारी व्यापारिक लाभ कमाया और इस देश को विश्व में सबसे बड़ा उपनिवेश बनाया। आगे चलकर; 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध जर्मनी के विद्वान कार्ल मार्क्स ने भी

साम्यवादी विचारधारा के तहत ''स्वामित्व एवं श्रमिकों के मध्य आर्थिक लाभों'' को लेकर संघर्शों की बात कही। इसी पृष्ठभूमि में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों के बीच अपने सामाजिक व आर्थिक अस्तित्व को बनाये रखने के लिये अनेक श्रमिक संगठनों का उदय होना व उनमें होने वाले आन्दोलन तत्कालीन विश्व की एक स्वाभाविक प्रक्रिया कही जा सकती है। जिसने उत्पादन के साधनों व आर्थिक लाभों के सन्दर्भ में अनेक आयाम स्थापित किये। वास्तव में ''श्रमिक आन्दोलनों के इतिहास'' का अध्ययन करने से पता चलता है कि ये मानव के पक्ष में सकरात्मक दृष्टिकोण रखते हुये समाज सुधारकों द्वारा उत्पन्न हुये। इस क्रम में 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत में शशिपाद बनर्जी द्वारा गठित–''भारत श्रमजीवी संघ'' (1870) और केशवचन्द्र सेन द्वारा स्थापित–''भारत संस्कार (सुधार) संस्था'' की स्थापना (1890) एक उल्लेखनीय घटना की जा सकती है, जिसने मजदूरों में शिक्षा प्रसार के साथ–साथ उनकी दयनीय स्थिति को भी सुधारने का प्रयत्न किया।[1]

यह तथ्य भी ध्यातव्य रहे कि औद्योगिक क्रांति के पश्चात् भारत में भी श्रमिकों के हितों के संदर्भ में अनेक संगठन बने, साथ ही आधुनिक कारखाने अस्तित्व में आये। ''भारत में एक अंग्रेज ने पहली कपड़ा मिल खोलने का असफल प्रयत्न किया था। यह मिल 1818 में बंगाल स्थित हावड़ा जिले के बावडिया नामक स्थान में खोली जानी थी।[2]

कालान्तर में, लार्ड डलहौजी के समय रेलवे का आरम्भ हुआ जिसने उद्योगों के विकास में महती भूमिका अदा की। ''1854 में एक अमेरिकी–लेंडन ने भड़ौंच में पहली स्थाई कपड़ा मिल शुरू की... इसी प्रकार एक दाबर नामक पारसी ने भी बम्बई के तारदेव नामक स्थान पर कपड़ा मिल आरम्भ की।''[3] 1875 के बाद कानपुर, अहमदाबाद, नागपुर, शोलापुर में भी कपड़ा मिलों की शुरूआत हुई।[4] इन मिलों में 1859 में कुल पूंजी 11.6 करोड़ रूपये थी, जिसमें अधिकांश भारतीयों की थी।[5] 1890 के भारत में औद्योगिक विकास का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत कल–कारखानों में काम करने वाले मजदूरों की औसत संख्या 4,21,545 तक हो गई थी।[6] इसी के साथ ब्रिटिश पूंजी–निवेश नकदी फसलों यथा–नील, चाय और कॉफी में भारी मात्रा में हुआ जिससे उन्हें काफी लाभ प्राप्त हुआ।

पूंजीवादी अवधारणा का आरम्भ एवं औद्योगीकरण होने से भारत का आर्थिक विकास जहाँ इंग्लैण्ड के पक्ष में था, वहीं इसका शोषणात्मक पहलू : मजदूरों के हितों के विपरीत एवं दयनीय था। रुई का निर्यात करने वालों ने बम्बई में रूई से बिनौलों को अलग करने और रूई की गांठे बनाने के कारखाने खोल रखे थे। इन कारखानों के मजदूरों की हालत का वर्णन करते हुए बम्बई के ब्रायलरों के सीनियर इंस्पेक्टर टाम ड्रिक्टे ने 1888 में लिखा– ''बिनौले से रूई को अलग करने का मौसम लगभग 8 महीने रहता है। इसमें से लगभग 5 महीने मजदूर सवेरे 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक काम करते हैं। बाकी तीन महीने वे रात दिन काम करते हैं। इनमें ज्यादातर मजदूरिनें काम करती हैं। ..... यहाँ लगातार दिन–रात एक सप्ताह तक काम करने वाली औरतें मिलेंगी। ..... मेरे ख्याल से इस उद्योग में बच्चों की दो पालियाँ कहीं भी नहीं हैं, इसलिये वे अवश्य ही 24 घंटों में से 23 घंटे काम करते होंगे।''[7] 1881 और 1891 के कारखाना अधिनियम (Factory Act) इसी तथ्य को ध्यान में रखकर पारित किये गये थे, जिसके अन्तर्गत मजदूरों के हितों को लेकर अनेक प्रावधान रखे गये, जैसे कि काम करने के घण्टे कम करना और साप्ताहिक अवकाश। किन्तु इन फैक्ट्री अधिनियमों के बावजूद मजदूरों की हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ।[8]

1908 में गठित 'फैक्ट्री आवर्स (मोरिसन) कमीशन' ने अपनी रिपोर्ट में कहा– ''हमने देखा है कि गिनिंग (रुई से विनौले अलग करने की) फैक्ट्रियों में मजदूरों को एक दिन में 17–18 घण्टे काम करना पड़ता है। चावल मिलों और आटा मिलों में लोगों को कभी–कभी 20–22 घण्टे रोज काम करना पड़ता है, आदतन बहुत ज्यादा घण्टे काम करने वाले को खोजने के लिये कपड़ा उद्योग को देखना होगा।'' इस आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 1911 का ''कारखाना अधिनियम'' पारित हुआ जिसमें वयस्क मजदूरों के दैनिक कार्य के घण्टे कम किये गये। महात्मा गाँधी ने भी मजदूरों के पक्ष में कहा था– ''मालिकों के साथ मजदूरों का सम्बन्ध भागीदार के समान होना चाहिए। उचित तो यह है कि बाप बेटे के बीच जो सम्बन्ध होता है मालिक और मजदूर के बीच में भी वैसा ही सम्बन्ध रहे। जिस तरह बेटा बाप के अनुभव और ज्ञान से लाभ प्राप्त करता है वही बात मजदूरों के लिये भी होनी चाहिए।''[9]

इन सब प्रयासों के बावजूद 19वीं सदी के अन्त

तक देश के विभिन्न शहरों में मजदूरों की हड़तालें बढ़ती जा रही थीं। इन समस्त हड़तालों के पीछे सुव्यवस्थित सांगठनिक ढांचे का अभाव था। विदित हो कि यह श्रमिक संगठनों के विकास की शैशवास्था का काल था। इस क्रम में एन. एम. लोखण्डे (नारायण मेंघजी लोखण्डे) ने 24 अप्रैल, 1890 को मजदूरों की एक सभा में ''बॉम्बे मिल हैण्डस एसोसिएशन'' नामक श्रम संगठन की स्थापना की, जो वास्तव में भारत का ''पहला श्रम संघ'' था, यहीं से भारतीय श्रम संघ आन्दोलन (ट्रेड यूनियन आन्दोलन) के इतिहास का आरम्भ होता है। इसी कारण श्री लोखण्डे को – ''भारतीय ट्रेड यूनियन आन्दोलन का जनक'' कहा जाता है। इन संघ ने अपने कार्यक्रमों के प्रचार के लिये ''दीनबन्धु'' नामक पत्र का प्रकाशन भी किया।[10] इस आरम्भिक दौर में मजदूर वर्ग ने अपनी सांगठनिक शक्ति को पहचाना और हड़ताल का अस्त्र की भाँति प्रयोग किया।

कार्ल मार्क्स ने भी श्रम संगठनों के विषय में कहा कि– ''श्रम संगठन श्रमजीवी वर्ग की शक्तियों को एकत्रित करने के केन्द्र थे। बिना संगठित संगठन के कर्मचारी नौकरी के लिये होड़ करते थे। श्रम संगठन का विकास आरम्भ में स्वाभाविक रूप से इस प्रकार हुआ जिससे यह होड़ समाप्त हो जाये और उन्हें ऐसी कार्य स्थिति प्राप्त हो जो उन्हें दासों की श्रेणी से ऊपर रखे। ..... श्रम संगठन का उद्देश्य सामाजिक ढांचे में परिवर्तन लाना है। उनके द्वारा मजदूरों को संगठित करके उन्हें राजनीतिक दासता से मुक्ति दिलाई जाये।''[11]

उपरोक्त विचारधारा के परिणामस्वरूप 20वीं शताब्दी के आरम्भ में मजदूर वर्ग में राजनीतिक चेतना का प्रादुर्भाव हुआ, जिसके पीछे 1905 ई. और 1917 ई. की रूसी क्रांति की अवधारणा रही। इस घटना ने निरंकुश जारशाही का अन्त नहीं किया, साथ ही कुलीन जमीदारों, सामन्तों, पूँजीपतियों आदि की आर्थिक और सामाजिक सत्ता को समाप्त करते हुये विश्व में मजदूर और किसानों की प्रथम सत्ता स्थापित की। मॉर्क्स द्वारा प्रतिपादित ''वैज्ञानिक समाजवाद की विचारधारा'' को मूर्त रूप पहली बार रूसी क्रान्ति ने प्रदान किया। यह विचारधारा 1917 के बाद इतनी शक्तिशाली हो गई कि 1950 तक लगभग आधा विश्व इसके अन्तर्गत आ चुका था। इस दौरान भारत में भी इस अवधारणा का समावेश हो चुका था। श्रमिकों के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाने की मांग जोर पकड़ रही थी। एवं 19वीं–20वीं शताब्दी में अनेक श्रमिक संगठनों का गठन हो रहा था।

इसी बीच, देश में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में राष्ट्रीय आन्दोलन तीव्रता से फैल रहा था एवं ट्रेड यूनियन तथा स्वतंत्रता आन्दोलन के मध्य परस्पर सहयोग लिये हुए एक नये युग का सूत्रपात हुआ। उस समय चल रहे स्वदेशी आन्दोलन का भारतीय मजदूर आन्दोलन पर भी प्रभाव पड़ा। साथ ही अनेक राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने मजदूरों के सांगठनिक कार्यों को अपने हाथ में ले लिया। 1908 में लोकमान्य तिलक की गिरफ्तारी के विरोध में आम हड़ताल, राजनीतिक प्रश्न पर मजदूरों की प्रथम हड़ताल थी।[12]

1918 में वी. पी. वाडिया के प्रयासों से ''मद्रास लेबर यूनियन'' की स्थापना हुई जो मजदूरों का पहला विधिवत् संगठन माना जाता है। श्री लोकनाथन के अनुसार– ''मद्रास का कोई भी सूती मिल मजदूर इस यूनियन के बाहर नहीं रहा और यह यूनियन बहुत कम समय में ही शक्तिशाली हो गई।''[13]

इस प्रकार, 20वीं शताब्दी के आरम्भिक दौर में समाजवादी विचारधारा के जोर पकड़ने के साथ–साथ मजदूरों की शोषणात्मक स्थिति, कार्य पद्धति व उनके विभिन्न सांगठनिक ढांचों के मध्य पारस्परिक वैचारिक मतभेदों को कम करने के लिये 2 नवम्बर, 1920 ई. को प्रथम देशव्यापी संगठन ''अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस'' यानि एआईटीयूसी (AITUC : एटक) की स्थापना हुई जिसके प्रथम अध्यक्ष ''पंजाब केसरी'' लाला लाजपत राय थे। आगे चलकर इस संगठन का नये रूप में सृजन हुआ, जैसे कि इंटक (INTUC-Indian National Trade Union Congress) क्योंकि इसके सदस्यों के मध्य मतभेद लगातार बढ़ते जा रहे थे। 1948 में इसका भी विभाजन हो गया और समाजवादियों के गुट ने एक नये संगठन को जन्म दिया जिसका नाम रखा गया– ''हिन्द मजदूर पंचायत'', किन्तु इस संगठन का अस्तित्व भी ज्यादा लम्बे समय तक नहीं रह सका और उसी वर्ष इसका नाम बदलकर ''हिन्दू मजदूर सभा'' हो गया।[14]

कानपुर का श्रमिक आन्दोलन और उसका प्रभाव–

1865 से लेकर 1920 तक उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर कानपुर में भी अनेक मिलों की स्थापना हुई जिनमें हजारों श्रमिक कार्यरत् थे। मजदूरों को 14 से 16 घण्टों तक काम करना पड़ता था, बाल व महिला मजदूरों से जबर्दस्ती काम लिया जाता था।[15] इस संदर्भ में 25

सितम्बर, 1890 को बम्बई, उत्तर–पश्चिम उत्तर प्रदेश और अवध के कारखानों में मजदूरों की अवस्था की जांच के लिये ''फैक्ट्री लेबर कमीशन'' का गठन किया गया जिसमें कानपुर से विलायती ऊलेन मिल (लाल इमली) के फोरमैन प्रेमजी मानिक जी को भी सदस्य बनाया गया। इसी कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर 1891 का ''फैक्ट्री एक्ट'' पारित हुआ था।[16]

कानपुर में प्रथम बार मजदूरों की सभा–

प्रथम महायुद्ध के समय कानपुर के मिल मालिक मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते थे। छोटी–छोटी त्रुटियों तथा अपराधों में उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाता था। मजदूरों के वेतन से एक रुपये माहवार कटौती कर ली जाती थी। सेवायोजकों के ऐसे दुर्व्यवहार के विरुद्ध एल्गिन मिल के विद्यार्थी नामक कर्मचारी ने सन् 1918 में भैरवघाट में पहली सभा की जिसमें केवल 21 व्यक्ति सम्मिलित हुए जिसके कारण श्री विद्यार्थी को एल्गिन मिल से निकाल दिया गया।[17] एल्गिन मिल के एक अन्य कर्मचारी पंडित कामदत्त एक इमली के पेड़ के नीचे हवन पूजन और प्रवचन करते थे।[18] साथ ही मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत भी करते रहते थे। नतीजन मजदूरों में हड़ताल के प्रति सुगबुगाहट शुरू हुई।[19] पण्डित जी अपनी मिल साथ अन्य मिलों के मजदूरों को भी जगाने लगे।

कानपुर में प्रथम हड़ताल–

एलगिन मिल में एक ओर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार अपनी चरम सीमा पर था तो दूसरी ओर कर्मचारियों में पं. कामदत्त की प्रेरणा से जागृति आ रही थी। फलस्वरूप नवम्बर, 1919 में एलगिन मिल के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। शहर के सभी मिलों के कर्मचारियों ने भैरवघाट पर दूसरी सभा की जिसमें सभी मिलों में हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। फलस्वरूप सारे शहर की मिलों में आम हडताल हो गयी।

बारह मिलों की हड़ताल–

24 नवम्बर, 1919 से 2 दिसम्बर, 1919 तक की इस हड़ताल में 26,919 आदमियों ने भाग लिया।[20] यह हड़ताल बारह मिलों की हड़ताल'' के नाम से प्रसिद्ध हुई। श्रमिकों की एक बैठक पुनः भैरवघाट में हुई जिसमें प्रत्येक रविवार को श्रमिकों के संगठन और समस्याओं पर विचार के लिए पं. कामदत्त, गणेश शंकर विद्यार्थी, मूलचन्द्र घसीटे, कुन्जीलाल, शिवगुलाम एवं श्री ठाकुर की सात सदस्यों वाली समिति बनाई गई।[21]

कानपुर में प्रथम मजदूर संगठन–

उपरोक्त हड़ताल के दौरान प्रत्येक मिल से दो–दो प्रतिनिधियों को लेकर जो कार्यकारिणी घोषित की गयी थी उसमें पं. कामदत्त अध्यक्ष, लाला देवीदयाल महामंत्री बनाये गये थे। हड़ताल समाप्त होने के बाद ही कार्यकारिणी को 'मजदूर सभा' नाम दे दिया गया।

कानपुर के मिल कर्मचारियों के झंडे–

इस संगठन में सभी कारखानों एवं नगरपालिका के कर्मचारी भी शामिल थे। सभी के झण्डे भी भिन्न भिन्न प्रकार के थे। लाल इमली के मजदूरों ने कम्बल का झण्डा फहराया तो कूपर एलन के श्रमिकों ने 'जूते' का निशान लहराया। सूतीमिल मजदूरों के झण्डे लाल, पीले, नीले, हरे, आदि के थे। टाट मिल का झण्डा टाट का था।[22]

कानपुर में प्रथम मजदूर संगठन का रजिस्ट्रेशन–

इस प्रकार कानपुर में मजदूर संगठन की शुरुआत हुई। 4 दिसम्बर, 1928 को ट्रेड यूनियन के अन्तर्गत मजदूर सभा का रजिस्ट्रेशन होने के बाद 20 जनवरी, 1929 को गणेश शंकर विद्यार्थी सभापति एवं हरिनाथ शास्त्री प्रधानमंत्री चुने गये। कानपुर में 1938 तक इस यूनियन में कम्युनिस्टों का बहुमत हो गया।[23]

कानपुर में इण्टक सहित अन्य यूनियनों का गठन–

प्रारम्भ से ही आल इण्डिया ट्रेड यूनियन (एटक) के साथ मजदूर सभा सम्बद्ध रही, परन्तु 3 मई, 1947 को इण्टक के केन्द्रीय श्रम संगठन के बनते ही 1949 में ''कानपुर मिल मजदूर यूनियन'' का गठन हुआ। इसके बाद एटक एवं इण्टक से सम्बद्ध यूनियनें अलग–अलग बनने लगीं जिसमें राजनीतिक प्रभाव दिखाई पड़ता है।

इंटक से जुड़े कानपुर के श्रमिक नेता भी ऐसे राजनीतिक लाभों से वंचित नहीं रहे हैं। वैसे भी इंटक के गठन में कानपुर के श्रमिक नेताओं की अग्रणीय भूमिका रही है। पं. सूर्यप्रसाद अवस्थी, हरिहरनाथ शास्त्री इंटक के पुरोधाओं में रहे हैं। कालान्तर में इन दोनों श्रमिक नेतओं को कांग्रेस के सत्ता में आने का पूरा लाभ मिला। वर्तमान में इंटक से जुड़े कई श्रमिक नेता सत्ता संचालन में विभिन्न राजनीतिक संस्थाओं से जुड़कर लाभ कमा रहे हैं।[24]

सत्ता के लिये परस्पर संघर्षों के चलते बाद में कानपुर की स्थिति कमजोर पड़ती चली गई। धीरे–धीरे इन ट्रेड यूनियनों को राजनीतिक नेताओं ने अपनी स्वार्थपूर्ति का माध्यम बनाना आरम्भ कर दिया जिससे श्रमिकों में

स्वाभाविक रूप से उद्योगों और श्रम संगठनों को लेकर चिन्ता होने लगी। कानपुर के श्रमिक संगठन राजनेताओं के हाथ की कठपुतली बनने लगे। फलस्वरूप कानपुर में गैर राजनीतिक श्रमिक संगठनों के कुछ प्रमुख नेताओं– रामकृष्ण त्रिपाठी, हंसदेव गौतम, भगवत शरण रस्तोगी ''मिर्जा जी'', मूलराज, यज्ञदत्त शर्मा आदि ने श्रमिकों में जनजागरण का काम आरम्भ किया।

कानपुर में सबसे बड़ी हड़ताल–

1954 तक कानपुर में कपड़ा मजदूरों की छह प्रमुख ट्रेड यूनियनें बन चुकी थी। 1955 में सूती मिलों के नवीनीकरण के खिलाफ 82 दिन की हड़ताल कानपुर के मजदूरों ने की। इस आन्दोलन की अगुआई के लिए अध्यक्ष मण्डल का गठन किया गया था जिसमें राजाराम शास्त्री, सन्त सिंह यूसुफ, गणेश दत्त वाजपेयी, राम आसरे, अर्जुन अरोड़ा, अमूल्यरतन तिवारी एवं विमल मेहरोत्रा थे। इस हड़ताल में इण्टक ने भाग नहीं लिया था।[25]

कानपुर में सीटू का गठन–

वर्ष 1970 में इंटक का एक और विभाजन हो गया। 30 मई, 1970 को कलकत्ता के ब्रिगेड परेड ग्राउण्ड में ''सेण्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू)'' नामक नये महासंघ की घोषणा की गई। इस महासंघ के गठन में बी. टी. रणदिवे, पी. राममूर्ति, ज्योति बसु, इस्माइल, बालानन्दन, समर मुखर्जी जैसे अग्रणी नेताओं के साथ उत्तर प्रदेश के कुछ प्रमुख श्रमिक नेताओं– रामआसरे, चौधरी हरसहाय सिंह, के. एन. भट्ट आदि का विशेष योगदान रहा है।[26] 1970 में सीटू (सेण्टर आफ इण्डिया आफ ट्रेड यूनियन) के गठन होने पर विशुद्ध वामपंथी विचारधारा के सिद्धांतों के आधार पर कामरेड राम आसरे ने कानपुर में इस संगठन को संगठित करने का प्रयास किया। श्रीमती सुभाषिनी अली एवं कामरेड दौलतराम इसके प्रमुख नेता रहे। वर्तमान में कानपुर में इसका विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्रभाव पड़ा।

यहाँ विशेष तौर पर सर्वप्रथम गठित मजदूर सभा के ग्वालटोली स्थित कार्यालय का जिक्र करना भी जरूरी है। इसे ही ''गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति भवन'' भी कहा जाता रहा है कारण कि इसका निर्माण उनकी स्मृति में किया गया था और इसके निर्माण की पहल न केवल एल्गिन मिल्स कम्पनी नं.–1 के तत्काल अंग्रेज मैनेजर मि. कटरैल ने की थी. वरन् उन्होंने भरपूर आर्थिक सहयोग भी दिया था। मजदूर सभा के इस कार्यालय में कभी सिर्फ मजदूरों के हितों की राजनीति होती थी जहाँ से सभी दलों से जुड़े श्रमिक नेताओं ने संगठित होकर मजदूरों के हितों में बड़े मजदूर आन्दोलनों को सफलतापूर्वक चलाया था। मजदूर सभा वास्तव में श्रमिकों का सच्चा हितैषी संगठन था। सभा के भवन में ही श्रमिकों के लिए वाचनालय, चिकित्सालय की उत्तम व्यवस्था थी। श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए दो रात्रि पाठशालायें चलायी जाती थीं। सभा ने ''मजदूर सहकारी बैंक'' की भी स्थापना कर रखी थी जो कि. श्रमिकों को बहुत ही कम ब्याज पर कर्ज दिया करती थी। आज की तारीख में 'सभा' के कार्यालय पर पूरी तरह एटक का कब्जा है। मजदूर सभा के पूर्व के वर्णित कार्यकलाप पूरी तरह ठप्प हो चुके हैं और अब वह कभी कभार ही खुलता है।[27]

आजादी के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के श्रम संघ गठित हो जाने के कारण उनमें श्रमिकों पर वर्चस्व बनाये रखने की जंग तेज होती चली गयी। अधिसंख्य श्रमिक नेता इंटक से जुड़ गये जिनका इंटक से सामंजस्य नहीं बन सका अथवा वास्तव में जिनकी विचारधारा कांग्रेस से मेल नहीं खाती थी वे एटक में ही बने रहे। बाद में एटक के विभाजन से हिन्द मजदूर सभा के अस्तित्व में आ जाने के कारण इसके विभिन्न श्रमिक नेता इस संगठन में चले गये। आगे चलकर एटक के और भी विभाजन हुए और फिर अंततः कम्युनिस्ट पार्टी में विभाजन होने के पश्चात सीटू का गठन होने से 'एटक' पूरी तरह कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के कब्जे में आ गयी।[28]

विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने–अपने राजनीतिक संघ व विभिन्न ट्रेड यूनियनें गठित कर लिये जाने से आपसी प्रतिद्वन्द्विता भी दिनों दिन तेज होती चली गयी। सभी अपनी–अपनी नीतियों को श्रेष्ठ बताकर श्रमिकों पर वर्चस्व बनाने की कोशिश करने लगे। नतीजतन श्रमिक विभिन्न खेमों में बंटता चला गया। सरकार समर्थक होने से इंटक के श्रमिक नेताओं ने भले ही जमकर व्यक्तिगत लाभ उठाये पर वे अपनी पार्टी की सरकार केन्द्र में एक लम्बे अर्से तक रहने के बावजूद श्रमिकों का कोई कल्याण नहीं करा सके। इसका जीता जागता प्रमाण केन्द्र की कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 1975 में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय वस्त्र निगम का गठन कर 5 सूती मिलों के अधिग्रहण व बाद में वर्ष 1992 में ब्रिटिश इंडिया कारपोरेशन समूह की तीन सूती मिलों के अधिग्रहण के बाद भी उन्हें चलाया न जा सका।[29]

निष्कर्ष–

''भृतिदानेन सन्तुष्टा मानेन परिवर्धिता सान्तित्वता मृदुवाचा ये न त्यजन्त्याधिमं हि ते।''

अर्थात् यदि कर्मचारी को पर्याप्त मजदूरी का भुगतान किया जाये, इसे सम्मानजनक पदोन्नित दी जाये, उसके साथ नम्रता का व्यवहार किया जाये और उसके कश्टों में सहभागी बना जाये, तो कर्मचारी अपने स्वामी अर्थात् नियोजक का साथ नहीं छोड़ता।''

विश्व में सामाजिक–आर्थिक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तनशील घटनाओं के साथ ही पूंजीवादी, साम्यवादी एवं समाजवादी विचारधाराओं ने समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को झकझोर कर रख दिया, जिसने निःसन्देह अनेक प्रभावशाली संगठनों का गठन होने के साथ–साथ अपनी मांगों को उठाया और क्षेत्रीयता से लेकर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक जनान्दोलन का हिस्सा बने ''औपनिवेशिक शासनकाल में भारत का श्रमिक आन्दोलन, जिसकी प्रतिध्वनि स्थानीय स्तर पर कानपुर में भी सुनाई दी,'' इसी घटना की अति महत्वपूर्ण एवं स्वाभाविक प्रक्रिया रही है।

1920 ई. में एटक–AITUC की स्थापना के साथ–साथ जहाँ राष्ट्रीय स्तर में अनेक श्रमिक संगठन एक मंच पर आये, वहीं आने वाले समय में कर्मचारी यूनियनें इस मंच का हिस्सा बनती चली गयीं और तत्कालीन सामाजिक–आर्थिक आवश्यकतानुसार इस संगठन का विभाजन–इंटक INTUC-Indian National Trade Union Congress); हिन्द मजदूर सभा–HMS; सीटू-CITU-Central of Indian Unions, भारतीय मजदूर संघ–BMS आदि में हुआ। निश्चित तौर पर, इन मजदूर संगठनों का प्रभाव कानपुर में भी पड़ा, जिससे तमाम श्रमिक संगठनों एवं कर्मचारी संघों ने समय–समय पर व्यापक आन्दोलन किये व अपनी मांगों को भी रखा। लेकिन यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि 19वीं शताब्दी में ''मैनचेस्टर'' के उपनाम से विश्व में अपनी पहचान बनाने वाला यह शहर संभवतया राजनीति का अखाड़ा बन गया और यहाँ के विभिन्न श्रमिक संघों के पदाधिकारी स्वार्थपरक राजनीति का हिस्सा बनते चले गये। शुक्रनीति का यह प्रसिद्ध श्लोक कर्मचारियों में होने वाले शोषण का उदाहरण प्रस्तुत करता है–

''वाक्पारूश्यान्नयूनभृत्या स्वामी प्रबलदण्डतः।
भृत्यं प्रशिक्षयेत्रित्यं शतुल्यं त्वपमानतः।।''

अर्थात् कम मजदूरी, कठोर बर्ताव, अपमान, दुर्व्यवहार, अत्यधिक जुर्माना और कड़ा दण्ड कर्मचारियों के बीच असन्तोष और कुंठा उत्पन्न करते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची

1. सिंह, अयोध्या, समाजवाद भारतीय जनता का संघर्ष, पृष्ठ संख्या – 11।
2. एन एडवांस हिस्ट्री ऑफ इण्डिया, मैकमिलन, न्यूयॉर्क–1967, पृष्ठ संख्या – 895।
3. बुकानन, डेनियल हाउस, दि डेवलपमेंट ऑफ कैपिटलिस्ट इण्टरप्राइज इन इण्डिया, पृष्ठ संख्या – 136।
4. वही।
5. लॉरेन्स, मार्टिन, ब्रिटिश इम्पीरियलिज्म इन इण्डिया, लंदन, 1934, पृष्ठ संख्या – 63।
6. बुकानन, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 139।
7. ब्रिटिश पार्लियामेण्ट्री पेपर्स–188, 77 नम्बर 321, पृष्ठ संख्या – 13–15।
8. दास, आर. के., फैक्ट्री लेबर इन इण्डिया, 1923 : पृष्ठ संख्या – 59–60।
9. दि मॉरल, विशिष्ट विशेषांक–2010, पृष्ठ संख्या – 16।
10. सिंह, रामनरेश, भारत में श्रम संघ आन्दोलन, पृष्ठ संख्या – 3।
11. दि मॉरल, पूर्वोधृत पृष्ठ संख्या – 16।
12. मिश्र, शीतल प्रसाद, मजदूर आन्दोलन का इतिहास, पृष्ठ संख्या – 17।
13. इण्डस्ट्रियल वेलफेयर इन इण्डिया, पृष्ठ संख्या – 160।
14. दि मॉरल, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 16।
15. चक्र, सुदर्शन, कानपुर : मजदूर आन्दोलन का इतिहास, पृष्ठ संख्या – 6।
16. सिंह, अयोध्या, समाजवाद : भारतीय जनता का संघर्ष।
17. चक्र, सुदर्शन, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 180।
18. वही, पृष्ठ संख्या – 8।
19. सुयश, सर्वेश कुमार, कानपुर का इतिहास, पृष्ठ संख्या – 77।
20. चक्र, सुदर्शन, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 182।
21. सिंह अयोध्या, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 182।
22. चक्र, सुदर्शन, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 183।
23. वही, पृष्ठ संख्या – 184।
24. दि मॉरल, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 18।
25. चक्र, सुदर्शन, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 60।
26. दि मॉरल, पूर्वोधृत, पृष्ठ संख्या – 17।
27. वही।
28. वही।
29. वही, पृष्ठ संख्या – 17–18।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

Received: 06 February, 2026; **Accepted:** 28 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026

दहलीज के उस पार : मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती के कथा–साहित्य में स्त्री का अपना संसार



– संगीता सिंह
शोधार्थी – हिन्दी विभाग,
जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (सारण) – 841301 (बिहार)

ई–मेल :
singhsangita808@gmail.com

– शोध निर्देशक
– डॉ. संतोष कुमार सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर–हिन्दी विभाग,
जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (सारण) – 841301 (बिहार)

ई–मेल :
singhsangita808@gmail.com

सार

हिन्दी कथा साहित्य में स्त्री की उपस्थिति का स्वरूप समय के साथ–साथ निरन्तर परिवर्तित हुआ है। स्त्री को केवल परिवार, विवाह, मातृत्व और त्याग की पारम्परिक भूमिकाओं में देखने वाली दृष्टि के समानान्तर आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य में ऐसी स्त्री सामने आती है जो अपने अस्तित्व इच्छाओं अनुभव और निर्णय को स्वयं समझना चाहती है। इस परिवर्तन को अधिक गहराई से समझने के लिए मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती का कथा साहित्य विशेष महत्व रखता है। दोनों लेखिकाएं स्त्री को केवल सामाजिक परिस्थितियों की पीड़ित इकाई के रूप में प्रस्तुत नहीं करती बल्कि उसे अपनी पहचान और जीवन के अर्थ की तलाश करने वाली सक्रिय चेतना के रूप में सामने लाती है । मन्नू भण्डारी के कथा साहित्य में स्त्री का अपना संसार मुख्यतः सम्बन्धों के भीतर निर्मित होता है। प्रेम विवाह परिवार, अकेलापन और भावनात्मक द्वन्द उनकी स्त्री पात्रों की आत्मबोध के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। उनकी स्त्री बाहरी विद्रोह से अधिक अपने भीतर उठने वाले प्रश्नों के माध्यम से स्वयं को पहचानती है "यही सच है" जैसी रचना में स्त्री की भावनात्मक जटिलता और आत्मनिर्णय का प्रश्न इसी रूप में सामने आता है । मन्नू भण्डारी की सहज संयत और मनोवैज्ञानिक भाषा इस आंतरिक संसार को सूक्ष्मता प्रदान करती है। कृष्णा सोबती के कथा साहित्य में स्त्री का संसार देह, इच्छा, सामाजिक मर्यादा और स्वायत्तता के प्रश्नों से अधिक प्रत्यक्ष रूप से जुड़ता है। मित्रों मरजानी की मित्रों पारम्परिक स्त्री छवि के भीतर स्वयं को सीमित करने से इंकार करती है । वह अपनी देह और इच्छा के बारे में बोलती है और इसी बोलने के माध्यम से अपनी पहचान स्थापित करती है। सोबती की भाषा में लोग जीवन भूल जाए क्षेत्रीय संस्कार मुहावरे और जीवन्त संवादों की ऊर्जा है जो उनकी स्त्री पात्रों को विशिष्ट आवाज प्रदान करती है। इस आलेख में दहलीज को केवल घर की चौखट नहीं बल्कि सामाजिक पारिवारिक मानसिक और नैतिक सीमाओं के रूपक के रूप में देखा गया है। अपना संसार भी घर से बाहर निकलने का प्रायः नहीं बल्कि स्वयं को पहचान अपनी इच्छा को स्वीकार करने अपने अनुभव को अर्थ देने और अपने निर्णय को महत्व देने की प्रक्रिया है। मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती की स्त्रियाँ इस दहलीज को अलग–अलग रास्ते से पार करती हैं एक ओर सम्बन्धों की भीतर विकसित होती आत्म चेतना है तो दूसरी ओर देह और इच्छा के माध्यम से अर्जित स्वायत्त दोनों की कथा साहित्य में स्त्री अन्ततः किसी दूसरे की परिभाषा का हिस्सा भरना रह कर अपने जीवन की अर्थ निर्माता बनती है।

बीज शब्द– मन्नू भण्डारी, कृष्णा सोबती, स्त्री–विमर्श, स्त्री–अस्मिता, आत्मचेतना, स्वायत्त, देहबोध, आत्मनिर्णय, दहलीज, स्त्री का अपना संसार।

प्रस्तावना–

हिन्दी कथा साहित्य में स्त्री की स्थिति को समझने के लिए केवल यह देखना पर्याप्त नहीं है कि कथा में स्त्री की उपस्थिति कितनी है अधिक महत्वपूर्ण यह देखना है कि वह कथा के भीतर किस रूप में उपस्थित है क्या वह किसी दूसरे की जीवन की सहायक भूमिका है। यह अपने अनुभव की स्वतंत्रता केन्द्रबिन्दु क्या उसकी जीवन का अर्थ उसके लिए कोई और तय करता है। यह वह स्वयं अपने अनुभव को समझने और उसका अर्थ निर्धारण करने की स्थिति में आती है। आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य में स्त्री की बदलती हुई स्थिति का वास्तविक अर्थ इसी परिवर्तन में नहीं था। मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती इस परिवर्तन की दो महत्वपूर्ण रचनाकार हैं। दोनों ने स्त्री के जीवन की वास्तविक परिस्थितियों के भीतर देखा है। उनके यहाँ स्त्री कोई आधारकृत प्रतिमा नहीं बल्कि इच्छाओं, कमजोरी, असमंजस संघर्षों और निर्णय से बनी हुई मनुष्य है। दोनों की रचनात्मक दृष्टि में स्त्री का अपना अस्तित्व परिवार और समाज से अलग कोई कृत्रिम इकाई नहीं है बल्कि उन्होंने सम्बन्धों और सामाजिक परिस्थितियों की भीतर निर्मित होता है जिसमें वह जीती है।

मन्नू भण्डारी की यह स्त्री का संघर्ष अधिकतर सम्बन्धों के भीतर दिखाई देता है प्रेम, विवाह, और परिवार उसके लिए केवल सामाजिक संस्थाएं नहीं भी। उसके भीतर आत्मबोध के क्षेत्र भी है वह सम्बन्धों में रहते हुए अपने व्यक्तित्व को पहचानने की कोशिश करती है। दूसरी ओर कृष्णा सोबती के यहाँ स्त्री अपनी इच्छा और आवाज के स्तर पर सामाजिक मर्यादाओं को चुनौती देती दिखाई देती है। उनकी स्त्री अपने अनुभव को छुपाने के बजाय उन्हें स्वीकार करती है और अपने शर्तों पर व्यक्त करती है। इन दोनों लेखिकाओं को एक साथ पढ़ने पर दहलीज का रूपक विशेष अर्थ ग्रहण करता है। दहलीज एक सीमा है लेकिन वह एक ऐसी सीमा भी है जिस पर किया जा सकता है। स्त्री के जीवन में यह सीमा केवल घर की चौखट नहीं है परिवार की अपेक्षाएं सामाजिक, नैतिकता, लैंगिक भूमिकाएं, आत्म संकोच और दूसरे द्वारा निर्धारित पहचान की सभी अपनी–अपनी दहलीज है इसलिए उस पार जाना किसी एक स्थान को छोड़ देना नहीं बल्कि चेतना की उस अवस्था तक पहुँचना है जहाँ स्त्री अपने जीवन को स्वयं देखने लगती है। प्रस्तुत आलेख तुलनात्मक पाठ दृष्टि के आधार पर यह समझने का प्रयास करता है कि मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती की कथा साहित्य में स्त्री अपने लिए किस प्रकार की जगह निर्मित करती है। यह प्रश्न केवल यह नहीं है कि दोनों लेखिकाएं स्त्री के पक्ष में है या नहीं बल्कि यह है कि उनकी स्त्री किस प्रकार अपनी पहचान अर्जित करती हैं और किसी बिन्दु पर वह दूसरों द्वारा निर्धारित जीवन से निकलकर अपने अनुभवों की स्वामिनी बनती है।

मन्नू भंडारीःसम्बन्धों के भीतर स्त्री की आत्म चेतना–

मन्नू भण्डारी का कथा साहित्य आधुनिक मध्यवर्गीय जीवन की उन स्थितियों को केंद्र में लता है जहां बाहर से सामान्य दिखाई देने वाले सम्बन्धों के भीतर अनेक असंतोष और मानसिक तनाव सक्रिय रहते हैं। उनकी स्त्री किसी और साधारण सामाजिक मंच पर खड़ी हुई नायिका नहीं है वह परिवार में है, प्रेम में है, विवाह में है, अपने दिनचर्या में है और इन्हीं के भीतर अपने अस्तित्व को पहचानने की कोशिश करती है मन्नू भण्डारी की स्त्री का संघर्ष इसलिए सूक्ष्म है क्योंकि उसके सामने हमेशा कोई प्रत्यक्ष शत्रु नहीं होता कई बार उसकी सामने परम्परा सामाजिक अपेक्षा और सम्बन्धों के बनाए रखने की बाध्यता का एक अदृश्य दबाव होता है वह स्वयं भी कई बार उन्हें मूल्य से बनी होती है, जिसे उसे संघर्ष करना है। इस कारण उसका आत्मबोध धीरे–धीरे विकसित होता है, यही सच है कि दीपा इस दृष्टि से उल्लेखनीय है। उसके सामने प्रेम के अनुभव की जटिलता है, उसकी माँ किसी एक निश्चित नैतिक निष्कर्ष से में आसानी से नहीं बनता, वह अतीत और वर्तमान के बीच अपने अनुभव को पुनः देखती है। कहानी की शक्ति इस बात में है कि स्त्री के मन को किसी एक सरल निर्णय में सीमित नहीं किया गया है। उसकी भीतर मौजूद द्वन्द्व को उसकी मनुष्यता का हिस्सा माना गया है। यह मन्नू भण्डारी स्त्री को नैतिक आदर्श की मूर्ति बनाने के बजाय उसे एक संवेदनशील मनुष्य के रूप में स्वीकार करती है। वह प्रेम कर सकती है, बदल सकती है, भ्रमित हो सकती है और अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर सकती है। इस स्वतंत्रता में ही उसकी आत्म चेतना की शुरुआत है। उनकी कथा साहित्य में स्त्री को केवल बांधते नहीं है, वैसे स्वयं को पहचानने की स्थिति भी देते हैं। प्रेम

विवाह के अनुभव के भीतर व धीरे–धीरे यह समझता है कि किसी सम्बन्ध में होना अपने अस्तित्व को को देने को देना एक ही बात नहीं है। सम्बन्ध तभी अर्थपूर्ण है जब उसमें व्यक्ति की स्वतंत्रता सत्ता भी बनी रहे। मन्नू भण्डारी की स्त्री जो दहलीज को पार करती है, वह पहले माँ की दहलीज है। वह यह समझने लगती है कि उसका जीवन केवल दूसरों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए नहीं है। अपने मन को गंभीरता से लेना अपने अनुभव को पहचानना और अपने निर्णय को महत्व देना उसके आत्मनिर्णय की दिशा में पहला कदम है।

कृष्णा सोबती – देह इच्छा और स्त्री की स्वायत्तता–

कृष्णा सोबती की कथा साहित्य में स्त्री का अस्तित्व अधिक मुखर और अधिक प्रत्यक्ष रूप से सामाजिक योजनाओं से टकराता है। उनकी स्त्री के लिए दिए कोई ऐसा क्षेत्र नहीं जिसे केवल छिपाए या नियंत्रण किया जाए, नियंत्रित किया जाए। वह देव को अपने अस्तित्व का स्वाभाविक हिस्सा मानती है और अपनी इच्छाओं को भी जीवन की वास्तविकता के रूप में स्वीकार करती है। मित्रो मर जाने की इस दृष्टि से हिन्दी कथा साहित्य की विशिष्ट स्त्री पात्रों में गिनी जाती है, उसका व्यवहार पारम्परिक स्त्री छवि को चुनौती देता है। वह चुप रहने के बजाय बोलती है और अपनी इच्छाओं को व्यक्त करने में सामाजिक संकोच को अंतिम सत्य नहीं मानती। मित्रों की स्वायत्तता का एक महत्वपूर्ण आधार उसकी वाणी है, वह अपनी बात स्वयं रखती है। उसकी भाषा में लोक जीवन की सहायता हर्षवर्धन और डे की ऊर्जा एक साथ दिखाई देती है। इसलिए उसकी भाषा को केवल साहसी किया बोल्ड कहकर छोड़ देना उसके चरित्र की गहराई को कम कर देगा, उसके बोलने में अपने अस्तित्व को स्थापित करने की प्रक्रिया छुपी हुई है।

कृष्णा सोबती की स्त्री के लिए इच्छा कोई अपराध नहीं है समस्या इच्छा में नहीं बल्कि उसे सामाजिक व्यवस्था में है जो स्त्री और पुरुष की इच्छाओं के लिए अलग–अलग नैतिक मानदण्ड निर्धारित करती है सोबती की इस असमानता को कथा किस स्तर पर चुनौती देती है। उनकी कथा में मित्रों को केवल विद्रोही रूप में देखना भी पर्याप्त नहीं है। उसके भीतर जीवन की गहरी आकांक्षा है, वह जीवन को पूर्णता में जीना चाहती है। उसकी मुख्य कार्य केवल व्यवस्था का विरोध नहीं बल्कि अपने अस्तित्व की स्वीकृति है, यही उसे एक जटिल और जीवन्त पत्र बनती है। इस प्रकार कृष्णा सोबती की कथा साहित्य कथा संसार में स्त्री की दहलीज सामाजिक नैतिकता और आत्म संकोच दोनों से निर्मित होती है, उसे पार करना केवल बाहर जाना नहीं बल्कि अपनी देह और इच्छा को स्वीकार करना भी है

स्त्री का अपना संसार : आत्म चेतना अस्मिता और स्वायत्तता–

स्त्री का अपना संसार इस आलेख का केन्द्रीय प्रश्न है, इसका अर्थ केवल इतना नहीं की स्त्री को पुरुष से अलग कोई निजी स्थान मिल जाए। अपना संसार वास्तव में उसे चेतना का नाम है जिसमें स्त्री अपने जीवन को स्वयं अर्थ देती है। मन्नू भण्डारी की स्त्री के लिए यह संसार आत्म चेतना से बनता है। वह सम्बन्धों के भीतर रहते हुए अपने मन की स्वतंत्रता को पहचानती है। उसकी यात्रा भीतर से बाहर की ओर जाती है। पहले वह अपने अनुभव को पहचानती है, फिर वह उसे अनुभव के आधार पर सम्बन्धों को नए ढंग से देखने लगती है।

कृष्णा सोबती की स्त्री के लिए यह संसार स्वायत्तता की अधिक मुखर अभिव्यक्ति से बनता है वह अपनी देह और इच्छा को स्वीकार करती है और अपनी आवाज के माध्यम से सामाजिक नियंत्रण को चुनौती देती है। उसकी यात्रा कई बार बाहर से भीतर और भीतर से बाहर दोनों दिशाओं में चलती है, दोनों लेखिकाओं के यहाँ अपना शब्द अत्यन्त महत्वपूर्ण है। स्त्री केवल किसी की पत्नी किसी की बेटी या किसी की माँ होकर पूरी नहीं होती, इन सम्बन्धों का अपना महत्व है लेकिन इसके अतिरिक्त भी उसका एक स्वतंत्र अस्तित्व है। इसी स्वतंत्र अस्तित्व को पहचानना उसकी अपने संसार की शुरुआत है। इन संसार में स्वतंत्रता का अर्थ सम्बन्ध विरोध नहीं, सब स्त्री सम्बन्धों को स्वीकार किए बिना भी अपने स्वतंत्र सत्ता कायम कर सकती है।

मन्नू भण्डारी के यहाँ यह बात सम्बन्धों की मनोवैज्ञानिक जटिलता के माध्यम से सामने आती है और श्रुति के यहाँ देह और इच्छा के स्वीकृति के माध्यम से यह दोनों लेखिकाओं की दृष्टि एक सजा बिन्दु पर पहुँचती हैं। स्त्री को अपने अनुभव पर विश्वास करना चाहिए, जब वह अपने अनुभव को ही अविश्वसनीय मानने लगती है और समाज द्वारा दी गई व्याख्या को अंतिम सत्य मान लेती है तब उसका अपना संसार नहीं बन पाता। आत्म चेतना इसी निर्भरता से बाहर आने की प्रक्रिया है इस प्रकार अपना

संसार बाहर निर्मित होने से पहले भीतर निर्मित होता है।

दहलीज का रूपक : घर, समाज और स्त्री की आंतरिक दुनिया–

दिल्ली टैक्सीमा है जो दोनों संस्कारों को अलग करती है लेकिन दोनों को जोड़ती भी है। घर और बाहर के बीच स्थित दहलीज स्त्री के जीवन में सामाजिक अर्थ ग्रहण करती है। पारम्परिक व्यवस्था में स्त्री की पहचान को लम्बे समय तक घर परिवार और सम्बन्धों से जोड़कर देखा, इसलिए घर से बाहर की दुनिया केवल भौगोलिक बाहर नहीं थी। वह स्वतंत्र निर्णय और सार्वजनिक अस्तित्व की भी दुनिया थी, लेकिन इस दहलीज का अर्थ केवल घर तक सीमित नहीं है। स्त्री के मन में भी ऐसी दहलीज बनती है, उसे बचपन से बताया जाता है कि उसे कैसा व्यवहार करना है, कैसे चाहना चाहिए, कितना बोलना चाहिए, किन बातों पर चुप रहना चाहिए, धीरे–धीरे सामाजिक अपेक्षाएं उसके भीतर भी घर बना लेती हैं। मन्नू भण्डारी की स्त्री के सामने यही आन्तरिक दहलीज बार–बार आती है। वह दूसरों की अपेक्षाओं और अपने मन की आवाज के बीच अन्तर करना सिखाती है। उसका आत्मबोध इस समय गहरा होता है, जब वह यह समझता है कि दूसरों को प्रसन्न रखने की जिम्मेदारी उसके अस्तित्व की अन्तिम शर्त नहीं है ।

कृष्णा सोबती की स्त्री इस दहलीज को अधिक प्रत्यक्ष ढंग से चुनौती देती हैं। वह बोलती हैं, अपनी इच्छाओं को व्यक्त करती है और उसे सामाजिक माँ को तोड़ती हैं। जिस स्त्री की मर्यादा के नाम पर स्थापित किया गया है, इसलिए दहलीज को चार स्तरों पर समझा जा सकता है। घर की दहलीज समाज की दहलीज माँ की दहलीज और अभिव्यक्ति की दहलीज स्त्री का वास्तविक चरित्र है, उससे पार जाना इन सीमाओं को पहचान और अपनी स्थिति तय करने की प्रक्रिया है। इस रूपक की खूबियाँ हैं कि इसमें मुक्ति का कोई एक स्थाई बिन्दु नहीं है। एक दहलीज पार करने के बाद दूसरी दिल्ली सामने आ सकती है। स्त्री का आत्म निर्माण इसलिए लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

प्रेम, विवाह और स्त्री का आत्मनिर्णय–

प्रेम विवाह स्त्री के जीवन में केवल व्यक्तिगत सम्बन्ध नहीं रहे हैं। भारतीय सामाजिक संरचना में विवाह ने स्त्री की सामाजिक पहचान और सुरक्षा दोनों को लम्बे समय तक निर्धारित किया है। इसलिए प्रेम और विवाह से जुड़े प्रश्नों में स्त्री की स्वतंत्रता का प्रश्न स्वाभाविक रूप से जुड़ जाता है। मन्नू भण्डारी के यहाँ प्रेम का अनुभव एक सरल भावनात्मक सूत्र नहीं, उसमें स्मृति आकर्षण, वर्तमान अतीत और आत्महत्या एक साथ सक्रिय हो सकता है। स्त्री का मन एक ही समय में कई स्तरों पर अनुभव कर सकता है। उसे किसी एक निश्चित नैतिक आदर्श में बांध देना, उसके व्यक्तित्व को छोटा कर देना है। यही सच है कि दीपक के माध्यम से यही जटिलता सामने आती है। वह अपने अनुभव को स्वयं समझने की प्रक्रिया से गुजरती है, उसका निर्णय जितना भारी सम्बन्धों से जुड़ा है, उतना ही उसकी भीतर के आत्मबोध से भी।

कृष्णा सोबती के यहाँ विवाह और स्त्री की इच्छा का प्रश्न देखकर स्तर पर अधिकतर हो जाता है। मित्रों मर जाने इस बात के इस बात को सामने लाती है कि विवाह के भीतर स्त्री की इच्छाओं को स्वतंत्रता समाप्त मान लेना कितना और सामान सामाजिक दृष्टिकोण है। दोनों लेखिकाएं इस बात को रेखांकित करती हैं कि सम्बन्ध तभी मानवीय हो सकते हैं, जब उनमें व्यक्ति की स्वतंत्रता सतही बनी रहे। प्रेम यदि व्यक्ति की पहचान मिटा दे तो वह मुक्ति का नहीं बंधन का रूप ग्रहण कर सकता है, इसलिए स्त्री का आत्मनिर्णय सम्बन्धों से भागने में नहीं बल्कि सम्बन्धों की भीतर अपनी स्थिति को स्वयं निर्धारित करने में है यही दहलीज पार करने का एक महत्वपूर्ण अर्थ है।

पीड़ा से आत्मबोध तक–

स्त्री के अनुभव में पीड़ा का स्थान महत्वपूर्ण है लेकिन स्त्री साहित्य को केवल पीड़ा का साहित्य मानना उसके अर्थ को सीमित कर देता है। मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती दोनों के यहाँ पीड़ा आत्मबोध की ओर जाने वाली प्रक्रिया का हिस्सा बनती है। मन्नू भण्डारी की स्त्री सम्बन्धों की जटिलताओं और अकेलेपन से गुजरती हुई अपने भीतर की आवाज को पहचानती है। उसके अनुभव उसे केवल कमजोर नहीं करते भी उसे अपने जीवन के बारे में गंभीरता से सोने के लिए प्रेरित करते हैं। सुविधि की स्त्री पीड़ा को छुट्टी में बदलने की बजाय उसे बोलने का साहस रखती है। वह सामाजिक का सुविधाओं की कीमत सुविधा की कीमत पर भी अपनी बात कहती है, इसलिए उसके लिए बोलने मात्र अभिव्यक्ति नहीं अस्तित्व की पुष्टि है। दोनों लेखिकाओं के यहाँ स्त्री को दया का पात्र बनाने की प्रवृत्ति से बचा गया है। वह दुखी हो सकती है, असफल हो सकती है, भ्रमित हो सकती है लेकिन उसकी भीतर

आत्मबोध की संभावना हमेशा बनी रहती है। इस अर्थ में पीड़ा का अन्त नहीं है। वह कई बार उसे ऋण की शुरुआत होती है, जब स्त्री पहली बार स्वयं से पूछती है, मैं वास्तव में क्या चाहती हूँ। मेरा जीवन मेरे लिए क्या अर्थ रखता है और क्या मैं अपने निर्णय को स्वयं स्वीकार कर सकती हूँ। यही प्रश्न उसे दहलीज तक लाता है और आत्मनिर्णय उसे उसे पर ले जाता है।

निष्कर्ष –

मन्नू भण्डारी और कृष्णा सोबती की कथा साहित्य में स्त्री का अपने संसार किसी सामाजिक नारे यह बाहरी विद्रोह से निर्मित नहीं होता वह आत्म चेतना अनुभव इच्छा सम्बन्धों और निर्णय की लम्बी प्रक्रिया से बनता है। दोनों लेखिकाओं की स्त्री अपने जीवन की परिस्थितियों से संघर्ष करती हैं, लेकिन उसका सबसे महत्वपूर्ण संघर्ष अपने अस्तित्व को स्वयं पहचान का है। मन्नू भण्डारी की स्त्री सम्बन्धों की भीतर अपने व्यक्तित्व की पहचान करती है। प्रेम विवाह परिवार और अकेलेपन के अनुभव उसके लिए आत्म चेतना के रास्ते बनते हैं। उसकी कथा दृष्टि स्त्री की माँ की 'सूक्ष्मुल चलो' को पड़ती है और सहज भाषा में उसकी जटिलता को सामने लाती है। कृष्णा सोबती की स्त्री देह इच्छा और वाणी के स्तर पर अपनी स्वायत्तता को अधिक मुख्य रूप से स्थापित करती है। वह उन सीमाओं को चुनौती देती है, जिन्हें सामाजिक मर्यादा के नाम पर स्त्री के लिए निर्धारित किया गया है। उनकी जीवन्त और लोक सम्पर्क भाषा स्त्री के अनुभव को उसकी अपनी आवाज देती है।

दोनों लेखिकाओं के बीच अन्तर होने के बावजूद उनका सजा रचनात्मक आग्रह स्पष्ट है– स्त्री को किसी दूसरे की परिभाषा में सीमित न किया जाए, वह अपने अनुभव को स्वयं समझे अपनी पहचान स्वयं बनाएं और अपने जीवन के अर्थ को स्वयं निर्धारित करें। इसी संदर्भ में दहलीज का रूपक इस पूरे अध्ययन को अर्थ प्रदान करता है। दहलीज केवल घर और बाहर के बीच की सीमा नहीं है वह एक मानसिक सामाजिक और नैतिक सीमा भी है, जिस स्त्री जिसकी भीतर स्त्री को लम्बे समय तक परिभाषित किया गया, उससे पार जाना इसलिए केवल घर से बाहर निकलना नहीं बल्कि उसे चेतन तक पहुँचना है। जहाँ स्त्री अपने अनुभवों को स्वयं वेद मानती है और शायद इस दहलीज की सबसे महत्वपूर्ण सीमा भाषा की ही है, अतः दहलीज के उसे पर का वास्तविक अर्थ इसे निश्चित स्थान तक पहुँचाना नहीं बल्कि आत्मनिर्णय कि उसे स्थिति तक पहुँचना है, जहाँ स्त्री यह स्वीकार कर सके कि उसका जीवन स्वयं में पूर्ण अर्थ रखता है। इसका अपना संसार किसी दिए हुए अधिकार की तरह नहीं मिलता वह उसे अपने अनुभव चेतना और निर्णय से निर्मित करती है। यही मन्नू भंडारी और कृष्णा सोबती की कथा साहित्य की स्थाई प्रासंगिकता है। दोनों की स्त्रियाँ हमें यह समझने के लिए विवश करती हैं कि स्त्री की मुक्ति का पहला कदम बाहर की दीवार तोड़ना नहीं बल्कि भीतर बैठी उसे आवाज को पहचानना है, जो कहती है मेरा जीवन भी मेरा है और उसके अर्थ को तय करने का अधिकार भी मेरा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. भण्डारी मन्नू, यही सच है, प्रथम संस्करण – 1997, राधाकृष्णन प्रकाशन,नई दिल्ली।
2. भण्डारी मन्नू, श्रेष्ठ कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. सोबती कृष्णा, मित्रों मरजानी, राजकमल प्रकाशन–2004, नई दिल्ली।
4. सोबती कृष्णा, डार से बिछुड़ी, राजकमल प्रकाशन–2003, नई दिल्ली।
5. सोबती कृष्णा, बादलों की घेरे, राजकमल प्रकाशन, पांचवाँ संस्करण–2021, नई दिल्ली।
6. भारद्वाज नन्द, कृष्ण सोबती की कथा–यात्रा, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली ।
7. पाण्डे मैनेजर, साहित्य और इतिहास दृष्टि, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली ।
8. त्रिपाठी प्रभा, स्त्री और साहित्य, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली ।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में भारत की भूमिका और योगदान : एक विश्लेषण

Received: 10 February, 2026; **Accepted:** 28 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.22991215
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– डॉ. नलिनी लता सचान
सहायक आचार्य–राजनीति विज्ञान
डी. ए.–वी. कालेज, कानपुर–208001
(उत्तर प्रदेश)

ई–मेल :
nalini5524@gmail.com

सारांश

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात विश्व में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई थी । संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी स्थापना के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निरन्तर सक्रिय रहा है। इसने न केवल युद्ध को रोकना अपना उद्देश्य बनाया बल्कि विश्व में कहीं पर भी घटित हिंसा, गृह युद्ध या युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में संघर्ष विराम करवाने ,नागरिकों की रक्षा करने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पुनः स्थापना को भी अपना लक्ष्य बनाया है। इन लक्ष्यों की पूर्ति हेतु संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया भर में संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना मिशन स्थापित किए हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का संस्थापक सदस्य होने के नाते प्रारंभ से ही इन अभियानों का सक्रिय सदस्य रहा है। भारतीय सैनिकों, सैन्य पर्यवेक्षको, पुलिस अधिकारियों, तथा चिकित्सक दलों ने एशिया अफ्रीका तथा मध्य – पूर्व के अनेक संघर्षरत क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जो कि भारत की वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना तथा अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा की विदेश नीति के अनुरूप है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन में भारत के योगदान का विश्लेषण करना और यह स्थापित करना है कि इन मिशनों ने भारत को विश्व में एक अलग पहचान दिलाई है। यह अध्ययन वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। जिसमें संयुक्त राष्ट्रसंघ के आधिकारिक दस्तावेज भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रकाशनों, पुस्तकों, शोध जनरल, तथा अन्य द्वितीय स्रोतों का उपयोग किया गया है।

कुंजी शब्द – संयुक्त राष्ट्र, शांति स्थापना मिशन,भारत, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, सुरक्षा परिषद, विदेश नीति।

प्रस्तावना–

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में शान्ति एवं सुरक्षा की अवधारणा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अन्तर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता के लिए किये जा रहे लगातार प्रयासों के बावजूद विश्व के अनेक भाग आज भी संघर्ष, युद्ध, गृह युद्ध, जातीय हिंसा, आतंकवाद एवं अस्थिरता से प्रभावित हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद स्थापित संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व में शान्ति एवं सुरक्षा की स्थापना को अपना लक्ष्य बनाया और इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु उसके द्वारा किये जा रहे अनेक कार्य में से एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना मिशन है ।

विश्व के अनेक हिस्सों में संयुक्त राष्ट्र संघ ने शांति स्थापना मिशन स्थापित किए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ शान्ति स्थापना मिशन सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर उन क्षेत्रों में तैनात किए जाते हैं, जहाँ पर युद्ध एवं संघर्ष की स्थिति है। इन क्षेत्रों में मिशन शान्ति स्थापना, मानवीय सहायता तथा स्थायित्व लाने के लिए कार्य करते हैं। यह मिशन सैन्य एवं असैन्य दोनों प्रकृति के होते हैं, इसलिए इसके सदस्य सैनिक, अर्ध सैनिक, डॉक्टर एवं इंजीनियर आदि होते हैं। नीले रंग की टोपी पहनने के कारण इन सदस्यों को ब्लू हेलमेट भी कहा जाता है। भारत सहित दुनिया भर के लगभग 125 देश इस शान्ति सेना का हिस्सा हैं। संयुक्त राष्ट्र ने सर्वप्रथम 1948 में पश्चिम एशिया में सैन्य पर्यवेक्षक भेज कर अपने शान्ति अभियानों की शुरुआत की "UNTSO" (United Nations Truce Supervision Organisation) नामक यह शान्ति मिशन फिलिस्तीन से अलग होकर नए बने राज्य इजराइल में भेजा गया था। भारत ने इस मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक भेज कर शान्ति स्थापना में अपनी सक्रिय भूमिका का प्रारम्भ किया ।

संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना मिशनों का विकास–

संयुक्त राष्ट्र ने सर्वप्रथम 1948 में अपना पहला शान्ति स्थापना मिशन पश्चिम एशिया में तैनात किया। तत्पश्चात वर्तमान समय में 70 से अधिक शांति स्थापना मिशन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तैनात किए जा चुके हैं। प्रारम्भिक मिशन जो शीत युद्ध की अवधि के दौरान संचालित किए गए इन मिशनों का दायरा व कार्यक्षेत्र सीमित था। इस समय इनका कार्य निरीक्षण तथा मध्यस्थता तक सीमित रहा। शीत युद्ध के पश्चात् मिशनों की संख्या तथा दायित्वो में वृद्धि की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा संघर्षरत क्षेत्र में बहु आयामी शान्ति मिशन भेजे जाने लगे और वर्तमान समय में ये मिशन अनेक उद्देश्यों से तैनात किए जाते हैं, जैसे कि –

- चुनावों का आयोजन।
- मानव अधिकार संरक्षण।
- युद्ध विराम समझौता लागू करना।
- युद्ध समाप्ति हेतु राज्यों के मध्य संवाद स्थापित करना।
- पुलिस एवं न्यायिक संस्थाओं का निर्माण।
- निरस्तीकरण एवं पुनर्वास।
- शरणार्थियों की वापसी तथा
- राज्य निर्माण की प्रक्रियाओं का समर्थन करना।

सुरक्षा परिषद किसी क्षेत्र विशेष की स्थिति के विश्लेषण के पश्चात ही शान्ति मिशन की तैनाती करती है। जिसमें मिशन का उद्देश्य, दायरे, आवश्यक संसाधन तथा समय सीमा का निर्धारण किया जाता है ।

भारत का शांति मिशनों में योगदान–

भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का संस्थापक सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र संघ शांति सैनिकों की व्यवस्था सदस्य देशों से योगदान प्राप्त कर करता है। भारत सदैव संयुक्त राष्ट्र संघ के मूलभूत सिद्धान्तों से सहमत रहा है। भारत ने 'वसुधैव कटुम्बकम्' की भावना तथा 'सर्वे भवन्तु सखिनः सर्वे सन्तु निरामयः' का विचार अपनी विदेश नीति का आधार बनाया है। इसकी अभिव्यक्ति पंचशील सिद्धान्तों में भी हुई है और इसका क्रियात्मक पक्ष संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में इसके योगदान से स्पष्ट दिखा है।

भारत ने अब तक इन मिशनों में 2.5 लाख से अधिक सैनिकों का योगदान दिया है, जो कि किसी एक देश की सर्वाधिक संख्या है। भारतीय योगदान केवल सैनिकों की संख्या तक सीमित नहीं है। भारतीय सैनिकों ने कठिनतम परिस्थितियों में कार्य करते हुए संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। भारत ने 50 सेअधिक मिशनों में भागीदारी कर अपने 170 से अधिक सैनिकों का बलिदान किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ को जब भी आवश्यकता हुई भारत ने कभी उस पर नकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी। 1950 के कोरियाई संकट से लेकर हैती तक के संघर्ष में विश्व समुदाय ने भारत के संघर्ष को सराहा है। इन प्रयासों में भारत को जनधन की हानि हुई। बहुत से स्थलों पर स्थानीय विरोध का भी प्रत्यक्षीकरण हुआ। भारत ने अब तक हजारों सैनिक, सैन्य पर्यवेक्षक, पुलिस बल तथा चिकित्सा दलों को विभिन्न शांति मिशनों में भेजा है। इस कार्य में भारतीयों द्वारा दिया गया बलिदान इस बात का प्रमाण है कि भारत शांति स्थापना को वैश्विक दायित्व के रूप में देखता है न कि कूटनीतिक अवसर के रूप में।

वर्तमान समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के 11 सक्रिय शान्ति मिशन तैनात हैं, जिनमें से लगभग 8–9 मिशनों में भारतीय शांति सैनिक सक्रिय रूप से कार्यरत हैं और विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं। प्रमुख शांति मिशन जहाँ भारतीय शांति सैनिक तैनात हैं–

(1) MONUSCO- कांगो के सन 2010 से तैनात इस मिशन का उद्देश्य सशस्त्र समूहों से जनता की रक्षा करना .तथा लोकतंत्र की स्थापना करना है । भारत

ने एक बड़ी सैनिक टुकड़ी, इंजीनियरिंग व चिकित्सा यूनिट यहाँ पर तैनात की है। भारतीय महिला पुलिस भी यहाँ पर कार्यरत है।

(2) UNIFIL - 1978 से लेबनान में तैनात इस शान्ति मिशन का उद्देश्य इजरायल–लेबनान संघर्ष को रोक कर यहाँ शान्ति की स्थापना करना है। भारत 1998 से इस मिशन में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहा है। यहाँ भारत ने सैनिक टुकड़ी, बैलट ग्रुप तथा मेडिकल यूनिट भेजकर शान्ति स्थापना, नागरिक सुरक्षा तथा मानवीय सहायता जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

(3) UNMISS – सन् 2011 से दक्षिण सूडान में तैनात यह मिशन दक्षिण सूडान की स्वतंत्रता के पश्चात वहां शांति, सुरक्षा एवं नागरिकों की रक्षा उददेश्य से स्थापित किया गया था। भारत इस मिशन का प्रमुख योगदान करता है, जहाँ पर भारत के सैन्य बल, पुलिस बल तथा मेडिकल यूनिट शांति मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं ।

(4) UNISFA (अबीएई सूडान / दक्षिण सूडान) – इसकी स्थापना सन 2011 में अबिए क्षेत्र में शान्ति व सुरक्षा बनाए रखने तथा सूडान एवं दक्षिण सुडान के बीच संघर्ष को रोकने के लिए की गई थी। यहाँ भारत के सैन्य पर्यवेक्षक और सुरक्षा बल कार्य कर रहे हैं। भारतीय अधिकारी युद्धविराम की निगरानी', गस्त समन्वय तथा शांति स्थापना हेतु लगातार कार्य कर रहे हैं ।

(5) MINUSCA – 2014 से मध्य अफ्रीकी गणराज्य कांगो में कार्यरत मिशन नागरिकों की सुरक्षा, मानव अधिकारों की रक्षा तथा शान्ति स्थापना के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहा है। यहाँ पर भी भारत सीमित सैन्य पर्यवेक्षक तथा मानवीय सहायता उपलब्ध कराई है ।

(6) UNMOGIP – सन् 1947 में भारत–पाकिस्तान युद्ध के पश्चात सन 1949 में या मिशन दोनों पक्षों के मध्य युद्ध विराम समझौते की निगरानी हेतु कार्य कर रहा है। यद्यपि भारत अब इसे मान्यता नहीं देता है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के स्तर पर आज भी वहाँ भारत की उपस्थिति है ।

इसके अतिरिक्त साइप्रस में (UNFICYP) गोलन हाइट्स में (UNDOF) वेस्टर्न सहारा में (MINURSO) और आइवरी कोस्ट में (UNOCI) मिशन में भारतीय शान्ति सैनिक योगदान दे रहे हैं। वर्तमान समय मैं भारत के 5000 से ज्यादा शांति सैनिक संयुक्त राष्ट्र के शांति स्थापना मिशन में अपना योगदान दे रहे हैं ।

महिला शान्ति सैनिकों का योगदान –

संयुक्त राष्ट्र ने शांति मिशन में स्थानीय महिलाओं की समस्याओं को बेहतर ढंग से निस्तारित करने के उद्देश्य से ''लैंगिक समानता अभियान'' चलाया जिसके तहत महिला शान्ति सैनिकों के भागीदारी बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। सन् 2007 में भारत ने लाइबेरिया में पूर्ण महिला शांति सैनिकों की एक टुकड़ी भेजी और ऐसा कार्य करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। इन महिला शान्ति सैनिकों ने लाइबेरिया की शान्ति और सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। सन 2023 में भारत में अबीई मिशन में महिला शान्ति सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी भेज कर इन पर अपना विश्वास व्यक्त किया है।

भारतीय महिला पुलिस अधिकारियों ने सम्बन्धित देशों में कानून व्यवस्था की स्थापना, प्रशिक्षण देने तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत ने फरवरी 2025 में नई दिल्ली में ''वैश्विक दक्षिण महिला शान्ति सैनिक सम्मेलन'' का भी आयोजन किया जिसमें लगभग 35 देश की महिला शक्ति सैनिकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में इनके साहस और शौर्य की भूरि–भूरि प्रंशसा की गई।

संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना अभियानों के समक्ष क्षमता समकालीन चुनौतियाँ –

वर्तमान समय में अन्तर्राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रवृत्ति शीत युद्ध काल की प्रकृति से भिन्न है। शीत युद्ध काल में संघर्ष का मुख्य बिन्दु राज्य थे, जब कि वर्तमान समय में गृह युद्ध, आतंकवाद, जातीय हिंसा, धार्मिक उग्रवाद, गैर राज्यीय सशस्त्र समूह तथा साइबर खतरों की भूमिका बढ़ गई है, जिसने शांति स्थापना अभियानों को अधिक जटिल बना दिया है। संघर्षों की बदलती प्रकृति ने परिस्थितियों को जटिल बना दिया है।

इसके अतिरिक्त अधिकांश शांति मिशन सीमित संसाधनों में संचालित किए जाते हैं जिस कारण अनेक बार मिशन के लिए पर्याप्त उपकरण, परिवहन सुविधा तथा आधुनिक तकनीकी उपलब्ध नहीं हो पाती है जब कि शान्ति सैनिकों को अक्सर अत्यन्त जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है।

भारत में प्रारम्भ से ही शानति मिशन में भाग लिया है। भारत शान्ति मिशन के केवल सैन्य कार्य नहीं मानता बल्कि मानवीय सेवा का कार्य मानता है। भारतीय शान्ति सैनिकों प्रभावित देशों में अस्पताल स्कूल व सड़कों का निर्माण खाद सामग्री पहुँचाने के साथ ही स्थानीय संस्कृति

एवं परम्पराओं का सम्मान करते हुए लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का भी कार्य किया है, जिससे कि दीर्घकालिक एवं स्थाई शान्ति की स्थापना की जा सके। शान्ति मिशन में भारत का दृष्टिकोण निष्पक्षता तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा कर रहा है।

लेकिन इन मिशनों में उसे कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी चुनौती राजनीतिक अस्थिरता रहती है। जहाँ भी स्थानीय सरकार कमजोर होती है, मिशन का संचालन कठिन हो जाता है। विदेशी भाषा व संस्कृति की भिन्नता संवाद स्थापित करने में कठिनाई उत्पन्न करती है। साथ ही खराब बुनियादी ढांचा, सीमित संसाधन तथा खतरनाक युद्ध क्षेत्र में काम करने के कारण शान्ति सैनिक मनोवैज्ञानिक दबाव का भी सामना करते हैं। कई बार बड़े राज्य शान्ति मिशन को अपने हितों के अनुकूल प्रभावित करने का प्रयत्न करते हैं। भारत को मिशनों में भागीदारी और अपने राष्ट्रीय हित में संतुलन बनाना पड़ता है, क्योंकि किसी भी मिशन की असफलता या स्थानीय आबादी से टकराव की स्थिति भारत की अन्तर्राष्ट्रीय छवि पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन सब जोखिमों के मध्य भारत विश्व के प्रति एवं मानवता के प्रति अपने जिम्मेदारी का निरन्तर निर्वाह कर रहा है। भारत के अनेक शान्ति सैनिकों ने संयुक्त राष्ट्र मिशन में अपने प्राणों का बलिदान दिया है।

भविष्य में भी इन शान्ति मिशनों की आवश्यकता एवं महत्व कम होने की संभावना नहीं है, बल्कि वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि उनकी आवश्यकता आगे बढ़ेगी ही।।इन परिस्थितियों में भारत शान्ति सैनिकों का प्रशिक्षण, महिला शान्ति सैनिकों की संख्या में वृद्धि, तकनीकी सहायता, पुर्ननिर्माण कार्यक्रमों में सहयोग तथा संघर्षग्रस्त क्षेत्र में क्षमता निर्माण कार्यकर्मों का विस्तार कर संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

निष्कर्ष –

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन वैश्विक शांति स्थापना का मुख्य साधन है। संघर्षग्रस्त क्षेत्र में हिंसा को नियंत्रित करने, राजनीतिक स्थिरता लाने तथा मानवीय सहायता उपलब्ध कराने में शांति मिशनों का योगदान उल्लेखनीय है। भारत ने इस कार्य में अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। भारतीय शान्ति सैनिकों की निष्पक्षता , वीरता व मानवीय दृष्टिकोण ने विश्वभर में भारत की छवि को उज्जवल किया है। राजनीतिक दृष्टि से उसकी यह भागीदारी उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा, कूटनीतिक प्रभाव तथा सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता की दावेदारी को भी सुदृढ़ करती है और भारत की सॉफ्ट पावर को भी बढ़ाती है।

भारत अनेक विपरीत परिस्थितियों के बावजूद संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में लगातार योगदान देता रहा है और आगे भी देता रहेगा जैसा की भारत के वर्तमान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि हमारी विदेश नीति के केन्द्र में शान्ति स्थापना के प्रति एक प्रतिबद्धता निहित है– जो संवाद कूटनीति और सहयोग पर आधारित है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के दर्शन से प्रेरणा लेकर, इस विश्वास के साथ की पूरा विश्व एक परिवार है, भारत संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना के लिए सार्थक योगदान देना जारी रखेगा।' भारत का शान्ति मिशन में योगदान केवल वर्तमान समय की आवश्यकता नहीं बल्कि भविष्य की स्थाई एवं समावेशी वैश्विक शान्ति व्यवस्था के निर्माण की आधारशिला है ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. मेजर जनरल राजपाल पुनिया, दामिनी पूनिया – ऑपरेशन खुकरी, प्रभात प्रकाशन, दिसम्बर, 2021।
2. कम्बोज के. एल. – संयुक्त राष्ट्र शान्ति मिशन, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2018।
3. सिंह, गोपाल प्रसाद – भारत और संयुक्त राष्ट्र शान्ति मिशन – प्रकाशन विभाग, भारत सरकार, 2020।
4. नायडू , एम. वी. – इण्डिया एण्ड यू. एन. पीस कीपिंग ऑपरेशन – इण्डियन जनरल ऑफ पोलिटिकल साइंस, वॉल्यूम – 72 नं. 3, 2011 ।
5. सिन्हा अमर – इण्डिया एण्ड यू. एन. पीस कीपिंग – भारतीय विदेश मंत्रालय, 2021।
6. ठाकुर रमेश – The United Nation Peace and Security-Cambridge University Press 2006.
7 https:// Peacekeeping - UN- org-in
8 . https // www-pib-gov-in
9 UN Peace Keeping - Peace keeping fact Sheet - & New York & 2023- 2024.
10. Ministry of external affairs Government of India India and UN peacekeeping operations, New Delhi.
11. नवभारत टाइम्स – अगस्त, 2022।
12. अमर उजाला – 25 जुलाई, 2022।
13. अमर उजाला – 30 मई, 2025।
14. दैनिक जागरण – 30 मई, 2025।

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी विरचित 'काव्यमाला' में वर्णित सामाजिक समस्याएँ व निदान : एक विवेचन

Received: 29 January, 2026; **Accepted:** 22 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23019216
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– प्रो. (डॉ.) बिन्दु सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष – संस्कृत विभाग, कर्मक्षेत्र महाविद्यालय, इटावा – 206001 (उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
profbindusingh@gmail.com

सारांश

डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी की यह चिन्ता स्वाभाविक है। किसी भी विद्वान के लिए भारतीय नारी का यह स्वरूप चिन्ता का विषय है क्योंकि 'यत्र नार्यस्त पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' जैसी आदर्श धारणा का प्रतिपादन करने वाले तथा नारी को देवी और माँ जैसी सम्माननीय दृष्टि से देखने वाले भारत में नारी का ऐसा अभद्ररूप उसके लिए अशुभ संकेत है। पाश्चात्य संस्कृति ने जिस क्षेत्र का सर्वाधिक नुकसान किया है, वह है नारी समाज। पश्चिमी सभ्यता में पली बढ़ी भारतीय नारी आज आधुनिकता की होड़ में अपने मूलभूत प्राचीन आदर्शों से दूर होती जा रही है। पाश्चात्य नारी समाज और उसकी सभ्यता–संस्कृति पाश्चात्य शिक्षा और रीति नीतियों के प्रभाव से आज की नारी ने अपनी वित्तीय स्वतंत्रता तो उपलब्ध कर ली किन्तु सखेद स्वीकार करना पड़ता है कि उसने न तो स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ ही समझा है और न ही उसने अनुशासन सीखा है। यह स्थिति समाज के लिए अच्छी नहीं कहीं जा सकती क्योंकि समाज की उन्नति और अवनति का मूल नारी है। शिशु का प्रथम गुरु वही बनती है। वही अपनी सन्तान में ऐसे संस्कारों को पल्लवित करती है कि भविष्य में उसकी सन्तान समाज के विकास में अपना योगदान दे सके तथा वही आवश्यकता पड़ने पर उसे ऐसी राह पर भी ले जा सकती है कि वह समाज के लिए, देश के लिए अपनी जान तक न्योछावर कर सके, दूसरी ओर उसी की गलती से व्यक्ति में ये कुसंस्कार भी पड़ जाते हैं।

मुख्य शब्द – 'यत्र नार्यस्त पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता', सम्माननीय दृष्टि, पाश्चात्य संस्कृति, मूलभूत प्राचीन आदर्श, उन्नति और अवनति का मूल नारी, शिशु का प्रथम गुरु, संस्कारों को पल्लवित करना।

कवि परिचय –

डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी का जन्म 11 जनवरी, 1942 को ग्राम वैना (कानपुर देहात) में हुआ। 1963 में स्नातक परीक्षा आगरा विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की, जिसमें विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए आपको कुलाधिपति का पदक एवं छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 1965 में आगरा विश्वविद्यालय से ही प्रथम श्रेणी में एम.ए. पास करने के बाद 1968 में ''कालिदास की कृतियों के भौगोलिक स्थलों का प्रत्यभिज्ञान'' इस विषय पर

पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की तथा 1976 में डी.लिट् (साहित्य वारिधि) की उपाधि आपने कानपुर विश्वविद्यालय से प्राप्त की। आपके शोध ग्रंथ का नाम था– ''सप्त सैंधव प्रदेश–ऋग्वेद के आधार पर भौगोलिक अध्ययन''। अनेक महाविद्यालयों में अध्यापन करते हुए आपने 10 अक्टूबर, 1990 से 30 जून, 2002 तक मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंच जालौन (उत्तर प्रदेश) में प्राचार्य पद पर कार्य किया।

डॉ. साहब की लगभग 22 प्रकाशित कृतियाँ एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संस्कृत एवं हिन्दी की पत्र–पत्रिकाओं में लगभग 50 से अधिक रचनाएँ प्रकाशित हैं। आपकी प्रकाशित कृतियाँ हैं– 'महाकवि कालिदास', 'कालिदास की कृतियों में भौगोलिक स्थलों का प्रत्यभिज्ञान', 'कालिदास एवं भवभूति के नारी पात्र', 'ऋग्वैदिक भूगोल', 'नाटककार हस्तिमल्ल', 'लेखाश्जलिः', 'भारतीय संस्कृति की रूपरेखा', भाषाविज्ञ की भूमिका, 'संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास', 'साहित्यिक एवं सांस्कृतिक निबन्ध', 'गुरुमहात्म्यशतकम्', 'कुसुमांजलिः', 'जीवन अपराजित', 'शाकुन्तलीयम्', 'साहित्यसंस्कृतिचिन्तन', 'अभिनवचिन्तनम्' एवं काव्यमाला इत्यादि।

'काव्यमाला' ग्रन्थ परिचय –

'काव्यमाला' दिल्ली संस्कृत अकादमी के सहयोग से प्रकाशित विभिन्न विषयों पर लगभग 61 संस्कृत कविताओं का संकलन ग्रन्थ है, जिसमें अधिकांश रचनाएँ सामाजिक समस्याओं एवं समसामयिक घटनाओं को प्रतिबिम्बित करती हैं। साथ ही लोकजीवन का चारु चित्रण भी इन रचनाओं में देखा जा सकता है। इस संकलन की अधिकांश रचनाएँ विगत 25 वर्षों से स्वरमंगला, संस्कृता–मृतम् आदि पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित एवं संस्कृत साहित्य प्रेमियों द्वारा प्रशंसित हैं। इन रचनाओं की उपयोगिता एवं साहित्यिक महत्व को ध्यान में रखकर तथा पाठकों एवं श्रोताओं के अनुरोध को स्वीकार कर इस पुस्तक के रूप में इन रचनाओं को प्रकाशित किया गया है। संस्कृत काव्यप्रेमियों के लिए समर्पित इस साहित्यिक कृति का मूल्य 150 रुपये है एवं कुसुमकुलाय, शास्त्री नगर, अजीतमल औरैया से प्रकाशित इस पुस्तक का प्रकाशन वर्ष 2003 में संस्कृत दिवस (22 अगस्त 2003) तथा श्रावण पूर्णिमा के शुभ दिन हुआ।

सामाजिक समस्याएँ व निदान –

कवि समाज का ही एक अंग होता है। जिस समाज में वह रहता है, जीवन यापन करता है, सुखः–दुख भोगता है, उस समाज की संरचना एवं उस संरचना में आ रहे फेरबदल तथा व्यतिक्रम से वह भी समाज के अन्य वर्गों की भाँति प्रभावित होता है। जब कवि प्रभावित होता है तो कविता भी प्रभावित होती है लेकिन कवि आशावादी होता है। उसके लिए आशावादिता आवश्यक भी है क्योंकि वह समाज का पथ–प्रदर्शक है। अगर वह आशावादी नहीं होगा तो समाज नैराश्य के गर्त में डूब जायेगा। अतः वह आशा करता है कि एक दिन लोगों में चेतना अवश्य आयेगी और वे जागकर इन सामाजिक समस्याओं की भयावहता को और इससे समाज को होने वाली क्षति को अवश्य समझेंगे। वही दिन इस समाज के लिए आशा के दीप प्रज्ज्वलित होने का दिन होगा। आज विश्व का प्रत्येक राष्ट्र नानाविध समस्याओं से ग्रस्त हैं। भारत में अनेक सामाजिक समस्याएँ अपना कुप्रभाव दिखाकर उसे अवनति की ओर उन्मुख कर रही है। यह चिन्ता का विषय है। ऐसी परिस्थितियों में देश में वर्तमान सामाजिक, समस्याओं के प्रति जागरूक रहकर उनके निवारण के लिए यथा–सामर्थ्य प्रयत्न करना प्रत्येक नागरिक का चरम उद्देश्य होना चाहिए।

साहित्य वारिधि डॉ. कैलाशनाथ जी द्विवेदी ने सम्प्रति समाज में व्याप्त जातिवाद, क्षेत्रवाद, साम्प्रदायिकता, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, निर्धनता, पर्यावरण प्रदूषण आदि सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरुकता एवं संवेदनशीलता प्रकट की है। उन्होंने अपने लघु सरस काव्य 'काव्यमाला' के अन्तर्गत संकलित कविताओं के माध्यम से सहृदय पाठकों का ध्यान इन समस्याओं के प्रति आत्कृष्ट किया है। ''भंग्धि भ्रष्टाचार'', ''मरन्त्वातंकवादिनः'' तथा ''देशदशामवलोकय'' आदि ऐसी ही कविताऐं हैं जिनमें इन सामाजिक समस्याओं का वर्तमान रूप व उनके दुष्परिणामों का उल्लेख कर देशवासियों को उनके उन्मूलन के लिए समुत्प्रेरित किया गया है। डॉ. द्विवेदी ने अपनी 'काव्यमाला' में प्रधानतः चार ज्वलन्त सामाजिक समस्याओं पर लेखनी चलाई है। ये हैं–

1. यौतुक प्रथा,
2. आतंकवाद,
3. भ्रष्टाचार और
4. आधुनिक भारतीय नारी की चिन्ता।

1. यौतुक प्रथा – विवाह को भारतीय समाज में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में दो आत्माओं का मिलन कहा

जाता है। पाश्चात्य आंग्ल कहावत भी है– `Marriages are made in heaven' किन्तु भारतीय संदर्भ में यह एक परम आध्यात्मिक व धार्मिक संस्कार है जिसे समाज ने चारों आश्रमों में श्रेष्ठ गृहस्थाश्रमः की अनिवार्य शर्त माना है। कहा है–

यथा वायुं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्वजन्तवः।
तथा गृहस्थं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्वाश्रमाः।।

इनमें विवाह को सब संस्कारों में प्रमुख माना गया है। प्राचीनकाल में अपत्नीक को यज्ञ का अधिकार नहीं था 'आर्याज्ञये वा एष योऽपत्नीकः' (तैत्तिरीय ब्राह्मण)। अन्यत्र भी इसी ब्राह्मण में पत्नी को पति का अर्धांश कहा है–

''अथोऽर्धो वा एष आत्मनः यत् पत्नी''
–(तै. ब्रा. 2/9/4/7)

स्मृतिकाल में सिद्धान्त था 'कृतदारो गृहेवसेत्''। कहा गया है– ''ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्'' याज्ञवल्क्य ने अपरार्क का मत उद्धृत करते हुए उल्लेख किया है–

पत्नी धर्मार्थकामानां कारणं प्रवरं स्मृतम्।
अपत्नीको नरो भूय कर्मयोग्यो न जायते
ब्राह्मणः क्षत्रियो वापि वैश्यः शूद्रोऽपि वा नरः।।
– (या. स्मृति 1/51)

इस तरह से सबसे महत्वपूर्ण संस्कार विवाह का सारा रस निचोड़ लिया है यौतुक–प्रथा (युते विवाहकाले अधिगतं) यानी दहेज–प्रथा ने। वर्तमान समाज में लोगों में बढ़ रही अर्थ लोलुपता एवं विलासी प्रवृत्ति ने इस पावन धार्मिक परम्परा को कलुषित कर दिया है। इस कुप्रथा के कारण कभी जो नारी देवता तुल्य समझी जाती थी आज तमाम अपशब्दों का भाजन बन प्रताड़ित की जाती है। दहेज–प्रथा समाज का रोग बन गई है जिसके अनेक दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। योग्य एवं सुकन्या का विवाह धन के अभाव में समुचित रूप से नहीं हो पा रहा है। जहाँ यौतुकदानादि के द्वारा विवाह हो जाते हैं वहाँ भी मनुष्य की लोलुपवृत्ति ने सन्तोष करना नहीं सीखा एवं कन्याओं के विवाह–पश्चात् जला दिये जाने व प्रताड़ित करने की खबरें आती हैं। कवि इस समस्या पर चिन्तित है।

यौतुकज्वालाज्वालिताः बालाः यत्र रक्षकाः जाताः कालाः।
अर्थपिशाचाः सर्वभक्षकाः विषदन्ता इव भीषण व्यालाः।।
– (काव्यमाला–देशदशामवलोकय क्र.सं. 47)

कवि का मानस वर्तमान में इस कुप्रथा से गिरती हुई महिलाओं की दशा देख व्यथित है। इस व्यथा को उन्होंने 'यौतुककुप्रथा त्याज्या' नामक कविता (काव्यमाला – क्र. सं.–32) में व्यक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने युवक–युवतियों से इसके निवारण का आह्वान भी किया है।

"यौतुक ज्वर–जर्जरित समाजे सर्वत्र संश्रूयन्ते क्लेशित कन्यापितरः प्रतिदिनमन्वेष्यमाणाः स्वकन्यायै सुयोग्यं जामातारम्। कोऽपि वाश्छति आई.ए.एस., पी.सी. एस वाऽर्थार्जकं प्रशासनिकमधिकारिणं महार्घोऽयं वरो दुर्लभ्यः प्रायः पंचदशलक्षेनापि नैव मिलति।"
– (काव्यमाला–यौतुककुप्रथां प्रति, पेज नं. 87)

वे आह्वान करते हैं–

"किं निर्लोभाः नवयुवकाः सदाचारिणो भूत्वा
नैव समापयिष्यन्ति कुप्रथामिमाम्?.....
किं न भवितव्या नारी प्रतिष्ठा प्रत्येक परिवारे
भव्य भारती सन्तति–संरक्षणाय।"
– (यौतुक कुप्रथां प्रति, पेज 89)

वे कहते हैं कि इस कुप्रथा के कारण ही ससुराल हेतु प्रति सुकुमार कन्याओं के मन की भावनाएँ मर जाती है उनकी स्नेह–सरिता सूख जाती है, क्योंकि पति रक्षक के स्थान पर भक्षक हो जाते हैं–

'वर्णनेन किम् एतदर्थं श्वसुरालये सुकुमार
कन्यकां नववधूं प्रति स्नेहसुधा शुष्यति
आकुलोऽर्थपिशाचः पतिः रक्षको न भूत्वा
भवति भक्षकः क्रूर यम समः श्वसुरः।'
स्वस्वरं करोति। – (यौतुक प्रथां प्रति, पेज 87)

आतंकवाद –

किं द्रोह एषां स्वपवित्रभूमेर्विद्रोह एषान्तु सुसंस्कृतेर्वा।
लक्ष्यं किमेषां जनघातकानां, विचारशून्या इव ये भ्रमन्ति।।
लुण्ठन्ति बैंकान् खलकामिधूर्ताः दहन्ति वेष्माणि मनोहराणि
हरन्ति वित्तं करुणाविहीनाः प्राणैः समं शान्तिमहोऽस्मदीयाम्।।
–(काव्यमाला–मरन्त्वाऽऽतंकवादिनः, क्र.सं. 35 पेज–97)

डॉ. द्विवेदी की ये पंक्तियाँ आज विश्व में भयावह रूप से व्याप्त आतंकवाद पर उनकी व्यथा का चित्रण करती नज़र आती हैं कि क्या इनका अपनी पवित्र भूमि से द्रोह है या फिर संस्कृति के प्रति ही इनका विद्रोह है या फिर ये विचारशून्य हो गए हैं? आखिर क्या कारण है? क्या हो गया है इन, आज के नौजवानों को? आखिर कैसे कोई किसी इंसान की हत्या कर सकता है। वो भी बिना दुश्मनी के, बिना जान–पहचान के; ये इंसान का कौन सा रूप है? आतंकवाद आज एक विश्वव्यापी समस्या बन गया है। वे

राष्ट्र भी अब इसके शिकार हो रहे हैं, जिन पर आरोप लगता था कि वे उसकी हिफाज़त करते रहे हैं, उसे प्रश्रय देते रहे हैं।

पिछले दिनों पाकिस्तान में चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार बेनजीर भुट्टो आतंकवादियों की दहशत का शिकार हो गईं। उनके पति आसिफ अली जरदारी आज पाकिस्तान के राष्ट्रपति हैं, लेकिन लगता है कि कमान उनके हाथ भी नहीं है। आज न सिर्फ भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे दक्षिण एशियाई देश आतंकवादी हिंसा के शिकार हैं बल्कि यह खाड़ी के देशों से अरब, इसराइल होता हुआ ग्रेट ब्रिटेन और अमेरिका तक अपने पैर पसार चुका है। इसके पालनहार आज सबसे अधिक दुःखी हैं क्योंकि जिन्न को बोतल से निकालना तो आसान है किन्तु उसे दोबारा बोतल में बन्द करना आसान नहीं है। आतंकवादियों से आज रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ट, पार्क, होटल, रेलगाड़ी, बस या कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।

'विस्फोटकैर्यैः बसरेलयानं
वायोः पथिः ह्याशु च वायुयानम्
ध्वंसन्ति सर्वा नरलोक लीलां
यात्रापथोऽद्याप्यसुरक्षितस्तैः।।
स्टेशनं नापि सुरक्षितं हि
पार्कस्थलानां कथनं किमस्ति
निर्भीक यात्रा न कदापि कुत्र
स्वराष्ट्रभूर्मिर्न निरापदाऽत्र।।'

– (मरन्त्वाऽतंकवादिनः श्लोक सं. 5–6)

पिछले दिनों मुम्बई में हुए आतंकवादी हमलों में इन असुरक्षाओं को देश ने बड़े समीप से देखा और जिया। आतंकवाद की इस विभीषिका की सारे विश्व ने महसूस किया। कवि ने इस असुरक्षा को भव्य हरिमन्दिर में, छविगृहों में, मेलों में, तीर्थस्थलों में सर्वत्र महसूस किया है। कवि की चिन्ता है कि हम तो आंतकवाद से विमुख हैं, फिर पाक की दुर्नीति को कब तक और क्यों सहें। इसे जड़ से उखाड़ फेंकने का भी कवि आह्वान करता है। कवि ने उस गौरवमयी परम्परा की याद की है जब खेतों में लोकगीत गाये जाते थे और बलिष्ठ, हल जोतने वाले बैलों को चलाते हुए नौजवान दिखाई देते थे। वे कहते हैं कि अपने गौरवमय दिनों को पुनः पाकर ही हम आतंकवाद से मुक्त हो सकते हैं। श्लोक सं. 12 से 16 तक वे 'आतंक हीनाश्च वयं तदैव' करके आतंकहीन होने व आतंकवाद से विहीन देश बनाने का जतन करने से लगते हैं। श्लोक सं. 17 से 23 तक वे इस आतंकवाद का उच्छेद करने की युक्तियाँ तलाशते हुए एक आतंकमुक्त विश्व की परिकल्पना करते हैं। अन्त में वे कहते हैं–

यथान्धधूलि–कालुष्यं वायुना सह लीयते।
थैवशूरवीरैश्च मरन्त्वात वादिनः।।

इनकी भर्त्सना करता हुआ कवि उल्लेख करता है–

'क्रूरा इमे सन्ति विहिंसकाः वै,
पिशाचतुल्या नरमांसलुब्धा।
प्रेतेशकल्पा भयदायिनश्च
चरन्ति पापाचरणं नदन्तः।।'

– (श्लोक सं. 3–मरन्त्वात वादिनः)

भ्रष्टाचार –

भ्रष्टाचार आज के आधुनिक समाज की एक ऐसी समस्या है जो पूरे देश और समाज को खोखला कर रही है। जब यह कहा जाता है कि भारत विश्व के सभी देशों का आध्यात्मिक गुरु है तो यह भारतवासियों के लिए गर्व और स्वाभिमान की बात होती है, किन्तु जब उसी भारत राष्ट्र की गणना दुनिया के उन भ्रष्ट देशों के साथ की जाती है तो हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। डॉ. द्विवेदी स्वराष्ट्र की ऐसी कलुषित छवि देखकर व्यथित मानस प्रतीत होते हैं। अतः वे अपनी रचना भंग्धि भ्रष्टाचारम् में अपनी सरस सुबोध शैली के द्वारा भ्रष्टाचार का वर्तमान स्वरूप पाठकों के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें इस समस्या का निवारण करने के लिए उत्प्रेरित करते हैं।

भ्रष्टाचार का क्षेत्र आज केवल सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सरकारी विभागों तक ही नहीं रहा है अपितु पारिवारिक क्षेत्र में भी यह अपना दुष्प्रभाव दिखा रहा है। पारिवारिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार किस सीमा तक व्याप्त है इसका स्पष्टीकरण करते हुए डॉ . द्विवेदी लिखते हैं–

'कामासक्ति परोऽयं ह्यनुजी
वाश्च्छति अनुजां तनुजां तनुजः
नववधूं प्रत्यासक्तः श्वसुरः
पापाचारी मद्यप्असुरः।'

– (भंग्धि भ्रष्टाचारम–प्रथम बंध का अंश)

आज सामाजिक परिवर्तनों के साथ–साथ मानवीय मूल्यों का भी हास हुआ है। किसी समय त्याग, बलिदान, परोपकार, देशभक्ति, दया, सहिष्णुता आदि समाज के

सर्वोपरि मानव मूल्य थे। इन मूल्यों की रक्षा के लिए व्यक्ति अभाव का जीवन जीने को भी तैयार हो जाते थे, किन्तु समकालिक समाज के ये मूल्य आज अतीत की बातें बनकर रह गए हैं। आज हर एक व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य हो गया है अधिकाधिक धनार्जन। अपार धन आज व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा का मानक बन गया है। जिसके पास जितना अधिक धन है, वह समाज का उतना ही अधिक प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता है। सदाचारण अब समाज में धनार्जन से पिछड़ गया है। उसका स्थान अब 'स्व' की भावना ने ले लिया है। आज व्यक्ति भौतिक संसाधनों की होड़ में नितान्त स्वकेन्द्रित होता जा रहा है। इसके लिए वह येन केन प्रकारेण धन कमाने के रास्ते खोजने लगा है। व्यक्ति की इसी प्रकृति ने इस भ्रष्टाचार को जन्म दिया है। सुख–सुविधाओं में वृद्धि के साथ मनुष्य की विलासी प्रवृत्तियों में भी वृद्धि हुई है और इसके साथ ही वृद्धि हुई है, मनुष्य में लोलुपता की। डॉ. द्विवेदी लिखते हैं–

'सद्आचरणविवर्जितमनुजो निन्दितकृत्यैर्जातो दनुजः।
वासनापंकपतितो भूभारो भ्रमते भ्रष्टाचरण विचारः
भगवन् रक्ष सुशिष्टाचारम्। भ्रातः भक्षय भ्रष्टाचारम्।।'

– (भंग्धि भ्रष्टाचारम्, प्रथम बंध का अंश)

व्यापक स्तर पर यदि विश्लेषण किया जाय तो सरकारी क्षेत्र में ऐसा कोई विभाग नहीं है जिसमें भ्रष्टाचार की शिकायत न हो। कुछ विभाग तो सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए रिश्वत के रूप में अधिकाधिक धनार्जन के प्रमुख स्रोत के रूप में चर्चित है। पी. डब्ल्यू डी. को लोग विस्तार में पैसे वाला डिपार्टमेण्ट कहने लगे हैं। कोई कर्मचारी, मुख्यालय पर नहीं रहना चाहता। वह फील्ड–पोस्टिंग चाहता उसमें भी कमाई वाली जगह, जिसे वह मलाई वाली जगह अभिहित करता है। गांव का पटवारी ग्रामीण राजस्व से सम्बन्धित सर्वोच्च पदाधिकारी माना जाता है। जमीन के क्रय–विक्रय के मामले में छोटे से छोटे कार्य के लिए सेवा–शुल्क के रूप में भ्रष्टाचार की शुरुआत होती है और फिर क्रमशः निम्न से उच्च क्रम में यह प्रक्रिया जारी रहती है। काले धन के बल से अनुचित कार्य उचित में तथा अनियमित कार्य को नियमित कार्य के रूप में परिणत कर दिया जाता है। निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु सरकारी सुविधाओं का दुरुपयोग किया जाता है। कर्मचारियों की इस अर्थलोलुप प्रवृत्ति के सम्बन्ध में सुधी साहित्यकार डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी लिखते हैं–

'धनार्जनार्थे ग्रामप्रधानाः निगिरन्तीह योजनाः नानाः।
शून्यीभवाऽस्ति सकलनिर्माणं, नेच्छति नरपशुरिह निर्वाणम्।।
कृष्णधनार्जनलिप्तोनेता, जातोऽकीर्त्या विश्वविजेता।
मनस्यपरग्रिहभावो लुप्तो लक्ष्मीवक्षि लोलुपो लुब्धः।।'

सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए देशबंधुओं को प्रेरित करते हुए डॉ. द्विवेदी लिखते हैं–

"उत्कोचं विना कोऽपि कार्यालय
अत्र न्यायमन्दिरमपि क्षालय"

– (भंग्धिभ्रष्टाचारम्द्व तृतीय बंध का अंश)

भ्रष्टाचार की यह प्रवृत्ति शिक्षा के क्षेत्र में भी देखी जा सकती है। विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, फर्जी प्रवेश पत्र बनवाकर परीक्षा में सम्मिलित होना आदि धोखाधड़ी के प्रकरण आये दिन अखबारों में प्रकाशित होते रहते हैं। इसके अतिरिक्त पैसे लेकर पेपर आउट करना, परीक्षा–उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में हेरा–फेरी कर अंकतालिकाओं में अंक बढ़वा देना, कक्षा में नियमित अध्यापन के स्थान पर निजी अध्यापन (Tution) को बढ़ावा देना, पूरे वेतन पर रहे भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं। आज अनेक ऐसी संस्थाओं का प्रादुर्भाव हो गया है, जो धन लेकर फर्जी डिग्रियाँ प्रदान करते हैं। रिश्वत देकर उचित स्थान पर स्थानान्तरण करवा लेते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रवृत्ति के सम्बन्ध में डॉ. द्विवेदी लिखते हैं–

'राजनीतिलिप्ताः खलु छात्राः, लुप्ता विनयशीलता शुचिता
विद्यालयाः लयं सम्प्रासाः सर्वेऽशान्ताः दृष्टाऽशुचिता
साधिकारमनुचितसाधनता, कथं प्रश्नवीथी सूत्तरिता
ज्ञानपण्यमवमूल्यनयुक्तम् शिक्षककथा महादुश्चरिता
शिक्षायाः दुर्दशां स्वदेशे हे साधोऽवलोकय बन्धो,
देशदशामवलोकय।'

– (काव्यमाला–देशदशामवलोकय बन्ध सं. 3)

आधुनिक भारतीय नारी –

पाश्चात्य संस्कृति ने जिस क्षेत्र का सर्वाधिक नुकसान किया है, वह है नारी समाज। पश्चिमी सभ्यता में पली बढ़ी भारतीय नारी आज आधुनिकता की होड़ में अपने मूलभूत प्राचीन आदर्शों से दूर होती जा रही है। पाश्चात्य नारी समाज और उसकी सभ्यता–संस्कृति पाश्चात्य शिक्षा और रीति नीतियों के प्रभाव से आज की नारी ने अपनी वित्तीय स्वतंत्रता तो उपलब्ध कर ली किन्तु सखेद स्वीकार करना पड़ता है कि उसने न तो स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ ही समझा है और न ही उसने अनुशासन सीखा है। यह

स्थिति समाज के लिए अच्छी नहीं कहीं जा सकती क्योंकि समाज की उन्नति और अवनति का मूल नारी है। शिशु का प्रथम गुरु वही बनती है। वही अपनी सन्तान में ऐसे संस्कारों को पल्लवित करती है कि भविष्य में उसकी सन्तान समाज के विकास में अपना योगदान दे सके तथा वही आवश्यकता पड़ने पर उसे ऐसी राह पर भी ले जा सकती है कि वह समाज के लिए, देश के लिए अपनी जान तक न्यौछावर कर सके, दूसरी ओर उसी की गलती से व्यक्ति में ये कुसंस्कार भी पड़ जाते हैं।

वेदव्यास ने लिखा है–

'नास्ति गंगा समो तीर्थः नास्ति विष्णू समः प्रभुः।
नास्ति शम्भु समः पूज्यो नास्ति माता समो गुरुः।।'

प्राचीन पौराणिक आख्यानों में उसके गौरवमय चित्र की झांकी प्रस्तुत होती है।

छायावादी कवि सुमित्रानन्दन पन्त ने उसे माँ, सखी, सहचारिणी एवं प्राण कहकर उसके प्रति अपनी श्रद्धा के सुकोमल सुमन तक अर्पित किए हैं। एक विद्वान का तो यहां तक कहना है कि अगर नारी न होती तो प्रसन्नता शब्द दुनिया के किसी शब्दकोश में न मिलता। 'नर' से पहले 'नारी' को स्थान दिया जाना, किसी भी पवित्र धार्मिक कृत्य का सम्पादन नारी के बगैर न हो सकना जैसे उदाहरण बतलाते हैं कि नारी का समाज में एक सम्मानित स्थान रहा है। लेकिन फैशन और प्रदर्शन के इस दौर में नारी अपना मूल स्वरूप खोती जा रही है। डॉ. द्विवेदी ने इसी भाव को अपनी कविता ''आधुनिका'' में व्यक्त किया है। नारी जो, आदिकाल से ही न केवल परिवार बल्कि समाज और राष्ट्र की आधारशिला और पथप्रदर्शक मानी जाती रही है, जो दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती के रूप में अपने आदर्श जीवन चरित के कारण समाज में सम्मान का केन्द्र रही है, वही आज पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति के अंधानुकरण में भारतीय सभ्यता और संस्कृति से दूर होती जा रही है और यह उसका कौन सा रूप है? कहना मुश्किल है–

'नारी वर्ण्योच्चवर्गस्य राष्ट्रज्योतिः सदैव या।
विमूढ़ाः विवुधाः जाताः दृष्ट्वेमां तमसावृत्तां।।
न निश्चेतुं वयं शक्याः कीदृशी रूपधारिणी
दुर्गादेवी रमा वा सा किं वा देवी सरस्वती।'

– (आधुनिका–श्लोक सं.–1 व 2, पृ.सं.–85)

पाश्चात्यीकरण के इस दौर में घर की चारदीवारी और चूल्हे चौके तक सीमित रहने वाली नारी आज घूँघट में लाज से सिमटी छुई–मुई नहीं रह गई है। लज्जा, जो भारतीय नारी का सर्वोत्तम आभूषण था, उसे उसने आज उतार फेंका है। यह आज पुरुष के समान ही कार्यालयों व्यापारिक प्रतिष्ठानों में काम कर धनार्जन करने लगी है। वाक्पटु नारी दिन प्रतिदिन होने वाले वाक्युद्ध में अपनी बात मनवाने के लिए गर्जन करती हुई दुर्गा के समान प्रतीत होती है।

'गृहकार्यं कृतं भृव्यैः किं कार्यं नु तया यदा।
वाग्युद्धे दृश्यते दुर्गा तर्जन्ती भीमरूपिणी।।'

– (आधुनिका, श्लोक 3)

पाश्चात्य प्रभावों ने भारतीय नारी को एक चलता–फिरता इश्तिहार (मॉडल) बना दिया है। धन के लालच में जब वह सजी–धजी पुरुषों के साथ भ्रमण करती है तो ऐसा प्रतीत होता है मानो साक्षात रमा सागर से अवतरित हुई हो अर्थात् जैसे लक्ष्मी सभी को ईप्सित होती है। वैसे ही वह कृशाङ्गी जब अपनी सौन्दर्य सम्पदा का गलियों बाजारों में प्रदर्शन करती है, तब वह भी सभी की ईप्सित बन जाती है–

'रमन्ती रूपसम्पत्या रम्यपणमार्गेषु सा।
स्मृता तन्वी तदा सर्वै साक्षात्भुवि रमैव सा।।'

– (आधुनिका श्लोक 4)

आज की नारी सिने–तारिकाओं की इस बात को आदर्श वाक्य मानती है कि जब बनाने वाले ने आकर्षक व्यक्तित्व या सौन्दर्य प्रदान किया है तो उसके प्रदर्शन में क्या हर्ज है। जब वह आधुनिक सौंदर्य प्रसाधनों से स्वयं को शृंगारित करती है तो अपने आकर्षक व्यक्तित्व व सौन्दर्य सम्पत्ति से गर्वित होकर स्वयं को मेनका (स्वर्ग की अप्सरा) के तुल्य समझने लगती है।

'स्वयंक्रीतपदार्थैस्तु यदाऽत्मानं प्रसाधते।
शृंगारे रूपगर्वा सा मेनका मन्यते स्वयम्।।'

– (आधुनिका श्लोक 5)

डॉ. द्विवेदी भारतीय नारी के इस आधुनिक रूप को देखकर चिन्तित हैं। नारी का वास्तविक सौन्दर्य तो उसकी लज्जा, विनम्रता, मृदु और मितभाषिता आदि गुणों स` होता है।

कृत्रिम प्रसाधनों द्वारा सौन्दर्य तो केवल उसकी बाह्य–शोभा का आधायक होता है किन्तु गुण रूपी अलंकारों से अलङ्कृत उसका आन्तरिक सौन्दर्य ही उसका सच्चा सौन्दर्य है–

'अहो ते का दशा नारी गुणशून्या न शोभसे

गुणैस्तु सार्थको रूपः धरायां पूज्यते खलु
गुणान् ग्रह्मणाति शीलेन यदि सा धर्मचारिणी
सादुर्गा सा रमा सा पूज्या सा च सरस्वती सभा।।'
– (आधुनिका श्लोक क्र. 7 व 8)

डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी की यह चिन्ता स्वाभाविक है। किसी भी विद्वान के लिए भारतीय नारी का यह स्वरूप चिन्ता का विषय है क्योंकि 'यत्र नार्यस्त पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' जैसी आदर्श धारणा का प्रतिपादन करने वाले तथा नारी को देवी और माँ जैसी सम्माननीय दृष्टि से देखने वाले भारत में नारी का ऐसा अभद्ररूप उसके लिए अशुभ संकेत है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. काव्यमाला–द्वारा डॉ. कैलाशनाथ द्विवेदी, संस्करण– 2003, कुसुमकुलाय, शास्त्रीनगर, अजीतमल, औरैया।
2. दहेज प्रथा : समस्याएँ और समाधान, सी. बी. स्वर्णकार, सूर्य प्रकाशन, दिल्ली।
3. आधुनिक निबन्ध भारती : डॉ. ओमप्रकाश शर्मा 'शास्त्री', सन्मार्ग प्रकाशन–दिल्ली।
4. अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद और साहित्य : डॉ. नगेन्द्र सिंह 'कमलेश', रघुवंशी सेल्स कार्पोरेशन, आगरा।
5. सी.बी.आई. बुलेटिन – 1997।
6. क्रौश्च रश्मि।
7. समकालीन भारत की सामाजिक समस्याएँ : डॉ. सुरेश चन्द्र राजौरा, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।
8. राजस्थान पत्रिका : 14 जनवरी, 2004, आलोक खट्टर द्वारा लिखित लेख, रिश्वतखोरी में नौकरशाही।
9. भारतीय संस्कृति के मूल तत्त्व : रूपनारायण त्रिपाठी, रामदेव साहू श्याम प्रकाशन, जयपुर।

सुपर प्रकाशन
(विश्वविद्यालय स्तरीय लाइब्रेरी पुस्तकों के प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेता)

हम पुस्तकों को स्पष्ट शब्द सज्जा, डिजाइन एवं उत्तम कोटि की छपाई व अत्याधुनिक बाइंडिंग के साथ प्रकाशित करते हैं। विभागाध्यक्ष, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रवक्ता, कवि, लेखक, रचनाकार - कहानीकार अपने संस्मरण, गीत, ग़ज़ल एवं कृतियाँ या अन्य किसी भी विधा पर उत्कृष्ट ग्रन्थ अथवा रिसर्च स्कालर (शोध कर्ता) थीसिस प्रकाशन हेतु तैयार हो तो मूल प्रति (Script) भेजकर एक माह में ही अपनी प्रति को पुस्तक के आकार में प्राप्त करें।

सुपर प्रकाशन देश-विदेश के समस्त शिक्षा जगत् से जुड़े डिग्री कालेजों (Higher Education) में यू जी सी के द्वारा उपलब्ध निर्धारित मानकों के अनुसार नेशनल एवं इन्टरनेशनल पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल में अपने शोध लेख (Research Paper) को **'दि गुँजन'** एवं **'अभिनव गवेषणा' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)** के द्वारा प्रकाशित कराने का अवसर उपलब्ध कराता है।

सुपर प्रकाशन द्वारा हिन्दी साहित्य - कला संकाय, कामर्स संकाय एवं विज्ञान संकाय तीनों फैकल्टी की पुस्तकों एवं इनसाइक्लोपीडिया का प्रकाशन एवं विक्रय विश्वविद्यालय लाइब्रेरी स्तर पर किया जाता है। हमें एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें।

- सर्वेश तिवारी 'राजन'
(प्रबन्ध संपादक - 'दि गुँजन' एवं 'अभिनव गवेषणा'
(मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)
के-444 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-208 027 (उत्तर प्रदेश)
मो0- 08896244776 E-mail:super.prakashan@gmail.com

Received: 05 February, 2026; **Accepted:** 28 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026

The Gunjan
(Multi Disciplinary Quarterly International Refreed/Peer Reviewed/Rsearch Journal) **ISSN : 2349-9273**

पंचतंत्र में नीतिपरक सूक्तियाँ : मौलिक सृजन एवं प्राचीन भारतीय ग्रंथों से नीतियों का संकलन

Received: 05 February, 2026; **Accepted:** 28 March, 2026, **Published:** 1 April, 2026
D. O. I. (Digital Object Identifier) No. : https://doi.org/10.5281/zenodo.23537010
For Verification of this paper, please visit:
https://www.superprakashan.com/thegunjan/assets/thegunjan-apr-jun-2026.pdf



– डॉ. अर्चना पाण्डेय
असिस्टेन्ट प्रोफेसर–संस्कृत विभाग,
बद्री विशाल स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, फर्रुखाबाद–209625

(उत्तर प्रदेश)

ई–मेलः
archanapandey8529@gmail.com

सारांश

संस्कृत साहित्य की महत्वपूर्ण एवं विश्व प्रसिद्ध कृति है। प्रस्तुत शोध पत्र में पंचतंत्र में प्रयुक्त नीतिपरक सूक्तियों के स्वरूप, स्रोत , उद्देश्य तथा प्रासंगिकता का विवेचन किया गया है। पंचतंत्र की नीतियाँ केवल स्वतंत्र विचारों का संग्रह नहीं हैं, अपितु प्राचीन भारतीय साहित्य एवं ग्रंथों में विद्यमान नीतिपरक चिन्तन को कथात्मक और रोचक शैली में पुर्नसंयोजित तथा प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। विष्णु शर्मा ने इन नीतियों को कथाओं, संवादों और सूक्तियों के माध्यम से इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि जटिल, नैतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक सिद्धान्त सामान्य जनसाधारण के लिए सरल और प्रभावशाली बन जाते हैं। पंचतंत्र के पाँच तंत्र–मित्र भेद, मित्र लाभ, काकोलुकीय तंत्र, लब्ध प्रणाश तथा अपरीक्षित कारक मानव जीवन के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित नीतियों को अभिव्यक्त करते हैं। पंचतंत्र की नीतिपरक सूक्तियों में मनुष्य के स्वभाव और व्यवहार का सूक्ष्म निरीक्षण दिखाई देता है। इसमें बिना परीक्षा किसी पर विश्वास न करना, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखना, समय और परिस्थिति के अनुसार निर्णय लेना, शत्रु की क्षमताओं को समझना, बुद्धि का व्यावहारिक प्रयोग एवं लोभ एवं अहंकार से बचना जैसी जीवन में उपयोगी शिक्षाएं मिलती हैं। कथाओं में पशु पक्षियों को पात्र बनाकर मानवीय गुण और दोष का चित्रण किया गया है, जिससे यह नीतियाँ रोचक व प्रभावशाली बन जाती हैं। इस प्रकार पंचतंत्र में सूक्तियाँ पाठक को केवल उपदेश नहीं देती बल्कि अनुभव, तर्क और परिणाम के माध्यम से आचरण की पहचान कराती हैं तथा विवेकपूर्ण जीवन के लिए प्रेरित करती हैं। पंचतंत्र एक ऐसी कृति है जिसमें पूर्ववर्ती भारतीय ज्ञान–परम्परा के संकलन और पुर्नसृजन का सुन्दर समन्वय दिखाई देता है।

मुख्य शब्द – पंचतंत्र, विष्णु शर्मा,नीति परक सूक्तियाँ, भारतीय नीति चिन्तन, मौलिक सृजन, कूटनीति, प्राचीन भारतीय साहित्य,लोक व्यवहार, यथार्थवादी नीति।

सकलार्थशास्त्रसारंजगति समालोक्य विष्णुशर्मेदम् ।
तंत्रैः पञ्चभिरेतच्चकार सुमनोहरं शास्त्रं।।

प्राचीन भारतीय संस्कृत साहित्य के इतिहास में पंचतंत्र का विशेष स्थान है। पंचतंत्र की कथाएं हमें उपदेश, दोहे, सुभाषित और कथाओं में

प्रसंगानुकूल समाहित सूक्तियों के माध्यम से संस्कार, संयम, समाज के प्रति दायित्व की महान शिक्षा देती हैं। कथाओं को मनोरंजक रूप में रच बुनकर मानव के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बनाया गया है। नीति शिक्षाओं को कथा के माध्यम से संपूर्ण विश्व में प्रसारित करने वाले संस्कृत ग्रंथों में पंचतंत्र अग्रगण्य है।

पंडित विष्णु शर्मा ने दक्षिण भारत के महिलारोप्य नगर के राजा अमर शक्ति के तीन मंदबुद्धि पुत्रों को राजनीति में निपुण बनाने के लिए पशु पक्षियों को कथाओं का पात्र बनाया । जटिल नीतियों को सरल बनाते हुए राजा के मूर्ख पुत्रों को राजनीति के दाँव पेंच सिखाने का सफल प्रयास किया। यह दायित्व पंडित विष्णु शर्मा ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया था। इन्हीं कथाओं का संकलन पंचतंत्र के रूप में हुआ है। आधुनिक समय में भी यह समस्याओं के लिए समाधान देती हैं। मंद से मंद बुद्धि वाला भी इनसे नीति की शिक्षा ले सकता है। इंग्लैंड के प्रसिद्ध विद्वान सर विलियम जॉन्स ने पंचतंत्र के विषय में लिखा था–

`Their (The Hindoos) Niti Shastra, or system of Ethics is yet preserved, and the fables of Vishnu Sharma are the most beautiful, if not the most ancient collection of apologues in the world.'

अनेक अन्य विदेशी विद्वानों ने पंचतंत्र की कथाओं व उसकी नीति शिक्षाओं की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की है। पंच–तंत्र के प्रत्येक तंत्र में एक मुख्य कथा व अनेक उपकथाएं हैं।

मित्र भेद तंत्र में मित्रों में भेद उत्पन्न करना ही मुख्य उद्देश्य है।मित्रों में मैत्री गठबन्धन तोड़कर और फूट डालकर शत्रु को कमजोर बनाना। इसे विभाजन की नीति कहा जाता है।

नये मित्र बनाना और मैत्री गठबंधन को दृढ़ बनाना मित्र लाभतंत्र की विशेषता है। इसे गठबंधन निर्माण की नीति कहा जाता है।

सामूहिक शक्ति का महत्व ही काकोलुकीय तंत्र की पहचान है। इस तंत्र की नीति कहती है कि समूह में रहना शक्तिशाली बनाता है। इसे सामूहिकता की नीति कहा जाता है। जो प्राप्त है उससे वंचित न होने की चेतावनी, लब्ध प्रणाश कहलाता है। इसे संरक्षण की नीति कहा जाता है। किसी व्यक्ति के विषय में बिना जानकारी उस पर विश्वास न करने की नीति अपरीक्षित कारक कहलाती है। यह तंत्र परीक्षा पूर्व विश्वास न करने की सीख प्रदान करता है।

पंचतंत्र में ये सभी तंत्र पुस्तकीय विद्या को अपर्याप्त मानते हुए व्यवहारिक ज्ञान की शिक्षा देते हैं। प्रत्येक कथा में एक या अधिक सूक्तियाँ दी गई हैं। इससे पाठक कथा से नैतिक निष्कर्ष सरलता से निकलने में समर्थ होता है।

1. मित्र भेद तंत्र– पंचतंत्र की कथाओं का यह भाग हमें मित्रता सम्बन्धों और सामाजिक व्यवहार की गहरी समझ प्रदान करता है। मित्र भेद तंत्र में शिक्षा प्रदान की गई है कि कैसे आपसी फूट, गलतफहमी, छल–कपट के कारण अच्छे मित्र भी परस्पर शत्रु भाव रखने लगते हैं। मित्र भेद तंत्र की कथा संदेश देती है कि स्वामी की चाटुकारिता करने वाले कैसे फलित होते हैं निम्न पंक्तियाँ इसका उदाहरण प्रस्तुत करती हैं–

'आसन्नमेव नृपतिर्भजते मनुष्यं,
विद्या विहीनमकुलीनमसंस्कृतं वा।
प्रायेण भूमिपतयःप्रमदालताश्च,
यत्पार्श्वतो भवति तत्परिवेष्टयन्ति।।'

– मित्रभेद तंत्र–36

और भी–

'भूमिर्मित्रं हिरण्यञ्च विग्रहस्य फलत्रयम्।
नास्त्येकमपि यद्येषां न तं कुर्यात्कथञ्चन।।'

अर्थात् भूमि, मित्र, स्वर्ण यह तीन विग्रह के फल हैं और इनमें से एक भी न हो तो वहाँ विग्रह नहीं करना चाहिए। नीति कहती है जहाँ विशेष फल न मिले और पराभव हो तब बुद्धिमान को चाहिए कि वहाँ युद्ध न करें। शत्रु के पराक्रम को न जानकर जो शत्रुता आरम्भ करता है, वह पराजय को अवश्य प्राप्त होता है। खटमल और जूँ की कथा से यही सीखने को मिलता है कि जिसके शील स्वभाव की जानकारी न हो ,उसे आश्रय नहीं देना चाहिए।

मनुष्य के स्वभाव का परीक्षण करने के पश्चात ही मैत्री व्यवहार करना चाहिए क्योंकि मनुष्य के स्वभाव को उपदेश देकर परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। मनुष्य की प्रकृति सदैव एक सी ही रहती है, जैसे जल को अत्यधिक गर्म करने पर भी वह बाद में प्रकृति वश शीतलता को प्राप्त कर ही लेता है।

'सुतप्तमपि पानीयं पुनर्गच्छति शीतताम्।'

कथाओं के माध्यम से युद्ध के दाँवपेंच भी भलीभांति सीखे जा सकते हैं। शत्रु से बचने के लिए दुर्ग

का महत्व बताया गया है । दुर्ग में स्थित शत्रु दुस्साध्य होता है। दुर्ग में स्थित एक धनुर्धर सौ व्यक्तियों से एक साथ युद्ध कर सकता है। नीति शास्त्र को जानने वाले दुर्ग की प्रशंसा करते हैं–

'शतमेकोपि संधत्ते प्राकारस्थो धनुर्धरः।
तस्माद् दुर्गं प्रशंसन्ति नीतिशास्त्र विचक्षणाः।।'

जीवन में राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक उतार–चढ़ाव आने पर धैर्यच्युत होने पर मनुष्य अपने कर्तव्य पथ से भटक सकता है। विपत्ति आने पर स्थिर चित्त होकर रहना चाहिए। और संतुलित जीवन यापन के साथ ही साथ सफल होने पर व्यर्थ में अभिमान नहीं करना चाहिए। हमें जीवन के इस आदर्श की शिक्षा सूर्य की महिमा केउदाहरण द्वारा लेनी चाहिए–

'संपत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता।
उदये सविता रक्तो रक्तश्चास्त समये तथा।।'

मित्र भेद तंत्र में मित्रता के गूढ़ सिद्धान्त दृष्टिगोचर होते हैं। आधुनिक युग में मित्र की परिभाषा परिवर्तित हो गई है। आपत्ति काल में जो साथ दे वही मित्र है, तंत्र की यह शिक्षा आज के युग में निर्विवाद रूप से प्रासंगिक है। राजनीति, कूटनीति एवं व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक कलह व अन्य समस्याओं को मित्र भेद के सिद्धान्तों से दूर किया जा सकता है।

2– मित्र संप्राप्ति तंत्र– इसमें जीवन में मित्र का होना अत्यावश्यक बताया गया है। मित्रता में बड़ी शक्ति होती है। मित्र संग्रह जीवन को सरल बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होता है। लघु पतनक, मंथरक, हिरण्यक और चित्रांग की मित्रता की कथा प्रसिद्ध है। इन चारों ने मित्रता के बल से ही दुष्ट व्याध से मुक्ति पाई थी। जहाँ एक ओर मित्रता जीवन के लिए उपयोगी बताई गई है वहीं मित्र बनाने में क्या–क्या सावधानी होनी चाहिए इस पर भी सम्यक विचार हुआ है। मैत्री सम्बन्ध बनाने से पूर्व व्यक्ति की प्रकृति, व्यवहार का परीक्षण आवश्यक होता है। मित्रों के मध्य होने वाले स्नेह और प्रगाढता का लक्षण मित्र सम्प्राप्ति तंत्र में इस प्रकार दिखाई देता है–

'ददाति प्रतिगृह्णाति गुह्यमाख्याति पृच्छति।
भुङ्क्ते भोजयते चौव षड्विधं प्रीति लक्षणम्।।'

मित्र लाभ तंत्र में मित्र सम्बन्धी अनेक सूक्तियाँ मिलती हैं। नीतिपरक शिक्षाएं प्राप्त होती हैं।

निरन्तर प्रिय बोलने वाले पुरुष बहुत होते हैं। किन्तु श्रुतिकटु और मित्र के लिए हितकर वचन कहने सुनने वाले मनुष्य दुर्लभ ही होते हैं –

'अप्रियाण्यपि पथ्यानि ये वदंति नृणामिह।
त एव सुहृदः प्रोक्ता अन्ये स्युर्नामधारकाः।।'

अर्थात् इस संसार में जो मनुष्य अप्रिय तथा हितकारी वचन को कहते हैं वे ही अच्छे मित्र हैं । अन्य तो नाम मात्र के लिए मित्र होते हैं। अच्छे मित्र की महिमा इस तंत्र में अनेकों प्रकार से वर्णित हैं। जैसे–

'न मातरि न दारेषु न सौदर्ये न चात्मजे।
विश्रम्भस्तादृशः पुंसां यादृङ्मित्रे निरन्तरे।।'

माता, स्त्री ,सगे भाई, पुत्र में भी पुरुष का ऐसा विश्वास नहीं होता है जैसा मित्र में होता है।

मित्र की विश्वसनीयता इस प्रकार की होनी चाहिए–

'न विश्वसेदविश्वस्ते विश्वस्तेपि न विश्वसेत्।
विश्वासाद्भयमुत्पन्नं मूलान्यपि निकृन्तति।।'

यह तंत्र उपयोगी, सहयोगी, मित्रों के संग्रह पर बल देता है। आधुनिक रूप को दृष्टिगत रखते हुए मित्र संप्राप्ति तंत्र सच्चे मैत्री संबन्धों को दृढ़ बनाता है। वैश्विक स्तर पर भी यह शत्रु मित्र की गतिशीलता सिखाता है। कपोत राज चित्रग्रीव की मित्र मंडली की भांति मित्रों का दृढ़ समूह बनाना चाहिए। मित्र चुनते समय गुणों का परीक्षण अत्यन्त आवश्यक है । स्वार्थी व्यक्ति से मित्र सम्बन्ध नहीं रखना चाहिए। ऐसा व्यक्ति स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी भी स्तर तक हानि पहुंचा सकता है।

3–काकोलुकीयम् तंत्र– यह तंत्र युद्ध संधि शत्रुता और कूटनीति से जुड़ी नीति की शिक्षा देता है। स्वार्थ सिद्धि के लिए शत्रु को भी मित्र बनाना चाहिए। राजनीति में राजा के मंत्री का सावधान होना अत्यन्त आवश्यक होता है। काकोलुकीय तंत्र से सीखने को मिलता है –

'लुब्धस्य नश्यति यशः पिशुनस्य मैत्री,
नष्ट क्रियस्य कुलमर्थपरस्य धर्मः।
विद्या फलं व्यसनिनः कृपणस्य सौख्यं,
राज्यं प्रमत्त सचिवस्य नराधिपस्य।।'

– काकोलुकीय तंत्र – 244

लोभी मनुष्य का यश, चुगल की मित्रता, नष्ट क्रिया वाले का कुल, लोभी का धर्म , कामासक्त पुरुष का विद्याफल, कृपण का सुख तथा प्रमत्त मंत्री वाले राजा का राज्य नष्ट हो जाता है।

इस तंत्र में कूटनीति से प्रेरित यह नीति वचन

मिलता है–

'स्कन्धेनापि वहेच्छत्रुं कालमासाद्य बुद्धिमान्।'

इस पंक्ति का भाव इस प्रकार है कि बुद्धिमान व्यक्ति को विपरीत समय होने पर अपने शत्रु को भी कंधे पर ढोना चाहिए अर्थात् शत्रुओं के साथ भी प्रेम व्यवहार रखना चाहिए एवं अनुकूल समय प्राप्त होने पर उसे नष्ट करना चाहिए। बुद्धिमान व्यक्ति उपयुक्त समय की प्रतीक्षा करता है।

काकोलुकीय तंत्र में वर्णित एक कथा में वल्मीक में रहने वाले सर्प ने और राजपुत्र के उदर में स्थित सर्प ने परस्पर मर्म को उद्घाटित कर दिया जिसके परिणाम स्वरुप दोनों अपने प्राण खो बैठे। कथन का आशय यह है की जो परस्पर मर्मों की रक्षा नहीं करते हैं वे नाश को प्राप्त करते हैं–

'परस्पर मर्माणि ये न रक्षन्ति जन्तवः।
त एव निधनं यान्ति वल्मीकोदर सर्पवत्स्।।'

राजा के पुत्र के उदर में बैठा सर्प कांजी के सेवन से नष्ट हुआ।

'यत्जीर्णोत्कालितकाञ्जिकाराजिकापानेन–
भवान् विना समुपयाति।'

यह स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी कथा के माध्यम से प्राप्त होती है कि राई की काँजी के सेवन से उदर के हानिप्रद कीटाणु नष्ट होते हैं।

संकट आने से पूर्व की तैयारी करना, निरीक्षण करना ,परिस्थितियों को समझ कर किसी भी निर्णय पर पहुंचने की सीख इस तंत्र से मिलती है।

4– लब्ध प्रणाश तंत्र– लब्ध प्रणाश तंत्र हमें सीखाता है कि जो कुछ हमने परिश्रम से प्राप्त किया है, उस लब्ध वस्तु की सुरक्षा के लिए और हानि से बचने के लिए सतर्कता और विवेक अत्यन्त आवश्यक है। जल्दबाजी में किए गए कार्य या लिए गए निर्णय हानिकारक होते हैं। लब्ध वस्तु का नाश कैसे होता है लब्ध प्रणाश तंत्र की वानर और मगरमच्छ की कथा बताती है। बुद्धि और बल का प्रयोग करते हुए अवसर खोने से बचना चाहिए।

शत्रु नाश के लिए शत्रु का ही आश्रय लेना चाहिए. यह नीति लब्ध प्रणाश तंत्र के एक श्लोक में दृष्टिगोचर होती है–

'शत्रुमुन्मूलयेत्प्राज्ञस्तीक्ष्ण तीक्ष्णेन शत्रुणा।
व्यथाकरं सुखार्थाय कण्टकेनेव कण्टकम्।।'

– लब्ध प्रणाश तंत्र–30

लब्ध प्रणाश तंत्र की नीतियाँ प्रबन्धन, शासन व्यवस्था में अत्यन्त उपयोगी हैं। जो संसाधन, लाभ या अवसर पहले से प्राप्त है उनका संरक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। यह नीति चिन्तन विशेष रूप से"जो मिला है, उसे कैसे बनाए रखें और बढ़ाएं" इस बात पर बल देता है।"

5– अपरीक्षितकारक –

'अपरीक्ष्य न कर्तव्यं कर्तव्यं सुपरीक्षितम्।
पश्चात् भवति सन्तापो ब्राह्मण्या नकुलार्थतः।।'

अपरीक्षित कार्य का परिणाम बुरा होता है, ब्राह्मणी और नेवले की मुख्य कथा यही शिक्षा देती है कि किसी भी कार्य को करने से पूर्व भलीभांति विचार करना चाहिए। बिना विचारे जो करे सो पीछे पछताए इस उक्ति को चरितार्थ करती है।

विद्या युक्त किन्तु बुद्धि हीन तीन ब्राह्मण पुत्रों की कथा विद्या और व्यावहारिक बुद्धि का तुलनात्मक महत्व बताती है । जिन्होंने विद्या के बल से सिंह का निर्माण किया और इसे व्यवहारिक ज्ञान के अभाव में जीवित करने पर मृत्यु को प्राप्त हुए–

'वरं बुद्धिर्नसा विद्या विद्याया बुद्धिरुत्तमा।
बुद्धि हीना विनश्यन्ति यथा ते सिंहकारकाः।।39।'

इसी प्रकार लोक व्यवहार से है, विद्वानों की स्थिति होती है जो व्यक्ति शास्त्रों में अत्यन्त कुशल और पारंगत होते हैं किन्तु लोकाचार से पूरी तरह दूर हैं, वह समाज में उपहास के योग्य ही होते हैं। भाव है कि विद्या का प्रयोग करते समय बुद्धि एवं विवेक का उचित उपयोग अत्यन्त अनिवार्य है–

'अपि शास्त्रेषु कुशला लोकाचार विवर्जिता।
सर्वे ते हास्यतां यान्ति यथा ते मूर्ख पण्डिताः।।40।'

अपरीक्षित कारक तंत्र में कथाओं में लिखा गया निम्न श्लोक मानवीय तृष्णा का मनोविज्ञान प्रस्तुत करता है–

'जीर्यन्ते जीर्यतः केशा दन्ता जीर्यन्ति जीर्यतः।
जीर्यतश्चक्षुषी श्रोत्रे तृष्णैका तरुणायते।।

मनुष्य की आयु बढ़ाने के साथ उसकी इंद्रियां शिथिल हो जाती हैं। केश श्वेत होने लगते हैं, दांत भी टूटने लगते हैं किंतु तृष्णा सदैव तरुण बनी रहती है। यह असंतोष और मानसिक अशांति के मूल कारण को रेखांकित करता है।

व्यवहारिक और यथार्थवादी नीति को निम्न श्लोक के माध्यम से समझ सकते हैं–

'कृते प्रतिकृतिं कुर्यादि्हंसिते प्रतिहिंसितम्।
न तत्र दोषं पश्यामि दुष्टे दुष्टं समाचरेत्।।85।'

यहाँ आत्मरक्षा व संतुलन की बात करते हुए रचनाकार ने क्रिया की प्रतिक्रिया को दिखाया है।

अपरीक्षितकारक तंत्र में उपकथा मनुष्य की सकारात्मक सोच के महत्व का प्रतिपादन करती है। उद्धृत निम्न श्लोक शिक्षा देता है कि वास्तविक शक्ति मनुष्य के स्वयं के विश्वास और श्रद्धा में निहित है–

'मंत्रे तीर्थे द्विजे देवे दैवज्ञे भेषजे गुरौ।
यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी।।'

यदि कोई रोगी दवा का सेवन पूर्ण विश्वास के साथ करता है तो वह दवा अधिक प्रभावी होती है । इसी प्रकार मंत्र, पवित्र तीर्थ, ब्राह्मण, देवता, ज्योतिष और गुरु के सम्बंध में समझना चाहिए।

पंचतंत्र के अंतिम तंत्र के रूप में यह मानव को अंधविश्वास व विवेकहीनता से बचाता है। यह तंत्र आधुनिक युग में अत्यन्त प्रासंगिक है, परिस्थितियों व सूचनाओं की सत्यता की जांच करने के बाद ही विश्वास करना चाहिए। अपरीक्षितकारकम् तंत्र की सूक्तियाँ मनुष्य के जीवन में सुरक्षा कवच का कार्य करती हैं।

निष्कर्ष–

निष्कर्षतः पंचतंत्र व्यवहारिक ज्ञान कूटनीति का एक अनूठा ग्रंथ है। पंचतंत्र में समाहित नीति परक सूक्तियां न तो पूर्ण रूपेण विष्णु शर्मा का मौलिक सृजन है और न ही प्राचीन ग्रंथो की कोई नकल। विष्णु शर्मा ने प्राचीन भारतीय ग्रंथों में बिखरे हुए गूढ नैतिक दर्शन को संकलित किया और लोक कल्याण के लिए प्राचीन ज्ञान का पुनर्सृजन किया है। यही कारण है पंचतंत्र की सूक्तियाँ मानव स्वभाव को समझने व समस्याओं का समाधान ढूंढने में उतनी ही आज भी प्रासंगिक हैं, जितनी अपनी रचना काल में थीं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. पंचतंत्र (आचार्य विष्णु शर्मा के लोक प्रसिद्ध संस्कृत ग्रंथ का हिंदी रूपान्तर) सत्यकाम विद्यालंकार, राजपाल एण्ड सन्स, कश्मीरी गेट, नई दिल्ली–6, युगांतर प्रेस, मोरी गेट, दिल्ली।
2. पंचतंत्र – आचार्य श्री विष्णु शर्मा, संकलित – पंडित ज्वाला प्रसाद मिश्र, प्रकाशक – क्षेमराज श्री कृष्ण दास, श्री वेंकटेश्वर स्टीम प्रेस बॉम्बे, 1910।
3. पंचतंत्र – टीकाकार – स्व.गोकुल दास बी.ए., सम्पादक– पं. रामचन्द्र झा व्याकरणाचार्य, प्रकाशक– चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी।
4. पंचतंत्र – संस्कृत टीकाकार–आचार्य गुरु प्रसाद शास्त्री, हिन्दी टीकाकार– आचार्य श्री सीताराम शास्त्री, सम्पादक – प्रो. बाल शास्त्री, प्रकाशन– चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी।
5. संस्कृत साहित्य का समीक्षात्मक इतिहास – डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, मुख्य प्रकाशक – राम नारायण लाल विजय कुमार, 2, कटरा रोड, इलाहाबाद–211000।
6. संस्कृत साहित्य का इतिहास – आचार्य बल्देव उपाध्याय।
7. पंचतंत्र – डॉ. मोतीचन्द्र, प्रकाशन – राजकमल प्रकाशन, प्रकाशक – ओम प्रकाश, राजकमल पब्लिकेशन्स लिमिटेड, बम्बई।
8. पंचतन्त्रम् – टीकाकार – श्री मन्नालाल अभिमन्यु एम. ए., प्रकाशक – मास्टर खेलाड़ीलाल एण्ड सन्स, संस्कृत बुक डिपो, कचौड़ी वाली गली, बनारस–01।



शोध पत्र लेखकों को निर्देश

'दि गुंजन' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरेनशल रेफ्रीड/पियररिव्यूड रिसर्च जर्नल) है, जिसमें डी. ओ. आई. नम्बर के साथ सभी विषयों के मौलिक शोध पत्र, शोध समीक्षा, विचार एवं लेखों आदि का प्रकाशन किया जाता है। शोधकर्ता हिन्दी, अंग्रेजी अथवा संस्कृत भाषा में अपने शोध पत्र भेज सकते हैं। शोध पत्र भेजते समय कृपया निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें–

◈लेखक अपना शोध पत्र **सर्वेश तिवारी 'राजन'** प्रबन्ध सम्पादक– 'दि गुंजन', के–444 'शिवराम कृपा' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर–208027 (उ.प्र.) को अथवा **super.prakashan@gmail.com** पर प्रेषित करें।

◈प्राप्त शोध पत्र जर्नल में प्रकाशन के पूर्व पुनर्निरीक्षित किये जायेंगे। स्वीकृत शोध पत्र कहीं और प्रकाशित नहीं होना चाहिए और न ही उस शोध पत्र का कोई भी भाग सम्पादक की अनुमति के बिना कहीं और प्रकाशित किया जा सकता है।

◈अपने शोध–पत्र की पाण्डुलिपि निम्न भागों में तैयार करें– शीर्षक, सारांश, पाण्डुलिपि, निष्कर्ष एवं पुस्तक सन्दर्भ सूची। कृपया पुनर्निरीक्षण की गुणवत्ता में सहायता करने हेतु शोधालेख पर विशेष ध्यान दें।

◈**शीर्षक** : शीर्षक पाण्डुलिपि पर अवश्य दें, किन्तु अपना पूरा नाम, पद, विषय, संस्था, पता जहाँ पर निवास एवं अध्यापन कार्य सम्पादित किया गया हो, आपका दूरभाष, मोबाइल, फैक्स, ई–मेल पत्राचार की सुविधा हेतु अलग पृष्ठ पर अवश्य दें।

◈**सारांश** – सारांश कृपया शोध–पत्र का सारांश अधिकतम 200 शब्दों में दें।

◈**पाण्डुलिपि**– इसके अर्न्तगत मुख्य पाठ्य सामग्री होगी जो 5 से 8 पृष्ठों तक होनी चाहिए। शोध पत्र में 7–8 पृष्ठ का (सारांश, शब्द संक्षेप, निष्कर्ष एवं सन्दर्भ सूची सहित) से अधिक नहीं होना चाहिए, अन्यथा प्रकाशन हेतु स्वीकार नहीं किया जायेगा। लेखक को यह बात स्वीकार होनी चाहिए कि पुनर्निरीक्षण के दौरान किये गये संशोधन उन्हें मान्य होंगे। आलेख प्रकाशन के दौरान त्रुटि की सम्भावना न बने, इसका पूरा ख्याल रखा जाता है, फिर भी त्रृटि पाये जाने पर लेखक संशोधित री–प्रिन्ट प्राप्त कर सकता है।

◈**पुस्तक** – प्रकाशक का नाम, संस्करण, संख्या, प्रकाशन वर्ष, लेखक का नाम, पृष्ठ संख्या दें।

◈**पत्रिका** – पत्रिका का नाम, लेख का शीर्षक, लेखक एवं प्रकाशक का नाम, अंक, संख्या, माह, वार्षिक, अर्द्धवार्षिक, त्रैमासिक व मासिक जो भी हो स्पष्ट करें।

◈**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची** – कृपया शोध पत्र में कम से कम 8 सन्दर्भ ग्रन्थ सूची अवश्य दें।

◈**समाचार पत्र**– समाचार पत्र के प्रकाशक, प्रकाशन तिथि, वर्ष व पृष्ठ संख्या का उल्लेख करें।

◈**इण्टरनेट** – वेबसाइट, पृष्ठ संख्या, मुख्य शीर्षक, अन्तःषीर्षक का उल्लेख करें।

◈**मानचित्र एवं सारणी**– मानचित्र एवं सारणी अथवा चित्र शोध पत्र की समाप्ति के अन्त में दें। यह ब्लैक एण्ड व्हाइट ही होना चाहिए। इसका स्पष्ट संकेत पाण्डुलिपि में अवश्य दें (उदाहरण, सारणी संख्या आदि)।

◈**विशेष**– कृपया अपना शोध पत्र ई–मेल करने के बाद फोन अथवा मोबाइल से अवश्य सूचित करें। शोध पत्र के साथ फोटो, ई–मेल एड्रेस तथा हार्डकापी के रूप में स्पीड पोस्ट द्वारा लिफाफे में भेजें। शोध पत्र हिन्दी, संस्कृत (कृतिदेव अथवा मंगल हिन्दी फान्ट 14) एवं अंग्रेजी (टाइम्स 12) में तैयार कर मेल करें। शोध पत्र प्राप्त होने के तुरन्त बाद, उसी दिन लेखक की मेल पर स्वीकृति, कवर, इंडेक्स व पेपर प्रेषित कर दिया जायेगा। **super.prakashan@gmail.com** से प्राप्त शोध पत्र हेतु ई–मेल/वाट्सटप से स्वीकृति भेजी जायेगी। शोध पत्र प्रेषित करने से पूर्व प्रबन्ध सम्पादक से मोबाइल/दूरभाष पर सम्पर्क अवश्य कर लें। रिसर्च जर्नल में लेख सम्मिलित करने का सम्पादक मण्डल अथवा सलाहकार समिति का निर्णय ही अन्तिम व सभी को मान्य होगा।

◈**सुझाव** – लेखकों एवं पाठकों को यह अंक कैसा लगा, इस सम्बन्ध में अपने–अपने विचार अवश्य लिखें। इससे मुझे अपनी त्रुटियों को जानने और भावी योजना बनाने में सहायता मिलेगी।

◈**विनम्र निवेदन**– सभी सम्मानित सदस्यों से निवेदन है कि अपने माध्यम से संस्था में अधिकतम सदस्यों को पत्रिका परिवार से जोड़कर संस्था का सहयोग करें।

दि गुंजन

The Gunjan

मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड / पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल

Multi Disciplinary Quarterly International Refered/Peer Reviewed Research Journal

ISSN - 2349-9273

E-mail : super.prakashan@gmail.com **Web Site: www.thegunjan.com**

कार्यालय : सेक्टर 'के'-444 'शिवरामकृपा' विश्व बैंक बर्रा-कानपुर-208027

सदस्यता फार्म

श्रीमान् सम्पादक महोदय,

'दि गुंजन'

(मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)

सेक्टर 'के'-444 'शिवरामकृपा' विश्व बैंक बर्रा-कानपुर-208027 (उ. प्र.) भारत

महोदय / महोदया,

निवेदन है कि मैं / हमारा महाविद्यालय आपके '**सुपर प्रकाशन**' द्वारा प्रकाशित '**दि गुंजन' (मल्टी डिसिप्लिनरी क्वार्टरली इण्टरनेशनल रेफ्रीड/ पियर रिव्यूड रिसर्च जर्नल)** परिवार का ..... वर्षीय / आजीवन★ / व्यक्तिगत / संस्थागत★ सदस्य बनना चाहता हूँ / चाहती हूँ। मैं / हमारी संस्था '**सुपर प्रकाशन**' विश्व बैंक बर्रा, कानपुर-27 के नाम सदस्यता शुल्क ..... रुपये नकद / मनीआर्डर / चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट खता क्रमांक (**सुपर प्रकाशन - 52570200000355) IFS Code No. BARB0BUPGBX, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा-विश्व बैंक बर्रा (कर्रही) कानपुर-27** के नाम से दे रहा हूँ।

zero

नाम (श्री/श्रीमती/डॉ.) :.....

पद का नाम (जहाँ वर्तमान में कार्यरत हैं) :.....

संस्था / निवास का नाम :.....

पत्र व्यवहार का पूरा पता (पिनकोड सहित) :.....

:.....

फोन / मोबाइल नं. :.....

स्थान व दिनांक :.....

: हस्ताक्षर

प्रबन्ध सम्पादक :

सर्वेश तिवारी 'राजन'

मोबा.: 08896244776

प्रधान सम्पादक :

डॉ. सीमा मिश्रा

मोबा. : 7905483321